हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 2 जुलाई 2026

**आज रात 7.55 बजे देखिए पूरा इंटरव्यू आईएनएच न्यूज चैनल पर**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का **'सार्थक संवाद'**


# मंत्रिमंडल में परिवर्तन तय, केंद्रीय नेतृत्व की मंजूरी का इंतजार, हर मंत्री के कार्यों की 'समीक्षा' की जा चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का कहना है कि सत्ता और संगठन में समन्वय होना चाहिए। सत्ता में संगठन समा न जाए इसका भी प्रयास होना चाहिए। लेकिन सत्ता से दूरी न बनाएं, इसका भी प्रयास होना चाहिए। जैसे एक पटरी के दो पाथ होते हैं न कभी दूर होते हैं न पास होते हैं, हम साथ चलें। जब हमें लगता है ये चीज ठीक नहीं है तो हम सुझाव देते हैं। जब उन्हें लगता है संगठन में ऐसा नहीं, इसमें कुछ बदलाव होना चाहिए तो वो सुझाव देते हैं। तो एक दूसरे के समन्वय के साथ सत्ता और संगठन चलें। क्योंकि सरकार से संगठन नहीं, संगठन से सरकार है। अगर संगठन सही होगा, कार्यकर्ता में अपनी विचारधारा और अपनी कार्य पद्धति के प्रति सम्मान होगा तो सत्ता तो आएगी ही। इसलिए सत्ता से संगठन न चले। संगठन के साथ सरकार समन्वय करके चले इसका हम प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि मोहन मंत्रिमंडल में परिवर्तन तय है। केंद्रीय नेतृत्व की मंजूरी का इंतजार है। हर मंत्री के कार्यों की 'समीक्षा' की जा चुकी है। रिपोर्ट कार्ड बन चुके हैं। यह बात उन्होंने प्रदेश में उनके एक साल के कार्यकाल पर 'हरिभूमि व आईएनएच' के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी से 'सार्थक संवाद' में कही।

inh न्यूज विशेष

- पीएम मोदी विजिनरी प्रधानमंत्री देश और समाज की चिंता उनका लक्ष्य
- राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन बेहद सरल और सहज, हर विषय को सुनते हैं
- सरकार से संगठन नहीं, संगठन से सरकार है, जनप्रतिनिधियों पर जनता का भरोसा जरूरी
- सीएम डॉ. यादव ने पुरानी योजनाओं को चालू रखने के साथ नई योजनाएं बनाईं
- पार्टी लोगों के घर से न चले पार्टी किसी व्यक्ति से न चले पार्टी कार्यालय से चले
- हम अक्टूबर तक पार्टी के नए प्रदेश कार्यालय का लोकार्पण कर देंगे



**प्रश्नः भवन बनवाना ज्यादा आसान था या संगठन चलाना ज्यादा आसान है?**

**उत्तरः** मुझे तो वो भी काम आसान था, ये भी काम आसान है। अगर मन में कोई लंबी अभिलाषा न हो और काम को लेकर कोई तनाव न हो, आप के खुद के बहुत एजेंडे न हों तो हर काम आसान है, जो पार्टी दे उसका स्वागत करना चाहिए और उस पर खरे उतरना चाहिए।

***प्रश्नः एक साल कैसा बीता, कितनी कठिनाई से या कितने आनंद से, क्या अनुभव रहा?***

**उत्तरः** पार्टी ने मुझे जो दायित्व दिया उसमें मेरा प्रयास रहा कि केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के सभी प्रमुख लोग और कार्यकर्ता जो अपेक्षा करते हैं उसमें मैंने खरा उतरने का प्रयास किया। पार्टी के संगठन में नियुक्तियां हों, चाहे अनुशासन, समन्वय, नवाचार का मामला हो, पार्टी में कार्यकर्ता सक्रिय रहे, जनता के बीच हमारी छवि अच्छी रहे, हमारी पार्टी के काम कार्यकर्ताओं के माध्यम से जनता में नीचे तक पहुंचे, इसका प्रयास किया। मुझे लगता है मेरी मेहनत सफल रही क्योंकि सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और मुख्यमंत्री का साथ मिला। एक वर्ष में मुझे बहुत ही अच्छे अनुभव आए। मेरी दृष्टि में एक वर्ष बहुत ही अच्छा रहा।

## उनसे पूरी बात

**प्रश्नः आपके पिताजी विजय खंडेलवाल भाजपा के बड़े नेता रह चुके हैं। सत्ता और संगठन दोनों को आपने देखा है। जब पार्टी सत्ता में रहती है तो नेता की अभिलाषा सत्ता में रहती है, आपके हिस्से में संगठन आया है, क्या कहना चाहेंगे आप?**

**उत्तरः** मेरे पिता जरूर राजनीति में थे लेकिन मेरा राजनीति से कोई वास्ता नहीं था। परिस्थितिवश जरूर में राजनीति में आया। जहां पार्टी के नेतृत्व को लगता है कि आप इस पद या दायित्व के लिए उपयुक्त हैं तो वो निर्णय करते हैं। उनके निर्णय को सार्थक करना ये हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। यदि हम खुद अपनी चिंता करेंगे, अपना सोचेंगे तो फिर हम पार्टी की विचारधारा, अपनी कार्यपद्धति या पार्टी जो हमसे अपेक्षा करती है, हम उस पर कैसे खरे उतरेंगे।

**प्रश्नः पार्टी ने आपको प्रदेश का भवन बनाने की जिम्मेदारी दी थी अब संगठन बनाने की भी जिम्मेदारी दी है तो संगठन बनाने की व्यस्तता के बीच भवन का क्या काम?**

**उत्तर :** पार्टी जो भी काम दें उसे पूरा करना चाहिए। मैं कोषाध्यक्ष था, उसके बाद ठाकरे ट्रस्ट की, उसके बाद पार्टी के भवन की जिम्मेदारी दी। मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं ईमानदारी और मेहनत से करूं। ये मेरा काम होना चाहिए कि मैं उस अपेक्षा पर खरा उतरूं। आज प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है इस अपेक्षा पर खरा उतरूं ये मेरी सोच भी होनी चाहिए और मेरी जिम्मेदारी भी।

**प्रश्न : एक साल संगठन में आप क्या कर पाए?**

**उत्तरः** एक साल में संगठन में नीचे तक जितनी नियुक्तियां होनी थीं उसे पूरा किया। संगठन की लगातार कार्यसमिति से लेकर मंडल और बूथ स्तर तक नियमित रूप से बैठकें हो इसका क्रम बनाया। हर महीने हमारा संवाद प्रभारी, जिला प्रभारी संगठन में अनिवार्य रूप से नीचे तक जाए।

inh छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ईशान किशन बने टी20 के किंग

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने इतिहास रच दिया है। आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी ताजा टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में ईशान पहली बार दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने अभिषेक शर्मा को शीर्ष सिंहासन से नीचे धकेल कर यह मुकाम हासिल किया है। अभिषेक शर्मा पिछले करीब एक साल से टी20 रैंकिंग में नंबर-1 पोजीशन पर काबिज थे। ईशान किशन को यह बड़ी कामयाबी टी20 वर्ल्ड कप और आयरलैंड के खिलाफ सीरीज में उनके लगातार धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत मिली है।



### मां ने 3 बच्चों को नहर में फेंका, 2 के शव मिले

**मोहाली।** पंजाब के मोहाली स्थित मटौर गांव से एक रूह कंपा देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक महिला पर अपने ही तीन मासूम बच्चों को रोपड़ की सरहिंद नहर में फेंकने का संगीन आरोप लगा है। गोताखोरों ने दो बच्चों के शव बरामद कर लिए हैं, जबकि तीसरे की तलाश जारी है। महिला ने खुद भी नहर में छलांग लगाई थी, लेकिन वह तैरकर बाहर निकल आई। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया है। ससुराल पक्ष के मुताबिक, महिला सोमवार दोपहर बच्चों को मेला दिखाने के बहाने घर से ले गई थी।



**मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला:** यूपी को मिली 7,145 करोड़ के 'कानपुर-कबराई फोरलेन हाईवे' की सौगात

# यूपी से मप्र आना होगा आसान, भोपाल कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/भोपाल

*यह रूट न केवल यूपी के औद्योगिक शहरों को जोड़ेगा, बल्कि सागर और भोपाल सहित मध्य प्रदेश के अन्य हिस्सों तक सुपरफास्ट कनेक्टिविटी देगा*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) की बैठक में उत्तर प्रदेश को एक बड़ा तोहफा मिला है। केंद्र सरकार ने कानपुर से कबराई के बीच 117.7 किलोमीटर लंबे एक शानदार फोरलेन 'एक्सेस-कंट्रोल्ड' हाईवे के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस हाई-टेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर कुल 7,145.14 करोड़ खर्च किए जाएंगे। यह परियोजना महत्वाकांक्षी भोपाल-कानपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह रूट न केवल यूपी के औद्योगिक शहरों को जोड़ेगा, बल्कि सागर और भोपाल सहित मध्य प्रदेश के अन्य हिस्सों तक सुपरफास्ट कनेक्टिविटी देगा। यह नया हाईवे इस पूरे क्षेत्र में यात्रा की परिभाषा को बदल देगा। हाईवे को इस तरह डिजाइन किया गया है कि आने वाले समय में ट्रैफिक बढ़ने पर इसे बेहद आसानी से 6-लेन में अपग्रेड किया जा सकेगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) इस प्रोजेक्ट को बीओटी (बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर) मोड पर लागू करेगा।



**इस हाईवे को 80 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार के अनुकूल डिजाइन किया जा रहा**



***कानपुर और कबराई के बीच का सफर साढ़े तीन घंटे से घटकर सिर्फ डेढ़ घंटा रह जाएगा***

### 242 किलोमीटर लंबा एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे

कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड को जोड़ते हुए कानपुर से भोपाल हाईवे के एक बड़े हिस्से को मंजूरी दी है। पहले चरण में कानपुर से कबराई तक 242 किलोमीटर लंबा एक्सेस-कंट्रोल्ड हाईवे बनाया जाएगा। एक्सेस-कंट्रोल्ड (सीमित एंट्री-एग्जिट) होने के कारण सफर सुरक्षित और तेज होगा।

**उद्योग, कृषि और कबरई माइनिंग बेल्ट को मिलेगा बूस्टर डोज :** यह हाईवे कानपुर, घाटमपुर, हमीरपुर, कबराई और महोबा होते हुए आगे भोपाल तक जाएगा। बुंदेलखंड में बन रहे डिफेंस कॉरिडोर और औद्योगिक क्षेत्रों के लिए यह

**यह हाईवे कई प्रमुख मार्गों से कनेक्ट होगा**

1. बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे और कानपुर रिंग रोड
2. नेशनल हाईवेः एनएच-34 और एनएच-35
3. स्टेट हाईवेः एसएच-46, एसएच -91, एसएच-10बी और एसएच-42

**कनेक्टिविटी का महाजाल**

- 16 आर्थिक केंद्र कनेक्ट होंगेः इनमें कानपुर नगर नोड, उन्नाव, बंथर, पंखी, रनिया, जैनपुर, रूमा, चकेरी, सुमेरपुर, भुरगढ़ इंडस्ट्रियल

**मनरेगा की जगह वीबी-जी राम जी योजना लागू**

# अब मजदूरों को मिलेगा 327 रु. तक दाम... और 125 दिन काम

**मजदूरी में 10% की बढ़ोतरी 300 तय हुआ बेस प्राइस**



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्रामीण भारत को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2026 से नई रोजगार योजना विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण एक्ट 2025 (वीबी-जी राम जी) को पूरे देश में लागू कर दिया है। यह महत्वाकांक्षी योजना सालों पुरानी मनरेगा व्यवस्था से काफी बेहतर है, जिसमें मजदूरों की दिहाड़ी के साथ-साथ काम के दिनों में भी बड़ा इजाफा किया गया है।

**ग्रामीण आबादी का जीवन स्तर सुधरेगा**

देश के 21 राज्यों में मजदूरी को नई न्यूनतम सीमा तक पहुंचा दिया गया है। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और असम जैसे राज्यों में पुरानी दरों से 15 से 25% तक का उछाल आया है। वहीं, पूर्वोत्तर के अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में सबसे ज्यादा 24.5% की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे ग्रामीण आबादी का जीवन स्तर सुधरेगा।

**ऋषिकेश से इंदौर आ रही स्लीपर बस हादसे का शिकार**

# बस और ट्रेलर की भिड़ंत में 8 की मौत, इनमें से 6 लोग जिंदा जले

- 6 शवों होगा डीएनए टेस्ट
- बस में मप्र के विभिन्न जिलों के करीब 40 यात्री थे
- जाम हो गया था दरवाजा, ग्रामीणों ने कांच तोड़कर बचाई जान



आग का गोला बनी बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दौसा/इंदौर

राजस्थान के दौसा जिले के कोलवा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में ऋषिकेश से इंदौर जा रही स्लीपर बस और ट्रेलर के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक एक्सीडेंट में 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मध्य प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 21 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दौसा के पुलिस अधीक्षक के मुताबिक हादसा इतना भयानक था कि टक्कर के बाद बस में भीषण आग लग गई। मृतकों में से 6 लोगों की मौत आग में झुलसने के कारण हुई है, जबकि 2 यात्रियों ने सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से मौके पर ही दम तोड़ दिया। आग में बुरी तरह जल चुके 6 मृतकों के शवों की पहचान के लिए अब डीएनए टेस्ट कराया जाएगा।

**रेल मंत्री से शिकायत, पर नहीं मिली राहत**

# कर्नाटक संपर्क क्रांति एसी फर्स्ट में चूहों और कॉकरोचों की दौड़

**मानसिक रूप से परेशान हुए यात्री**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय रेलवे की प्रीमियम ट्रेन कर्नाटक संपर्क क्रांति एक्सप्रेस की वीआईपी सुविधा पर यात्रियों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। एसी फर्स्ट क्लास में भोपाल से तमिलनाडु के कांचीपुरम तक का सफर कर रहे यात्रियों का आरोप है कि पूरी रात उनके केबिन में चूहे और कॉकरोच दौड़ते रहे, जिससे उनका परिवार सो नहीं सका। यात्री अनिल तिवारी और शिवांश तिवारी ने अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि कॉकरोच उनके बालों तक में घुस गए थे और चूहे सीटों व शरीर के ऊपर से गुजर रहे थे। यात्रियों ने जब इसकी शिकायत ऑनबोर्ड स्टाफ से की, तो समाधान करने के बजाए स्टाफ ने उल्टा यात्रियों पर ही ठीकरा फोड़ दिया। स्टाफ का कहना था कि यात्री खाना खाते हैं, इसलिए चूहे आते हैं।

**यूरिनरी इन्फेक्शन के बाद मेदांता में इलाज**

# राम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास आईसीयू में भर्ती

**6 जुलाई की ट्रस्ट की बैठक पर असमंजस**



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास (89 वर्ष) की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उन्हें 29 जून की दोपहर करीब 1:30 बजे बेहोशी की हालत में इमरजेंसी विभाग में लाया गया था। मेदांता अस्पताल द्वारा जारी मेडिकल बुलेटिन के मुताबिक प्रारंभिक जांच में महंत नृत्य गोपाल दास को यूरिनरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन होने की पुष्टि हुई है। फिलहाल क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. दिलीप और उनकी टीम की देखरेख में आईसीयू में उनका इलाज चल रहा है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम लगातार उनके स्वास्थ्य की निगरानी कर रही है।

**घरेलू एलपीजी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं**

# 19 किलो का कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 183.50 रुपए सस्ता हुआ

**3,113.50 रुपए से घटकर 2,930 रुपए का हुआ**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार को कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बड़ी कटौती कर व्यावसायिक उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर के दाम में 183.50 की कमी की गई है। इस कटौती के बाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इसकी कीमत 3,113.50 से घटकर 2,930 हो गई है। राहत का यह असर देश के अन्य हिस्सों में भी दिखा है, जहां लखनऊ में नई कीमत 3,052.50, कोलकाता में 3,081.50 और पटना में 3,227 हो गई है। चालू वर्ष 2026 में कमर्शियल गैस की कीमतों में यह पहली गिरावट है। इससे पहले अमेरिका-ईरान युद्ध और वैश्विक कारणों से जनवरी से जून तक लगातार दाम बढ़े थे।

मई में तो एकमुश्त 993 की ऐतिहासिक बढ़ोतरी दर्ज की गई थी, जिसके बाद जून में कीमतें 3,113.50 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थीं। दूसरी ओर, आम जनता की रसोई के बजट में कोई बदलाव नहीं हुआ है।



फाइल फोटो

**एआई आधारित तकनीक से मशीनें सीखेंगी, समझेंगी और खुद निर्णय लेंगी**

**भारत-यूएई तकनीकी सहयोग को मिलेगा नया विस्तार**

# भारत में 'फिजिकल इंटेलिजेंस' की एंट्री, एमईआईएल व एनालॉग मिलकर विकसित करेंगे स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर

▶▶ हैदराबाद से सचिन सिंह बैस

भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (आई) आधारित वास्तविक दुनिया की तकनीकों को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मेघा इंजीनियरिंग एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड (एमईआईएल) और एनालॉग ने रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत देश में बड़े स्तर पर 'फिजिकल इंटेलिजेंस' तकनीक विकसित और लागू की जाएगी। यह ऐसी तकनीक है, जिसमें मशीनें अपने आसपास के वातावरण को महसूस कर, समझकर और लगातार सीखते हुए खुद निर्णय लेने में सक्षम होंगी।



रेड्डी और किपमैन

**यह भारत में नए भविष्य की नींवः रेड्डी**

एमईआईएल के एमडी पीवी कृष्णा रेड्डी ने 'हरिभूमि' को बताया कि भविष्य का इन्फ्रास्ट्रक्चर इंटेलिजेंट, कनेक्टेड और परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालने वाला होगा। एनालॉग के साथ यह साझेदारी भारत में उसी भविष्य की नींव रखेगी। एनालॉग के संस्थापक एवं सीईओ एलेक्स किपमैन ने कहा कि भारत तकनीक इंजीनियरिंग प्रतिभा और अवसंरचना विकास के लिहाज से दुनिया के सबसे बड़े अवसरों में से एक है।

**इससे अनुसंधान को मिलेगा बढ़ावा**

एमडी पीवी कृष्णा रेड्डी नके अनुसार इस सहयोग के तहत भारत में नई तकनीकों के साथ-साथ स्थानीय प्रतिभाओं को विकसित करने, अनुसंधान को बढ़ावा देने और मजबूत तकनीकी तैयार करने पर भी निवेश किया जाएगा। यह घोषणा हैदराबाद और तेलंगाना को उन्नत तकनीकी निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में और मजबूत करेगी।



अरुणाचलऔर असम में मूसलाधार बारिश और बाढ़ ने मचाई तबाही

# चौहान ने रिजिजू और खांडू संग बाढ़ प्रभावित अरुणाचल में किया हवाई सर्वे, प्रभावितों को हर संभव मदद देने का दिलाया भरोसा

## केंद्र और राज्य सरकार आपके साथ खड़ी रहेगी

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी / अमरावती

अरुणाचल प्रदेश और असम में मूसलाधार बारिश और अचानक आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। अरुणाचल में कई लोगों की जान जा चुकी है, जबकि असम के धेमाजी जैसे जिलों में 45,000 से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। सड़कें और पुल बह गए हैं, जिससे कई गांवों का संपर्क टूट गया है।अरुणाचल में सबसे ज्यादा 12 जिले प्रभावित हुए हैं। केमी नदी में 300 मीटर लंबा लोहे का पुल बह गया। पसी घाट-पांगिन मार्ग पर भूस्खलन और चट्टानें गिरने से नेशनल हाईवे-13 बाधित हुआ है।



जमीन पर नुकसान का जायजा लेते मंत्री शिवराज और रिजिजू

अरुणाचल में आई भीषण बाढ़ के बीच केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और मुख्यमंत्री पेमा खांडू के साथ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई और जमीनी दौरा किया है। चौहान ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया और कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में केंद्र और राज्य सरकार इस संकट में पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ी है। चौहान ने केयी पान्योर जिले समेत कई बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया।

**नए मकान बनवाएंगे मुआवजा देंगे**

उन्होंने स्पष्ट किया कि बाढ़ से हुए नुकसान का विस्तृत सर्वे कराया जाएगा और जिनके घर बह गए हैं, उनके लिए नए मकान बनवाए जाएंगे। खेतों में हुए नुकसान, फसलों की बर्बादी, पशुधन की हानि, का आकलन कर उचित मुआवजा दिया जाएगा।

### चौहान ने सामुदायिक प्रयासों को सराहा

चौहान ने स्थानीय लोगों की ओर से किए जा रहे सामुदायिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बाढ़ से क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत और सुरक्षा दीवार बनाने के काम में खुद भी हाथ बंटाया।

### सरकार लोगों की मदद करेगीः रिजिजू

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस बार अरुणाचलऔर असम में बाढ़ बहुत ज्यादा आई है। जो भी मदद केंद्र सरकार द्वारा दी जा सकेगी वो हम करेंगे। केंद्र और राज्य सरकार राहत दे रही है।

मुंबई-ठाणे से लेकर कोंकण तक आफत की बारिश

## बही कार,धंसी सड़क और पानी में फैला करंट

**मुंबई।** मुंबई,ठाणे,नवी मुंबई और कोंकण के इलाके बेहाल गए हैं। कई जगहों पर जलभराव के कारण गाड़ियां पानी में डूब गईं, तो कहीं अधूरी सड़कों और गड्ढों की वजह से मीलों लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। ठाणे जिले के डोंबिवली में भारी बारिश के कारण शीलफाटा-भारत गियर्स मार्ग पर पानी इतना ज्यादा भर गया कि कई गाड़ियां उसमें आधी से ज्यादा डूब गईं। एक तरफ की सड़क भी पूरी तरह से बंद हो गई है। डोंबिवली के ही एमआईडीसी इलाके में एक घर पर आम का एक विशाल पेड़ गिर गया।



## खबर संक्षेप

### 'काला हिरण' विवाद याचिका पर टली सुनवाई

**नई दिल्ली।** सलमान खान और फिल्म 'काला हिरण' के बीच जारी विवाद अब कोर्ट तक खिंच गया है।



दिल्ली हाईकोर्ट ने फिलहाल सुनवाई को सोमवार तक के लिए टाल दिया है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान फिल्म के मेकर्स ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि सोमवार तक न तो फिल्म रिलीज की जाएगी और न ही ट्रेलर लॉन्च किया जाएगा।

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, 3 होटल ध्वस्त

**जयपुर।** राजस्थान के श्रीगंगानगर में 13 साल की लड़की से हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में



प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बुधवार को मामले से जुड़े 3होटलों को ध्वस्त कर दिया। इस मामले में 14 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जेसीबी से होटल खुंगर, जॉय इन और होटल सफायर को जमींदोज कर दिया।

### चड्ढा को दिल्ली हाई कोर्ट से नहीं मिली अंतरिम राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को सांसद राघव चड्ढा के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक पोस्ट हटाने का



निर्देश दिया है। अदालत ने उन्हें अंतिम संरक्षण देने से इनकार कर दिया। चड्ढा ने आरोप लगाया था कि वे आप छोड़कर भाजपा में गए, तो उनके खिलाफ मानहानि करने वाले कॉन्टेंट फैलाए गए।

### दोगुनी पार्किंग, निर्माण बंद, दिल्ली में 'पाबंदी'

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सर्दियों के प्रदूषण से निपटने 'मास्टर प्लान' नोटिफाई कर दिया है। ये नियम 1 नवंबर से 28



फरवरी तक लागू रहेंगे। बिना वैध पीयूसी के किसी भी वाहन को ईंधन नहीं मिलेगा और पूरे साल लागू रहेगा। 1 नवंबर से 31 जनवरी तक तोड़फोड़, सिविल निर्माण कार्य नहीं होंगे।

## आरोपी के तर्क को किया खारिज, सुप्रीम कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

# आरोपी को चार्जशीट की प्रति नहीं मिलने मात्र से डिफॉल्ट जमानत का हक नहीं मिल जाता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*न्यायमूर्ति करोल और सिंह की पीठ ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा*

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को स्पष्ट किया कि किसी आरोपी को आरोप-पत्र (चार्जशीट) की प्रति उपलब्ध नहीं कराए जाने को डिफॉल्ट जमानत का आधार नहीं बनाया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह टिप्पणी करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें एक आरोपी की ऐसी ही एक याचिका खारिज कर दी गई थी। आरोपी का तर्क था कि उसे चार्जशीट की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई, इसलिए उसे डिफॉल्ट जमानत दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 193(8) के तहत चार्जशीट की अतिरिक्त प्रतियां दाखिल नहीं किए जाने से स्वयं चार्जशीट अमान्य नहीं हो जाती।



### 90 दिन के अंदर चार्जशीट दाखिल करना अनिवार्य

अदालत ने कहा कि पूर्ववर्ती दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की तरह ही बीएनएसएस के तहत भी डिफॉल्ट जमानत का अधिकार तभी उत्पन्न होता है, जब जांच एजेंसी 60 या 90 दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर, जैसा भी मामला हो, चार्जशीट दाखिल नहीं करती। पीठ ने कहा कि निर्धारित अवधि के भीतर बीएनएसएस की धारा 193(3) के तहत निर्धारित प्रारूप में चार्जशीट दाखिल हो जाने के बाद डिफॉल्ट जमानत का अधिकार समाप्त हो जाता है।



### फिर भी चार्जशीट की प्रति हमें नहीं दी गई आरोपी बोला

जांच एजेंसी का यह भी दावा है कि साइबर ठगी से हासिल रकम को बैंक खातों में जमा कराने में कुछ बैंक अधिकारी भी उनकी मदद कर रहे हैं। आरोपी ने बॉम्बे हाई कोर्ट में डिफॉल्ट जमानत की मांग करते हुए कहा था कि भले ही चार्जशीट निर्धारित समयसीमा के भीतर दाखिल कर दी गई थी, लेकिन उसे उसकी प्रति नहीं दी गई।

### साइबर ठगी से जुड़े मामले पर हो रही थी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एक मामले में गिरफ्तार आरोपी की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। यह मामला करीब 3.81 करोड़ रुपये की कथित बड़े पैमाने की साइबर ठगी से जुड़ा है। सीबीआई के अनुसार, अज्ञात साइबर अपराधी अत्याधुनिक डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल कर लोगों से ठगी कर रहे हैं। इसके लिए वे फर्जी पहचान, जाली दस्तावेज और अन्य तकनीकी तरीकों का उपयोग करते हैं।

शीर्ष कोर्ट में उठा '370 की बिरयानी' वाला मुद्दा

## स्टैंड-अप, पॉडकास्ट और सोशल मीडिया पर लगेगी लगाम

गुरुग्राम में कॉमेडियन प्रणित मोरे के शो के दौरान '370 बिरयानी' वाली विवादित कॉमेडी का जिक्र करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई। इस याचिका में स्टैंड-अप कॉमेडी, पॉडकास्ट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बने कंटेंट के लिए एक रेगुलेटरी फ्रेमवर्क बनाने की मांग की गई। वकील विशाल तिवारी ने यह याचिका दायर की है। याचिका में हाल ही में ऑनलाइन फैलाई गई कुछ गलत जानकारी का भी जिक्र किया। दावा किया गया था कि भारत के कई जज और केंद्रीय मंत्रियों ने लंदन में टैक्सपेयर्स के पैसे से बैडमिंटन टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था।



स्टैंड-अप कॉमेडियन प्रणीत मोरे, वेब डेवलपर हिमांशु जांगड़ा और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

### फेक न्यूज वायरल करने वालों पर लगे लगाम

याचिका में कहा गया है कि इस तरह की फेक न्यूज बहुत कम समय में तेजी से फैलती हैं। इस तरह की गुमराह करने वाली खबरें संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज, आजादी और मर्यादा को लेकर सवाल खड़े करती हैं। इन पर लगाम लगे।

## मोइत्रा का भारी विरोध, बोलीं काले झंडे दिखाए... अंडे भी फेंके और पुलिस देखती रही



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा को बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। यह घटना पलाशी में हुई, जब वह 21 जुलाई शहीद दिवस कार्यक्रम की तैयारी से जुड़ी एक बैठक में शामिल होने आई थीं। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेस्तरां के बाहर इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन किया और उन पर अंडे फेंके। मोइत्रा ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके कृष्णानगर स्थित कार्यालय पर अंडे और सब्जियां फेंककर हमला किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें भीड़ को उन पर अंडे फेंकते हुए देखा गया। उन्होंने लिखा, भाजपा के गुंडों द्वारा हमला किया जा रहा है और पश्चिम बंगाल पुलिस देख रही है।

### मैं सांसद...पुलिस और अदालत भी संज्ञान नहीं ले रही

उन्होंने कहा कि देखिए क्या हो रहा है। पुलिस के सामने यह भाजपा की भीड़ है। मैं पिछले एक घंटे से यहां खड़ी हूं। मैंने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और अन्य सभी को फोन किया है। लेकिन पुलिस बैठकर देख रही है। सीआरपीएफ भी देख रही है। महुआ ने कहा यह मेरा इलाका है। मैं सांसद हूं। मैं कार्यालय में हूं। मैं यहां से नहीं जाऊंगी। कृपया इनके चेहरे देखिए। कल पश्चिम बंगाल सरकार इसे नकार देगी। कोई पुलिस संज्ञान नहीं लेगी। कोई अदालत संज्ञान नहीं लेगी।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले**

### अंडे फेंकना भाजपा की संस्कृति नहीं



इस बीच, भाजपा के राज्य अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि अंडा फेंकना भाजपा की संस्कृति नहीं है। उन्होंने अंडे फेंकने की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह भाजपा की संस्कृति नहीं है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे ऐसी गतिविधियों से दूर रहें, जिससे पार्टी की छवि देशभर में खराब हो सकती है।

बीमार हथिनी 'मानिकी' का रेस्क्यू

## अनंत के 'वनतारा' में शुरू किया जिंदगी का नया चैप्टर

एजेंसी ▶▶ वनतारा

वर्षों तक कष्ट झेलने के बाद 48 साल की मानिकी नाम की हथिनी को एडवांस्ड ट्रीटमेंट और लंबे समय तक देखभाल देने के लिए जामनगर स्थित वनतारा में सुरक्षित रूप से शिफ्ट कर दिया गया है। वीडियो सामने आने के बाद मानिकी की दयनीय हालत पर लोगों का ध्यान गया। वीडियो में उसे इलाज के लिए असम में एक हाईवे पर पैदल ले जाया जा रहा था और वह दर्द के साथ लंगड़ाते हुए चल रही थी। इस वीडियो ने चिंता पैदा कर दी, जिसके बाद एनिमल वेलफेयर एडवोकेट और नागरिकों ने याचिकाओं पर हस्ताक्षर करके तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील की।



गृहमंत्री शाह से मिली कमेटी

## जनसांख्यिकीय में होगा बड़ा बदलाव, जल्द सिफारिशें मांगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जनसांख्यिकीय बदलावों पर गठित हाई लेवल कमिटी ऑन डेमोग्राफिक बदलाव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। समिति ने बताया कि वह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा कर जमीनी स्तर पर जानकारी जुटाएगी तथा मंत्रालयों से भी जनसंख्या में बदलाव पर फीडबैक लेगी।



### राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का करेगी दौरा

समिति ने शाह को बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दौरों को अधिक प्रभावी और इंटरैक्टिव बनाने विस्तृत प्रश्नावली तैयार की गई है। इससे संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से पहले ही आवश्यक जानकारी प्राप्त की जाएगी। शाह ने सराहना करते हुए गृह सचिव को निर्देश दिया कि समिति को उसके नियमित कार्यों और दौरों के दौरान हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए।

राष्ट्रपति आंध्र प्रदेश केंद्रीय विवि के प्रथम दीक्षांत में बोलीं

सफलता में माता-पिता का त्याग, शिक्षकों का मार्गदर्शन अहम

## संभावनाओं के द्वार खुलेंगे समाज का ऋण भी चुकाएं

एजेंसी ▶▶ अनंतपुरमु

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु बुधवार को आंध्र प्रदेश के अनंतपुरमु में आंध्र प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के समर्पण, दृढ़ निश्चय और कड़े परिश्रम की सुखद परिणति है। अनेक सपने संजोए हुए उन्होंने विवि में प्रवेश किया था। वे ज्ञान, आत्मविश्वास से डिग्री लेकर जा रहे हैं जो संभावनाओं के नए द्वार खोलेगी। विद्यार्थियों को सफलता परिश्रम से मिलती है, सफलता में माता-पिता का त्याग, शिक्षकों का मार्गदर्शन अहम है।



### प्रौद्योगिकी मजबूत संबल बनेगी

राष्ट्रपति ने कहा कि चाहे आप उद्यमी बनें,वैज्ञानिक बनें, लोकसेवक बनें या फिर लोकोपकारी बनें, उनकी शिक्षा वंचित वर्ग के सशक्तीकरण का स्रोत बननी चाहिए। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रही बहुआयामी प्रगति से प्रत्येक क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हो रहे हैं। बदलती ऐसी दुनिया में, सीखने का काम सिर्फ डिग्री प्राप्त करने के साथ समाप्त नहीं हो सकता और न ही होना चाहिए।

बेंगलुरु के डे केयर में मासूमों से ऐसी दरिंदगी कि रूह कांप जाए

केयरगिवर्स को नोटिस जारी

## वॉशिंग मशीन में डाला, जेट स्प्रे मुंह पर मारा और बाथरूम में किया बंद

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

**बच्चों को डराया-धमकाया**

**दुर्व्यवहार का मामला**

यहां कैपजेमिनी के एचएएल कैंपस में चल रहे एक डेकेयर सेंटर में बच्चों के साथ कथित दुर्व्यवहार का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां 5 महिला केयरगिवर्स पर छोटे बच्चों के साथ शारीरिक दुर्व्यवहार करने का आरोप है और उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अब जब एमएनसी के ऑन-साइट क्रैश ही सुरक्षित नहीं हैं, तो माता-पिता बच्चों को किसके भरोसे छोड़ सकते हैं। वे खुद सहमे हैं।



आरोप है कि इन महिलाओं ने 2-3 साल के बच्चों को डराया-धमकाया। उन्होंने बच्चों को फ्रंट-लोडिंग वॉशिंग मशीन के ड्रम में जबरदस्ती बिठाया, वेस्टर्न-स्टाइल टॉयलेट सीट पर बिठाया, टॉयलेट जेट स्प्रे से उनके मुंह में पानी की बौछार की और उन्हें चुप कराने के लिए बाथरूम में बंद कर दिया।

**पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

एचएएल पुलिस स्टेशन में 5महिला केयरगिवर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़ित बच्चे कम उम्र के हैं और आईटी कंपनी के कैंपस में स्थित डेकेयर सुविधा में भर्ती थे।

विजय की सरकार गिराने की साजिश का खुला राज

# 35 करोड़ का ऑफर देकर 15 विधायकों से इस्तीफा को कहा था

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

तमिलनाडु में विजय के नेतृत्व वाले टीवीके विधायक ने दावा किया है कि उन्हें सदन अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्तावित विधानसभा प्रस्ताव पर अपना वोट प्रभावित करने के लिए 35 करोड़ रुपए की पेशकश की गई थी। विधायक एन. इलैयाराजा की शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक कंसल्टेंसी फर्म के कर्मचारी समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके तार डीएमके नेता सेंथिल बालाजी और उनके भाई वी अशोक कुमार से जुड़े बताए जा रहे हैं। इस साजिश में टीवीके के 15 विधायकों के एक साथ इस्तीफे की साजिश रचकर सरकार गिराने की योजना थी।

## कंसल्टेंसी फर्म के कर्मचारी समेत 3 गिरफ्तार



### आईपीडीएस नामक परामर्श फर्म का लिया नाम

इलैयाराजा ने चेन्नई पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि आईपीडीएस नामक परामर्श फर्म के एक व्यक्ति ने उन्हें विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए 35 करोड़ की पेशकश की थी। थिरनावुक्करासु नामक एक व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया और दावा किया कि वह इंडियन पॉलिटिकल डेमोक्रेटिक स्ट्रेटेजीज (आईपीडीएस) नामक एक जनमत सर्वेक्षण संगठन का प्रमुख है और वह लोगों से संपर्क कर रहा है।

**विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव की पेशकश**

फोन करने वाले ने इलैयाराजा को बताया कि अध्यक्ष के खिलाफ एक प्रस्ताव लाया जाएगा और उनसे सत्तारूढ़ दल का सदस्य होने के बावजूद एक विशेष तरीके से मतदान करने को कहा। इसके बदले में, उसने इलैयाराजा को 35 करोड़ रुपये की पेशकश की।

### पुख्ता सबूत हों तो सेंथिल को गिरफ्तार कर बताएंः डीएमके

डीएमके के प्रवक्ता ए. सरवनन ने कहा कि टीवीके जांच से जुड़ी



जानकारी लीक करके सिर्फ जनता के बीच सनसनी फैलाना चाहती है। उन्हें तथ्यों की जानकारी नहीं है और वे सिर्फ एक मनगढ़ंत कहानी बनाना चाहते हैं। उन्होंने सरकार को चुनौती दी उसके पास पुख्ता सबूत हैं तो वह सेंथिल बालाजी को गिरफ्तार करके दिखाए।

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



भैरुंदा में बारिश से सड़कें जलमग्न

▸▸ प्रदेश का 70 फीसदी हिस्सा कवर, शेष हिस्से यानि उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में दो से तीन दिन में पहुंचने की उम्मीद
▸▸ इससे पहले भोपाल में वर्ष 2012 में 3 जुलाई को हुआ था ऑनसेट

भोपाल में बुधवार को करीब 14 साल बाद इतनी देरी से आया मानसून

# 'मानसून एक्सप्रेस' पहुंची राजधानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी में बुधवार को करीब 14 साल बाद इतनी देरी से ही सही, लेकिन मानसून ने आमद दे दी है। इससे पहले वर्ष 2012 में 3 जुलाई को यहां ऑनसेट हुआ था। इसी के साथ मानसून ने रफ्तार पकड़ते हुए अब तक प्रदेश का करीब 70 फीसदी हिस्सा कवर कर लिया है। अब केवल उज्जैन, ग्वालियर और चंबल के पूरे संभाग में मानसून दो से तीन दिन में पहुंचने की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अगले दो से तीन दिन में पूरा प्रदेश कवर होने की प्रवल संभावना है। अभी मानसून की उत्तरी सीमा पोरबंदर, वल्लभ विद्यानगर, शाजापुर, नौगांव, मिर्जापुर, आज़मगढ़, अयोध्या, बदायूं, मेरठ, करनाल, गुरदासपुर से होकर गुजर रही है। अगले 2 दिन में यह उत्तरी अरब सागर, गुजरात, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा-चंडीगढ़-दिल्ली, पंजाब तथा राजस्थान के कुछ और भागों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं।

### लाड़कुई में पहली ही बारिश से आफत, घरों में घुसा पानी, पंचायत की खुली पोल

भैरूंदा। मानसून की पहली ही दो घंटे की तेज बारिश ने ग्राम पंचायत की तैयारियों की पोल खोल दी। जल निकासी की पुख्ता व्यवस्था न होने और साल भर से मुख्य नाले की सफाई न किए जाने के कारण पूरा गांव टापू बन गया। सड़कों पर कमर तक पानी भरने से आवागमन ठप हो गया। लोग जान जोखिम में डालकर ट्रैक्टर-ट्रॉली और दोपहिया वाहनों से रास्ते पार करते दिखे। नाली का गंदा पानी कई घरों में से ग्रामीणों को भारी नुकसान हुआ है।

### जुलाई की पहली रात में 35 मिमी बारिश

भोपाल में एक जुलाई की रात 35.2 मिमी बारिश हुई। शहर में अब एक जून से एक जुलाई तक कुल 272.2 मिमी बारिश हो चुकी है। यह नॉर्मल से 117.1 मिमी अधिक है। सुबह से शाम तक मौसम खुला रहा, जिससे तापमान में एक डिग्री की बढ़त रही। पारा 31.6 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री कम है। रात का तापमान 3 डिग्री गिरकर 22 डिग्री दर्ज हुआ। यह नॉर्मल से 2.5 डिग्री कम है। प्रदेशभर में अब बादल-बारिश और तेज हवाओं से दिन का पारा सामान्य से औसतन 3 डिग्री तक कम रहने से कुछ राहत महसूस की जा रही है। प्रदेश में औसत दिन का पारा 33 डिग्री रहा। भोपाल सहित अधिकांश जिलों में कल से बारिश का क्रम अब धीरे-धीरे बढ़ने की उम्मीद है।

### आज यहां भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी

मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, अशोकनगर, डिंडौरी, मंडला, देवास, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, पांढुर्णा में भारी से अति भारी (65 से 115 मिमी से 200 मिमी तक) बारिश का अलर्ट है। इसके अलावा भोपाल, विदिशा, सीहोर, राजगढ़, बुरहानपुर, खरगौन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर में मध्यम बारिश होगी।

## खबर संक्षेप

### जीतू पटवारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी



**ग्वालियर।** मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। ग्वालियर की विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। भिंड के एसपी को निर्देश दिए हैं कि 27 जुलाई को पटवारी की उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए। मामला लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान का है। कांग्रेस छोड़ बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले देवाशीष जरारिया ने पटवारी के खिलाफ कोर्ट में परिवाद दायर किया था।

### दो बच्चों के साथ सो रही मां को सांप ने डसा, मौत



**शाजापुर।** शाजापुर के सलसलाई थाना क्षेत्र के तिंगजपुर गांव में मंगलवार रात दो मासूम बच्चों के साथ सो रही एक महिला की सांप के काटने से मौत हो गई। पिपली मोहल्ला निवासी ममता बाई (पत्नी राधेश्याम मेवाड़ा) रात करीब 11 बजे अपनी 6 वर्षीय बेटी और 2 वर्षीय बेटे के साथ सो रही थीं। इसी दौरान एक जहरीले सांप ने उनके पैर में डस लिया। महिला को तुरंत जिला अस्पताल ले गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पुजारी और फूल विक्रेता महिला के बीच मारपीट



**उज्जैन।** शिप्रा नदी के रामघाट पर आरती के दौरान दीपक-दोने बेचने वाली एक महिला और पुजारी के बीच हिंसक विवाद हो गया। रविवार को हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला गरमा गया है। आरोप है कि शिप्रा आरती करने वाले पंडित और उनके साथियों ने फूल-प्रसादी बेच रही महिला को वहां से हटने को कहा। बहस बढ़ने पर पुजारियों ने पीतल के भारी आरती स्टैंड से हमला कर दिया।

सपा नेता रामगोपाल यादव ने कहा- यह 20 हजार करोड़ रु. का घपला

**रामंदिर चढ़ावा चोरी मामला:** मुख्य आरोपी अविनाश के योग केंद्र से मिला पेटीएम क्यूआर कोड लगा 'रामराज्य कोष' संदूक

जेल में बंद सभी आठों आरोपियों ने कड़ी पूछताछ में उगले कई राज

# एसआईटी को मिला 15 दिन का समय, अब ईडी की भी होगी एंट्री

पुलिस ने फैजाबाद जेल में बंद सभी आठों आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जिसमें सबसे लंबी पूछताछ अविनाश से हुई, उससे दो घंटे तक पूछताछ चली

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में जांच तेज हो गई है। पुलिस ने बुधवार को मामले के अन्य आरोपियों, लवकुश मिश्रा और अनुकल्प मिश्रा के घरों पर छापेमारी कर दस्तावेजों की पड़ताल की। इससे पहले, जेल में बंद मुख्य आरोपी अविनाश शुक्ला के अयोध्या स्थित योग केंद्र से पुलिस ने एक संदिग्ध संदूक बरामद किया है, जिस पर लाल रंग से रामराज्य कोष लिखा था और पेटीएम का क्यूआर कोड भी चिपका हुआ था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए सरकार ने जांच कर रही एसआईटी का कार्यकाल 15 दिन और बढ़ा दिया है। वहीं, जांच का दायरा बढ़ाने के लिए इसमें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को भी शामिल करने की तैयारी है, जिसके लिए अयोध्या पुलिस ने लखनऊ के उच्चाधिकारियों से आग्रह किया है। दूसरी तरफ, पुलिस ने फैजाबाद जेल में बंद सभी आठों आरोपियों से कड़ी पूछताछ की, जिसमें सबसे लंबी पूछताछ अविनाश से हुई।



फाइल फोटो

आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट लगाने की तैयारी

▸▸ **बिहार के पूर्व सांसद की कंपनी के 400 सुरक्षाकर्मी जांच के घेरे में**

▸▸ **साक्ष्य जुटाकर विधिक राय ले रही अयोध्या पुलिस**

### टिन्नू समेत 8 पर लग सकता है गैंगस्टर एक्ट

छापेमारी और पूछताछ में अब तक मिले साक्ष्य गैंगस्टर के लिए पर्याप्त माने जा रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्रवाई के लिए विधिक राय ली जा रही है। अब तक हुई जांच में एक साजिश के तहत आरोपियों के समूह ने चढ़ावा चोरी की घटना को अंजाम दिया। ऐसे में गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्रवाई का पर्याप्त आधार है।



क्यूआर कोड लगा 'रामराज्य कोष' संदूक

**कांग्रेस बोली-** एसआईटी की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक हो



सुप्रिया श्रीनेत

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा है कि एसआईटी की रिपोर्ट सार्वजनिक होनी चाहिए। यह भी जांच होनी चाहिए कि मंदिर परिसर में सरकारी सुरक्षा बल इतनी तादात में था तो ये 400 कर्मी वहां क्या करते थे? किसकी सुरक्षा करते थे? ये ठेका किसके इशारे पर दिया गया।

**केजरीवाल बोले-** शाह राममंदिर क्यों नहीं गए?



अरविंद केजरीवाल

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अयोध्या के राम मंदिर में हुई चढ़ावे की चोरी के नाम पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को निशाना बनाया है। बुधवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान अमित शाह एक बार राम का आभार प्रकट

सरकार को डिजिटल फ्रॉड बढ़ने का शक

## वाट्सएप का अब नया यूजर आईडी फीचर हो जाएगा बंद?

▸▸ नए यूजर आईडी फीचर की सरकार जांच कर रही
▸▸ मेटा को जल्द ही नोटिस भेजने की तैयारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



वाट्सएप का नया यूजर आईडी फीचर सामने आया है, लेकिन इस फीचर को लागू करने के लिए वाट्सएप की मालिकाना कंपनी मेटा को नोटिस भेज सकती है। सरकार वाट्सएप के आने वाले यूजरनेम फीचर की जांच कर रही है, क्योंकि ऐसी चिंता है कि इसका इस्तेमाल किसी और का नाम रखकर धोखाधड़ी के लिए किया जा सकता है। सरकार को संदेह है कि वाट्सएप के इस नए फीचर से फ्रॉड का खतरा बढ़ सकता है।

इंडिगो लाया इंडिगो लाइट स्कीम

## हैंड बैगेज के साथ यात्रा करने पर टिकट में मिलेगी भारी छूट

7 किलो वजन के साथ सफर करने पर मिलेगा फायदा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंडिगो ने हवाई यात्रियों को एक बड़ा तोहफा देते हुए इंडिगो लाइट नाम से एक नई फेयर स्कीम लॉन्च की है। यह स्कीम विशेष रूप से उन यात्रियों के लिए है जो भारी-भरकम सामान के बिना, सिर्फ हैंड बैगेज लेकर सफर करना पसंद करते हैं। इस स्कीम के तहत बुकिंग 1 जुलाई से शुरू हो चुकी है, जबकि इसका



फाइल फोटो

फायदा 15 जुलाई से मिलना शुरू हो जाएगा। यह स्कीम केवल उन इकॉनमी क्लास यात्रियों के लिए है, जिनके पास 15 किलो तक का चेक-इन बैगेज नहीं होगा और वे केवल 7 किलो तक के केबिन बैगेज के साथ यात्रा करेंगे।

मप्र की बदहाल शिक्षा व्यवस्था पर हाईकोर्ट सख्त

## शिक्षकों की कमी, टॉयलेट तक नहीं, बिजली तो भूल जाइए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ इंदौर

■ केंद्र एवं राज्य सरकार से 17 अगस्त तक जवाब मांगा

मध्य प्रदेश में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं और शिक्षकों की भारी कमी को लेकर दायर जनहित याचिका पर मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर बेंच ने केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।



### 1,895 में शिक्षक नहीं

स्थिति यह है कि 1,895 स्कूल ऐसे हैं, जहां एक भी शिक्षक पदस्थ नहीं है। बुधवार को जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस आलोक अवस्थी की बेंच ने मामले की सुनवाई करते हुए दोनों सरकारों को 17 अगस्त तक अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

क्या जांच रिपोर्ट ही बदल दी गई?

## दावा-कुपोषण और विटामिन-ए की कमी से गई बच्चे की रोशनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

■ अब एम्स भोपाल में होगा मासूम का कॉर्निया ट्रांसप्लांट

सागर जिले के बंडा सिविल अस्पताल में इलाज के बाद डेढ़ साल के बच्चे की आंखों की रोशनी जाने के मामले में स्वास्थ्य विभाग की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। परिजनों ने आरोप लगाया था कि अस्पताल से आई ड्रॉप की जगह नोजल ड्रॉप (नॉर्मल सलाइन) देने के कारण बच्चे की रोशनी जिसे जांच टीम ने सिरे से नकार दिया है।



### एम्स में चल रहा इलाज

प्रभारी सीएमएचओ डॉ. देवेश पटेरिया ने बताया कि बच्चे का इलाज भोपाल एम्स में चल रहा है और वहां उसका कॉर्निया ट्रांसप्लांट किया जाना है। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि जिस ड्रॉप को डालने की बात कही जा रही है, उस बैच का ड्रॉप अस्पताल के स्टॉक में उपलब्ध ही नहीं था।

## अमरनाथ यात्रा 2026: पहले जत्थे की रवानगी की तैयारी



### जम्मू में तत्काल पंजीकरण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़

*जम्मू। बाबा बर्फानी के भक्तों का इंतजार खत्म हो गया है। 3 जुलाई से शुरू होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा 2026 के लिए 2 जुलाई को जम्मू बेस कैंप से श्रद्धालुओं का पहला जत्था श्रीनगर के लिए रवाना होगा। पहले बैच की रवानगी को लेकर शिव भक्तों में भारी उत्साह है और देशभर से हजारों श्रद्धालु जम्मू पहुंच चुके हैं। यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधाओं के कड़े इंतजाम किए हैं। जम्मू के विभिन्न केंद्रों पर तत्काल पंजीकरण के लिए श्रद्धालुओं की भारी हलचल और कतारें देखी जा रही हैं।*

सरकार पर अब इस तरह हमलावर हुई कांग्रेस

## तीन दिन का मौन सत्याग्रह रखेगी कांग्रेस मीडिया से भी बात नहीं करेगी, डिबेट से दूरी

डिबेट नहीं होने से खफा है कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

उज्जैन में कथित जमीन खरीद मामले को लेकर एक तरफ जहां कांग्रेस मुख्यमंत्री पर हमलावर है। वहीं इस मामले में कांग्रेस के नेताओं के बयानों से ही पार्टी के भीतर खींचतान मची हुई है। अब कांग्रेस जमीन खरीद मामले में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का बहिष्कार करने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस ने पत्र जारी कर



फाइल फोटो

आरोप लगाया है कि मप्र के अधिकांश इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थानों ने इस गंभीर मामले को न तो प्रमुखता से दिखाया और न ही इस पर सार्थक टीवी बहस कराई। इसके विरोध में कांग्रेस ने अगले तीन दिनों तक मौन सत्याग्रह करने और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। प्रदेश कांग्रेस समिति के संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कमले द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि मुख्यमंत्री और उनके परिवार से जुड़े कथित भूमि घोटाले को लेकर प्रदेशभर में व्यापक चर्चा है। बड़ी संख्या में नागरिक सोशल मीडिया पर इस मामले से जुड़े तथ्य, दस्तावेज और सवाल साझा कर रहे हैं। इसके बावजूद इलेक्ट्रॉनिक मीडिया इस मुद्दे को जनता तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुंचा रहा है।

परिवार और एफएसयूआई ने उच्चस्तरीय जांच की मांग की

▸▸ कंपनी ने गिरने से चोट लगने की बात कही थी, फिर कहा मौत हो गई
▸▸ शव एक सप्ताह में भेजने को कहा था,भेजा एक माह बाद

नाविक राकेश की मौत का रहस्य गहराया

## वेनेजुएला से आए भारतीय नाविक के शव से गायब मिले दिल-दिमाग-फेफड़े समेत कई अंग

एजेंसी ▸▸ देवरिया

वेनेजुएला में मृत घोषित किए गए भारतीय नाविक के शरीर से आंतरिक अंगों के गायब होने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। 33 वर्षीय राकेश चौहान के शव से मस्तिष्क, हृदय, फेफड़ों समेत कई आंतरिक अंग गायब मिलने के बाद परिवार ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। वहीं फेडरेशन आफ सीफेरर्स यूनियंस आफ इंडिया (एफएसयूआइ) ने भी घटना को गंभीर बताते हुए वेनेजुएला के अधिकारियों की जवाबदेही तय करने व भारतीय दूतावास के तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के लंगड़ा बाजार टोला निवासी राकेश चौहान नवंबर 2025 में एक्सफिनिटी कंपनी के माध्यम से मर्चेंट नेवी के एक जहाज पर चालक दल के सदस्य के रूप में वेनेजुएला गए थे।



राकेश चौहान



मृतक की पत्नी और पिता

### लगभग सभी अंग गायब

शव के पहुंचने पर डॉक्टरों की टीम ने परीक्षण किया। शुरुआती जांच में चिकित्सकों ने बताया कि शव का पहले ही पोस्टमार्टम किया जा चुका है, इसलिए बिना सक्षम आदेश के दोबारा पोस्टमार्टम संभव नहीं है। बाद में जिलाधिकारी के आदेश पर दोबारा पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। रिपोर्ट के अनुसार, शव में मस्तिष्क, हृदय, दोनों फेफड़े, लीवर, दोनों गुर्दे, प्लीहा, अग्न्याशय, पेट और आंतें सहित कई प्रमुख आंतरिक अंग नहीं मिले।

## चिंतन

# तनाव के बाद राहत की नई शुरुआत

खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव ने न केवल वैश्विक शांति बल्कि अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित किया। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, आपूर्ति बाधित होने की आशंका और बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की चिंताएं बढ़ा दी थीं, लेकिन अब हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं और इसके साथ राहत के संकेत भी दिखाई देने लगे हैं। एक जुलाई से लागू हुए कई बदलाव यह भरोसा दिलाते हैं कि संकट के बाद बेहतर दौर की शुरुआत संभव है। इसे तनाव के बाद राहतों की नई शुरुआत माना जा रहा है। सबसे बड़ी राहत ऊर्जा क्षेत्र से मिली है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें घटकर करीब 73 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई हैं। इसका असर भारत में भी दिखाई देने लगा है। निजी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी नायरा एनर्जी ने पेट्रोल 5 रुपये और डीजल 3 रुपये प्रति लीटर सस्ता कर दिया है। यह केवल कीमतों में कमी नहीं, बल्कि यह संदेश भी है कि वैश्विक परिस्थितियां सामान्य होने का लाभ अब आम उपभोक्ता तक पहुंचने लगा है। अब उम्मीद की जा सकती है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें इसी तरह नियंत्रित रहीं तो अन्य तेल कंपनियां भी जल्द राहत देने की दिशा में कदम बढ़ाएंगी। महंगाई पर नियंत्रण की दिशा में एक और सकारात्मक खबर कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में औसतन 180 रुपये की कमी है। इससे होटल, रेस्तरां और छोटे कारोबारियों की लागत घटेगी। यदि यह लाभ ग्राहकों तक पहुंचता है तो बाहर खाना, छोटी-बड़ी कैटरिंग और कई सेवाएं अपेक्षाकृत सस्ती हो सकती हैं। डीजल भरवाने की दैनिक सीमा हटने से परिवहन और उद्योग जगत को भी राहत मिलेगी, जिससे माल ढुलाई सुचारू होगी और बाजार में वस्तुओं की उपलब्धता बेहतर बनेगी। इसी बीच प्रकृति ने भी राहत का संदेश दिया है। मानसून ने देश के अधिकांश हिस्सों में दस्तक दे दी है। अच्छी बारिश किसानों के चेहरों पर मुस्कान लेकर आती है। खेतों में हरियाली बढ़ती है, फसल की उम्मीद मजबूत होती है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलती है। कृषि उत्पादन अच्छा रहने पर खाद्य महंगाई पर भी नियंत्रण रखने में मदद मिलती है। ऐसे में बारिश और ईंधन क्षेत्र से मिली राहत मिलकर अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक माहौल तैयार कर सकती है। हालांकि पासपोर्ट शुल्क में बढ़ोतरी और बिना टिकट यात्रा पर जुर्माना बढ़ना कुछ लोगों की जेब पर असर जरूर डालेगा, लेकिन व्यापक तस्वीर देखें तो एक जुलाई कई ऐसे बदलाव लेकर आया है जो अर्थव्यवस्था और आम जनजीवन में सकारात्मक संकेत दे रहे हैं। संकट के दौर के बाद ऐसे छोटे-छोटे कदम ही लोगों में विश्वास जगाते हैं कि हालात सुधर रहे हैं। भारत ने हमेशा कठिन परिस्थितियों का सामना धैर्य और संतुलन से किया है। आज भी दुनिया जब भू-राजनीतिक चुनौतियों से जूझ रही है, तब राहत के ये संकेत केवल आर्थिक आंकड़े नहीं, बल्कि उम्मीद के प्रतीक हैं। यदि वैश्विक शांति बनी रहती है, कच्चे तेल की कीमतें नियंत्रित रहती हैं और मानसून अनुकूल रहता है, तो आने वाले महीनों में महंगाई पर और लगाम लग सकती है तथा आर्थिक गतिविधियां नई रफ्तार पकड़ सकती हैं। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि यदि ईंधन की कीमतों में और कमी आती है, महंगाई नियंत्रित रहती है और कृषि उत्पादन बेहतर होता है, तो यह केवल अस्थायी राहत नहीं, बल्कि आर्थिक मजबूती की नई शुरुआत साबित हो सकती है। आखिरकार किसी भी नीति की सफलता का सबसे बड़ा पैमाना यही है कि उसका लाभ आम आदमी की थाली, जेब और जीवन में कितना दिखाई देता है।



कोर्ट का फैसला
प्रमोद भार्गव

# इस्लाम धर्म अपनाने पर आरक्षण नहीं

> अदालत ने कहा कि धर्म बदलने वाला व्यक्ति 'पिछड़ा वर्ग मुस्लिम' का दर्जा मांगने का अधिकार नहीं रखता है। क्योंकि मुस्लिम समाज में भी अलग-अलग समुदाय और वर्ग होते हैं, परंतु उनकी पहचान जन्म से तय होती है न कि धर्म परिवर्तन से ? अदालत ने यह भी कहा कि इस्लामिक उपदेशक और ईसाई मिशनरियां सदियों से यह प्रचार करती आई हैं कि उनके धर्मों में सामाजिक समानता है, जबकि हिंदू धर्म में जाती व्यवस्था एक बुनियादी विसंगति है। अतएव धर्म परिवर्तन के लिए ऐसा रुख अपनाने के बाद यह कहना बेमानी है कि इस्लाम में भी ऊंच-नीच या वर्गभेद है। अतएव ऐसे उपाय हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के उद्देश्य के तहत आरक्षण नीतियों की मूल भावना के विपरीत हैं।

उच्च न्यायालय मद्रास ने तमिलनाडु सरकार के उस अहम आदेश को रद्द कर दिया, जिसके तहत हिंदू धर्म के पिछड़े, अति पिछड़े या अनुसूचित जाति वर्ग के लोग इस्लाम अपनाने के बाद भी 'पिछड़े वर्ग मुस्लिम' का जाति प्रमाण पत्र ले सकते थे। सरकारी नौकरी और शिक्षा में आरक्षण पा लेने की इस सुविधा को न्यायालय ने दो टूक शब्दों में असंवैधानिक माना है। अदालत ने कहा कि धर्म बदलने वाला व्यक्ति 'पिछड़ा वर्ग मुस्लिम' का दर्जा मांगने का अधिकार नहीं रखता है। क्योंकि मुस्लिम समाज में भी अलग-अलग समुदाय और वर्ग होते हैं, परंतु उनकी पहचान जन्म से तय होती है न कि धर्म परिवर्तन से ? अदालत ने यह भी कहा कि इस्लामिक उपदेशक और ईसाई मिशनरियां सदियों से यह प्रचार करती आई हैं कि उनके धर्मों में सामाजिक समानता है, जबकि हिंदू धर्म में जाती व्यवस्था एक बुनियादी विसंगति है। अतएव धर्म परिवर्तन के लिए ऐसा रुख अपनाने के बाद यह कहना बेमानी है कि इस्लाम में भी ऊंच-नीच या वर्गभेद है।

हमारी राय में कुछ मुस्लिम समुदायों को पिछड़ा और कुछ को अगड़ा मानना कुरान की शिक्षाओं के खिलाफ है। दरअसल इस्लाम एक ऐसा समाज बनाना चाहता है, जिसमें सब का दर्जा एक समान रहे। यह ऐतिहासिक फैसला न्यायामूर्ति जीआर स्वामीनाथन और पीबी बालाजी की पीठ ले दिया है। इस मामले में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने तमिलनाडु सरकार के तीन मार्च 2024 के आदेश को आधार बनाया था। इसमें आरक्षित श्रेणियों से धर्मांतरित लोगों को तमिलनाडु में अधिसूचित सात पिछड़े वर्ग के मुस्लिम समूहों में से एक से संबंधित होने का सामुदायिक प्रमाण-पत्र जारी किया जा सकता था। सरकार ने अपने आदेश में यह प्रावधान किया था कि अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अत्यंत पिछड़ा वर्ग या डी-नोटिफाइड समुदायों से आने वाले व्यक्ति यदि इस्लाम धर्म अपनाते हैं तो उन्हें पिछड़ा वर्ग मुस्लिम की क्षेणी में आरक्षण का लाभ दिया जा सकता है। इस सिलसिले में सरकार का तर्क था कि धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों के अधिकार सुरक्षित रहेंगे और सामाजिक संतुलन बना रहेगा, किंतु अदालत ने कहा कि आरक्षण का आधार धर्म नहीं, बल्कि सामाजिक और शैक्षिक पिछड़ापन है। इसी से मिलती-जुलती प्रकृति के एक एक मामले में फैसला देते हुए सर्वोच्च न्यायालय कह चुका है कि बिना किसी वास्तविक आस्था के केवल आरक्षण के लाभ हेतु किया गया धर्म परिवर्तन संविधान के साथ धोखाधड़ी है। सी सेल्वरानी की याचिका पर 26 नवंबर 2024 को फैसला सुनाते हुए, मद्रास उच्च न्यायालय के 24 नवंबर के उस फैसले को बरकरार रखा, जिसमें ईसाई धर्म अपना चुकी एक महिला को अनुसूचित जाति प्रमाण-पत्र देने से इनकार कर दिया गया था। महिला ने बाद में आरक्षण के तहत रोजगार का लाभ प्राप्त करने के लिए हिंदू होने का दावा किया था, लेकिन इस पीठ ने फैसले में साफ किया कि कोई व्यक्ति किसी अन्य धर्म को तभी अपनाता है, जब वह वास्तव में उसके सिद्धांतों और धर्म आधारित आध्यात्मिक विचारों से प्रेरित होता है। यदि धर्म परिवर्तन का मकसद दूसरे धर्म में वास्तविक आस्था होने की बजाय आरक्षण का लाभ प्राप्त करना है तो इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती, क्योंकि ऐसी गलत इच्छा रखने वाले लोगों को आरक्षण



का लाभ देने से आरक्षण नीति के सामाजिक व्यवहार को क्षति पहुंचेगी। बावजूद सेल्वरानी हिंदू होने का दावा करती है और नौकरी के लिए अनुसूचित जाति का प्रमाण-पत्र मांगती है, तब यह दोहरा दावा अस्वीकार्य है। साफ है, वह ईसाई धर्म अपनाने के बावजूद एक हिंदू के रूप में अपनी पहचान नहीं बनाए रख सकती हैं। संविधान के तीसरे अनुच्छेद, अनुसूचित जाति आदेश 1950 जिसे प्रेसिडेंशियल ऑर्डर के नाम से भी जाना जाता है, के अनुसार केवल हिंदू धर्म का पालन करने वालों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को अनुसूचित जाति की श्रेणी में नहीं माना जाएगा। इसी तारतम्य में पिछले पचास सालों से दलित ईसाई और दलित मुसलमान संघर्षरत रहते हुए हिंदू अनुसूचित जातियों को दिए जाने वाले अधिकारों की मांग करते चले आ रहे हैं। वर्तमान में मुसलमान, सिख, पारसी, ईसाई और बौद्ध ही अल्पसंख्यक दायरे में आते हैं। जबकि जैन, बहाई और कुछ दूसरे धर्म-समुदाय भी अल्पसंख्यक दर्जा हासिल करना चाहते हैं। लेकिन जैन समुदाय केन्द्र द्वारा अधिसूचित सूची में नहीं है। इसमें भाषाई अल्पसंख्यकों को अधिसूचित किया गया है, धार्मिक अल्पसंख्यकों को नहीं। सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले के मुताबिक जैन समुदाय को भी अल्पसंख्यक माना गया है, परंतु इन्हें अधिसूचित करने का अधिकार राज्यों को है, केंद्र को नहीं। इन्हीं वजहों से आतंकवाद के चलते अपनी ही पुश्तैनी जमीन से बेदखल कश्मीरी पंडित अल्पसंख्यक के दायरे में नहीं आ पा रहे हैं। मध्यप्रदेश में दिग्विजय सिंह की कांग्रेस सरकार के दौरान जैन धर्मावलंबियों को भी अल्पसंख्यक दर्जा दिया था, लेकिन अल्पसंख्यकों को दी जाने वाली सुविधाओं से ये आज भी वंचित हैं।

संविधान के अनुच्छेद-342 में धर्म परिवर्तन के संबंध में अनुच्छेद-341 जैसे प्रावधान में लोच है। 341 में स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति (एससी) के लोग धर्म परिवर्तन करेंगे तो उनका आरक्षण समाप्त हो जाएगा। इस कारण यह वर्ग धर्मांतरण से बचा हुआ है। जबकि 342 के अंतर्गत संविधान निर्माताओं ने जनजातियों के आदि मत और पुरखों की पारंपरिक सांस्कृतिक आस्था को बनाए रखने के लिए व्यवस्था की थी कि अनुसूचित जनजातियों को राज्यवार अधिसूचित किया जाएगा। यह आदेश राष्ट्रपति द्वारा राज्य की अनुशंसा पर दिया जाता है। इस आदेश के लागू होने पर उल्लेखित अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान सम्मत आरक्षण के अधिकार प्राप्त होते हैं। इस आदेश के लागू होने के उपरांत भी इसमें संशोधन का अधिकार संसद को प्राप्त है। इसी परिप्रेक्ष्य में 1956 में एक संशोधन विधेयक द्वारा अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण पर प्रतिबंध के लिए प्रावधान किया गया था कि यदि इस जाति का कोई व्यक्ति ईसाई या मुस्लिम धर्म स्वीकारता है तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा, किंतु यह विधेयक पारित नहीं हो पाया है। अनुच्छेद 341 के अनुसार अनुसूचित जातियों के वही लोग आरक्षण के दायरे में हैं, जो भारतीय धर्म हिन्दू, बौद्ध और सिख अपनाने वाले हैं। गोया, अनुच्छेद-342 में 341 जैसे प्रावधान हो जाते हैं, तो अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण की समस्या पर स्वाभाविक रूप से अंकुश लग जाएगा। अनुसूचित जातियों के परिप्रेक्ष्य में न्यायालय के इस फैसले ने साफ कर दिया है कि ईसाई या इस्लाम धर्मावलंबी बने अनुसूचित जाति के लोग केवल नौकरी के लिए फिर से धर्म परिवर्तन कर हिंदू नहीं बन सकते हैं। यह उपाय आरक्षण के मूल उद्देश्य के विरुद्ध होने के साथ संविधान के साथ धोखाधड़ी है। यह उपाय आरक्षण नीति के मौलिक सामाजिक लक्ष्यों को कमजोर करता है। अतएव ऐसे उपाय हाशिए पर पड़े समुदायों के उत्थान के उद्देश्य के तहत आरक्षण नीतियों की मूल भावना के विपरीत हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन
ममता कुशवाहा



# आराम की दौड़ में आखिर सुरक्षा से समझौता क्यों


नोएडा के एक बहुमंजिला अपार्टमेंट में हाल ही में एयर कंडीशनर (एसी) में हुए विस्फोट से लगी आग ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि आधुनिक सुविधाएं यदि सावधानी के साथ न अपनाई जाएं तो वही जीवन के लिए बड़ा खतरा बन सकती हैं। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग पर काबू पाने में दमकल विभाग को कई घंटे लग गए। इससे पहले भी देश के विभिन्न शहरों में एसी फटने या उसमें शॉर्ट सर्किट से आग लगने की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन हादसों ने स्पष्ट कर दिया है कि केवल तकनीक पर भरोसा करना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसके सुरक्षित उपयोग और मजबूत सुरक्षा व्यवस्था पर भी उतना ही ध्यान देना आवश्यक है। भीषण गर्मी के इस दौर में एयर कंडीशनर अब केवल विलासिता का साधन नहीं रह गया है। पहले जहां एसी केवल बड़े घरों, कार्यालयों या होटलों तक सीमित था, वहीं आज मध्यम वर्गीय परिवारों के घरों में भी यह आम जरूरत बन चुका है। लगातार बढ़ते तापमान और बदलती जीवनशैली ने एसी को रोजमर्रा के जीवन का हिस्सा बना दिया है। लेकिन सुविधा का यह साधन तभी तक उपयोगी है, जब तक उसका उपयोग जिम्मेदारी और सावधानी के साथ किया जाए। जैसे-जैसे एसी का उपयोग बढ़ा है, वैसे-वैसे उससे जुड़ी दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ी है।

यह स्थिति केवल व्यक्तिगत लापरवाही का परिणाम नहीं है, बल्कि इसमें तकनीकी खामियां, घटिया गुणवत्ता वाले उपकरण, अपर्याप्त रखरखाव और सुरक्षा मानकों की अनदेखी भी समान रूप से जिम्मेदार हैं। यदि समय-समय पर प्रशिक्षित तकनीशियन से एसी की जांच कराई जाए, गैस का स्तर देखा जाए और बिजली की वायरिंग की स्थिति पर ध्यान दिया जाए, तो अधिकांश हादसों को रोका जा सकता है। बढ़ती दुर्घटनाओं के पीछे एक और चिंता का विषय बाजार में उपलब्ध निम्न गुणवत्ता वाले उत्पाद हैं। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में कई कंपनियां कम कीमत पर उपकरण बेचने के लिए गुणवत्ता से समझौता कर लेती हैं। दूसरी ओर उपभोक्ता भी कम कीमत के लालच में बिना प्रमाणित उत्पाद खरीद लेते हैं। ऐसे उपकरणों में सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होता और उनमें प्रयुक्त पुर्जे भी टिकाऊ नहीं होते। परिणामस्वरूप थोड़ी-सी तकनीकी खराबी भी बड़े हादसे का रूप ले सकती है। इसलिए उपभोक्ताओं को हमेशा प्रमाणित और भरोसेमंद कंपनियों के उत्पाद ही खरीदने चाहिए। यह समस्या केवल घरेलू स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरी विकास और भवन निर्माण व्यवस्था से भी जुड़ी हुई है। आज महानगरों में ऊंची-ऊंची इमारतें तेजी से बन रही हैं, लेकिन उनमें अग्नि सुरक्षा के मानकों का पालन हमेशा संतोषजनक नहीं होता। परिणामस्वरूप छोटी-सी आग भी भयावह रूप धारण कर लेती है। दमकल विभाग की चुनौतियां भी कम नहीं हैं। देश के अनेक शहरों में संसाधनों और आधुनिक उपकरणों का अभाव है। ऊंची इमारतों तक पहुंचने वाली हाइड्रोलिक सीढ़ियां और उच्च क्षमता वाले अग्निशमन उपकरण पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं। कई बार संकरी सड़कें, अवैध पार्किंग और अव्यवस्थित यातायात भी दमकल वाहनों के समय पर पहुंचने में बाधा बन जाते हैं। ऐसे में आग पर नियंत्रण पाने में देरी होती है और नुकसान कई गुना बढ़ जाता है। जलवायु परिवर्तन भी इस समस्या को और गंभीर बना रहा है।

हर वर्ष तापमान के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं, जिससे एसी का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। बिजली की मांग बढ़ने से विद्युत व्यवस्था पर भी अतिरिक्त दबाव पड़ता है। कई क्षेत्रों में पुरानी वायरिंग और ओवरलोड ट्रांसफार्मर दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ा देते हैं। इसलिए ऊर्जा अवसंरचना को भी समय के अनुरूप आधुनिक बनाना आवश्यक है, ताकि बढ़ती जरूरतों को सुरक्षित ढंग से पूरा किया जा सके। वास्तव में आधुनिक तकनीक का उद्देश्य जीवन को सरल और आरामदायक बनाना है, न कि उसे संकट में डालना। इसलिए सुविधा और सुरक्षा का संतुलन बनाए रखना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। नोएडा जैसी घटनाएं केवल समाचार नहीं हैं, बल्कि चेतावनी हैं कि यदि हम अभी भी नहीं चेते तो भविष्य में ऐसे हादसे और बढ़ सकते हैं। सरकार को सुरक्षा मानकों का कठोर पालन सुनिश्चित करना होगा, भवन निर्माताओं को अग्नि सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी, कंपनियों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद उपलब्ध कराने होंगे और नागरिकों को जिम्मेदार उपभोक्ता बनना होगा। जब तकनीक के साथ सतर्कता, गुणवत्ता के साथ जिम्मेदारी और सुविधा के साथ सुरक्षा भी जुड़ जाएगी, तभी आधुनिक जीवन वास्तव में सुरक्षित, सुखद और विश्वासपूर्ण बन सकेगा।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मन को स्थिर रखना ही जीवन का सूत्र



संकलित
दर्शन

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

## भक्ति का मतलब ये नहीं कि दुःख नहीं आएंगे



संकलित
प्रेरणा

महाभारत युद्ध के बाद का किस्सा है। पांडवों ने कौरवों को हरा दिया था और युधिष्ठिर राजा बन गए थे। उस समय भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे और प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने की प्रतीक्षा कर रहे थे। भीष्म के पूरे शरीर पर तीर लगे हुए थे। एक दिन श्रीकृष्ण पांडवों के साथ भीष्म से मिलने पहुंचे। श्रीकृष्ण ने भीष्म से कहा कि आप पांडवों को राजधर्म का ज्ञान दें, ताकि ये अपना राज-पाठ अच्छी तरह चला सके। बातचीत करते समय पांडवों ने देखा कि भीष्म पितामह की आंखों में आंसू आ गए थे। पांडवों को इस बात की हैरानी हुई कि भीष्म पितामह जैसे महारथी को भी मृत्यु का डर सता रहा है, इस वजह से इनकी आंखों में आंसु आ गए हैं। जबकि इन्हें तो इच्छामृत्यु का वरदान मिला हुआ है। पांडवों के मन की बात समझकर श्रीकृष्ण ने भीष्म पितामह से पूछा कि आपकी आंखों में आंसू क्यों हैं? श्रीकृष्ण का प्रश्न सुनकर भीष्म ने कहा कि आप तो सब कुछ जानते हैं, मैं पांडवों को भी बता देता हूं। मेरी आंखों में आंसू पांडवों को देखकर आ गए। पांडवों पुत्रों के साथ स्वयं श्रीकृष्ण साथ हैं। फिर भी इनके जीवन में लगातार दुख आते रहे। कदम-कदम पर पांडवों के जीवन में मुश्किलें आईं। इन्हें देखकर मुझे समझ आया कि अगर हमारे भगवान हैं, तब भी इसका मतलब ये नहीं है कि हमारे जीवन में दुख नहीं आएंगे। दुख तो आएंगे, लेकिन भगवान की मदद से हम दुखों का सामना पूरे साहस के साथ कर पाते हैं। भक्ति करेंगे तो भगवान हमें दुखों से लड़ने का साहस देंगे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**साइबर सुरक्षा के लिए जनचेतना जरूरी**

आज हमारे देश में साइबर फ्रॉड के मामले बहुत बढ़ गए हैं। इसके लिए जागरूकता अभियान बहुत जरूरी है। साइबर सुरक्षा के लिए इन बातों पर ध्यान रखना जरूरी है। एसएमएस या व्हाट्सएप पर आए किसी भी अनजान लिंक को न खोलें। किसी को भी ओटीपी या अपने इंटरनेट बैंकिंग की डिटेल न दें। केवाईसी के नाम पर भी साइबर फ्रॉड हो सकता है। इसके लिए बैंक से संपर्क करें। आजकल तो ई-चालान, बिजली बिल भरने के नाम पर धोखाधड़ी के मैसेज आ रहे हैं, इनसे भी सावधान रहें। अपने नेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के पासवर्ड और पिन बदलते रहें। हालांकि सरकार ने साइबर धोखाधड़ी से बचने के अनेक उपाय किए हैं, लेकिन समूह समाज को भी सचेत रहना होगा।

*- मनीषा अग्रवाल, हिसार*

### करंट अफेयर

## अमेरिकी डाक सेवा दिवाली पर जारी करेगी डाक टिकट

अमेरिकी डाक सेवा (यूएसपीएस) ने दिवाली के त्योहार पर आधारित एक डाक टिकट जारी करने की घोषणा की है। यह टिकट इस वर्ष के अंत में जारी किया जाएगा। दिवाली के इस डाक टिकट पर ह्यूस्टन की कलाकार संगीता भूटाडा द्वारा बनाई गई रंगोली की आकृति है जिसकी तस्वीर बिनय दीक्षित ने ली थी। यूएसपीएस ने कहा कि रंगोली फर्श पर की जाने वाली एक खूबसूरत कलाकारी है जिसे पारंपरिक रूप से चावल के रंगीन पाउडर, चॉक और फूलों की पंखुड़ियों जैसी सामग्री से बनाया जाता है तथा इसे शुभ माना जाता है। यूएसपीएस के अनुसार, भूटाडा मूल रूप से भारत की रहने वाली हैं और लंबे समय से ह्यूस्टन क्षेत्र में रह रही हैं। वह करीब 30 वर्षों से रंगोली की प्राचीन लोककला से जुड़ी हुई हैं। इस डाक टिकट को जेनिफर अर्नोल्ड ने डिजाइन किया है और विलियम जे. गिकर इसके कला निदेशक हैं। यूएसपीएस ने बताया कि दिवाली पर आधारित यह डाक टिकट अक्टूबर में जारी किया जाएगा। यूएसपीएस ने कहा, 'हिंदू पंचांग के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में शामिल दिवाली हर वर्ष शरद ऋतु में मनाई जाती है और यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। दिवाली आमतौर पर पांच दिन तक मनाई जाती है। वर्ष 2026 में त्योहार का मुख्य दिन आठ नवंबर को होगा।'




### ऑफ बीट

## कैसे साफ किया जा सकता है अंतरिक्ष में मौजूद कचरा

सत्तर साल पहले पृथ्वी का सिर्फ एक ही प्राकृतिक उपग्रह था-चंद्रमा। आज पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे उपग्रहों की संख्या 15,000 से अधिक हो चुकी है, जिनमें से लगभग 10,000 एलन मस्क की कंपनी 'स्पेसएक्स' के हैं। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति मस्क की योजना 10 लाख और उपग्रह अंतरिक्ष में भेजने की है। इनमें से प्रत्येक की लंबाई लगभग 70 मीटर और चौड़ाई करीब 20 मीटर होगी तथा ये मिलकर अंतरिक्ष में डेटा केंद्रों के रूप में काम करने वाला एक विशाल उपग्रह समूह बनाएंगे। अंतरिक्ष कचरे से आशय पृथ्वी की कक्षा में मौजूद उन सभी वस्तुओं से है, जिनका अब कोई उपयोग नहीं रह गया है। इनमें इस्तेमाल हो चुके रॉकेट के हिस्से, निष्क्रिय या क्षतिग्रस्त उपग्रह तथा अति सूक्ष्म कण भी शामिल हैं। वर्तमान में पृथ्वी की कक्षा में 10 सेंटीमीटर से बड़े कचरे के करीब 36,000 टुकड़े हैं, जबकि इससे छोटे कणों की संख्या करोड़ों में है। अनुमान है कि इस पूरे मलबे का कुल वजन 13,486 टन है। इस मलबे में सबसे बड़ा योगदान अमेरिका, रूस और चीन का है। अंतरिक्ष मलबा इसलिए बेहद खतरनाक है क्योंकि यह लगभग सात किलोमीटर प्रति सैकंड की औसत गति से पृथ्वी की निचली कक्षा में घूम रहा होता है। इतनी तेज गति से होने वाली एक टक्कर किसी उपग्रह को पूरी तरह तोड़ सकती है तथा उससे और भी अधिक अंतरिक्ष मलबा पैदा हो सकता है।



### ट्रेंड

**विजया मेहता को श्रद्धांजलि**



दिग्गज अभिनेत्री और थिएटर डायरेक्टर विजया मेहता के निधन की खबर दिल तोड़ने वाली है। उन्हें मेरी भावभीनी श्रद्धांजलि। विजया ताई ने कई नाटकों और फिल्मों के ज़रिए अहम योगदान दिया।
- **नितिन गडकरी,** केंद्रीय राजमार्ग मंत्री

**इज़राइल दौरा**



हम इज़राइल के रणनीतिक दायरे में और गहरे धंसते जा रहे हैं, जबकि दुनिया उससे तेज़ी से दूर हो रही है। प्रधानमंत्री का इज़राइल दौरा एक हैरान करने वाले रणनीतिक फैसले के तौर पर इतिहास में दर्ज होगा।
- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

**नई ईवी पॉलिसी**



दिल्ली की नई ईवी पॉलिसी को आधिकारिक तौर पर गैज़ेट में नोटिफाई कर दिया गया है और यह अब लागू हो गई है। आज से, इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर खरीदने वालों को 30,000, थ्री-व्हीलर को 50,000 और एन1 कैटेगरी के हल्के कमर्शियल वाहनों के लिए 1 लाख की सब्सिडी मिलेगी।
-**रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

**विकास का अगला चरण**



इस साल असम में बिजली की अधिकतम मांग के 3,000 एमडब्ल्यू से ज़्यादा होने की उम्मीद है, इसलिए हम राज्य को बिजली के मामले में सरप्लस बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम असम को विकास के अगले चरण के लिए तैयार कर रहे हैं।
- **हिमंत बिस्वा सरमा,** सीएम, असम

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

### प्रतिभाओं को मिला गौरव शिखर सम्मान, ऐसे आयोजन देते हैं नई प्रेरणा : मुख्यमंत्री

# गौरव शिखर सम्मान: जबलपुर की 12 विभूतियां सम्मानित मुख्यमंत्री बोले प्रतिभाओं की भूमि है संस्कारधानी

## संस्कारधानी जबलपुर में मंगलवार को पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी की स्मृति में आयोजित 'गौरव शिखर सम्मान' समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ

हरिभूमि जबलपुर।

मानस भवन में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 12 विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित करते हुए कहा कि जबलपुर प्रतिभाओं की भूमि है और यहां की विभूतियों ने देश-दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष के 12 महीने और ज्योतिष की 12 राशियां जीवन की पूर्णता का प्रतीक हैं। उसी प्रकार समाज के विभिन्न क्षेत्रों की 12 विभूतियों का सम्मान नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का अमृत है। उन्होंने आयोजन समिति की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों के प्रति समाज में सम्मान की भावना को सशक्त बनाते हैं।

डॉ. यादव ने कहा कि दादा ईश्वरदास रोहाणी की स्मृति में सम्मान की शुरुआत शिक्षा क्षेत्र से होना अत्यंत सार्थक है, क्योंकि किसी भी समाज की उन्नति का आधार शिक्षा और संस्कार हैं। उन्होंने भारतीय गुरुकुल परंपरा, भगवान श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता और द्रोणाचार्य-द्रुपद प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य श्रेष्ठ मानवीय मूल्यों का निर्माण होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश के उज्जैन स्थित सांदीपनि आश्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रदेश के लिए गौरव का विषय है कि भगवान श्रीकृष्ण ने वहीं शिक्षा प्राप्त की थी। उन्होंने सम्मानित विभूतियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, उद्योग, चिकित्सा, संस्कृति, न्याय, पत्रकारिता और राष्ट्रसेवा जैसे क्षेत्रों में




उनका योगदान समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

उन्होंने समाजसेवी डॉ. कैलाश गुप्ता के 'राम रोटी' अभियान, साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी की कैंसर रोगियों के प्रति सेवा, नंदलाल नेगांधी के संयुक्त परिवार के आदर्श, युवा उद्यमी सरबजीत सिंह कलासी की सफलता, वैदिक विद्वान पंडित रोहित दुबे के कार्यों, उद्योगपति नितिन चंडोक की उपलब्धियों, न्यूरो सर्जन डॉ. वाई.आर. यादव की सेवाओं, ऑनरेरी नेवी सब-लेफ्टिनेंट आर.एन. तिवारी की राष्ट्रसेवा तथा न्यायमूर्ति देवव्रत माधव धर्माधिकारी की निष्पक्ष न्यायप्रियता की विशेष सराहना की। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी को याद करते हुए कहा कि वे जनसेवा, सादगी और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के संकल्प के प्रतीक थे। उन्होंने खराब मौसम के बावजूद कार्यक्रम में विलंब से पहुंचने पर खेद व्यक्त करते हुए कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में शामिल होने का उनका संकल्प अटूट था और महाकाल की कृपा से वे जबलपुर पहुंच सके।

### दादा के आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प

जबलपुर कैंट विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि 'गौरव शिखर सम्मान' की शुरुआत दादा ईश्वरदास रोहाणी के समाजसेवा और जनसेवा के आदर्शों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा कि दादा की इच्छा थी कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तित्वों का सम्मान हो, जिससे नई पीढ़ी राष्ट्रसेवा और समाजसेवा के लिए प्रेरित हो। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का खराब मौसम के बावजूद कार्यक्रम में पहुंचने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आगमन से समारोह को नई गरिमा और सार्थकता मिली।

### 12 विभूतियों का हुआ सम्मान

समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शिक्षा, समाज सेवा, महिला सशक्तिकरण, संस्कृति, युवा प्रेरणा, वैदिक ज्ञान, उद्योग, चिकित्सा, पत्रकारिता, सेना, विधि एवं न्याय के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 12 विभूतियों को 'गौरव शिखर सम्मान' से सम्मानित किया।

### वरिष्ठों का किया गया सम्मान

समारोह का भावनात्मक क्षण तब आया जब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्वयं मंच से उतरकर संस्कार गौरव सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ समाजसेवी नंदलाल नेगांधी तथा विधि रत्न सम्मान से सम्मानित वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन. सिंह का सम्मान करने पहुंचे। उपस्थित लोगों ने इस आत्मीयता का तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया।

### पुस्तक का विमोचन, स्मृति चिन्ह भेंट

कार्यक्रम के समापन पर रोहाणी परिवार ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित स्मृति पुस्तक का विमोचन भी किया। समारोह में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

---

### क्रूज का इंजन-जनरेटर सुरक्षित रखने के निर्देश

# जांच से पहले साक्ष्य से छेड़छाड़ पर आयोग सख्त

**जबलपुर। बरगी जलाशय में गत 30 अप्रैल को हुए क्रूज हादसे की जांच के बीच संभावित साक्ष्यों से छेड़छाड़ के मामले को लेकर जांच आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस संजय द्विवेदी ने दुर्घटनाग्रस्त क्रूज के इंजन, जनरेटर और अन्य महत्वपूर्ण अवशेषों को सुरक्षित स्थान पर संरक्षित रखने के निर्देश जारी किए हैं, ताकि जांच निष्पक्ष और वैज्ञानिक तरीके से पूरी की जा सके।**

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की शिकायत पर आयोग ने अधीनस्थ तहसीलदार को निर्देश दिए हैं कि संबंधित अधिकारियों से यह सुनिश्चित कराया जाए कि क्रूज के इंजन, जनरेटर और अन्य तकनीकी



अवशेष सुरक्षित रखे गए हैं। आयोग ने पूर्व में भी इन साक्ष्यों को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए थे, जिन्हें दोबारा दोहराया गया है। मंच के अध्यक्ष डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने आयोग को सौंपे प्रतिवेदन में आरोप लगाया कि जांच शुरू होने से पहले ही क्रूज को डिस्मेंटल (खोलने) की कार्रवाई कर दी गई, जिससे उसकी क्षमता और तकनीकी स्थिति का सही आकलन प्रभावित हो सकता है। शिकायत में कहा गया है कि यदि जलस्तर बढ़ने के कारण शेष अवशेष भी नष्ट हो गए तो हादसे की सच्चाई सामने लाना कठिन हो जाएगा। मंच ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए मांग की है कि जांच पूरी होने से पहले साक्ष्यों से छेड़छाड़ करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए। इस दौरान नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के अध्यक्ष डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव एवं एडवोकेट नरेंद्र कुमार अधौलिया उपस्थित रहे।

---

### कृषि विभाग के प्रतिवेदन पर कार्रवाई

# नकली उर्वरक बनाने वालों पर एफआईआर दर्ज

**जबलपुर।** जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम करौंदी में नकली उर्वरक निर्माण का मामला सामने आया है। कृषि विभाग की शिकायत पर थाना कटंगी पुलिस ने आरोपी बहादुर राजपूत के खिलाफ उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, कार्यालय उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास, जबलपुर के उर्वरक निरीक्षक पंकज कुमार श्रीवास्तव की लिखित शिकायत पर कार्रवाई की गई। शिकायत में बताया गया कि 26 जून 2026 को विभाग को सूचना मिली थी कि ग्राम करौंदी निवासी बहादुर राजपूत अपने घर पर नकली डीएपी उर्वरक का निर्माण कर रहा है।



शिकायत के आधार पर 27 जून को अनुविभागीय कृषि अधिकारी पाटन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पाटन तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पनागर की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान आरोपी के घर से बड़ी मात्रा में उर्वरक से संबंधित सामग्री बरामद हुई।

जांच टीम को मौके से डीएपी अंकित 100 खाली बोरियां, पारादीप फॉस्फेट लिमिटेड की डीएपी अंकित 56 खाली बोरियां, डीएपी से भरी 31 बोरियां तथा डीएपी के समान दिखने वाले काले दाने से भरी 61 बोरियां मिलीं। उर्वरक निरीक्षक ने भरी हुई बोरियों से नमूने लेकर उन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेज दिया है।

जांच प्रतिवेदन के आधार पर कृषि विभाग ने पाया कि आरोपी द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 की धारा 7 एवं 19(सी)(2) तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3 एवं 7 का उल्लंघन किया गया है। इसके बाद विभाग की ओर से एफआईआर दर्ज कराई। कटंगी पुलिस ने आरोपी बहादुर राजपूत पिता परमानंद राजपूत, निवासी ग्राम करौंदी, के विरुद्ध संबंधित धाराओं में अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं जब्त किए गए उर्वरक के नमूनों की परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

---

### चार साल बाद भी अभियोजन स्वीकृति का इंतजार

### क्या रिटायरमेंट तक फाइल दबाकर रखने की तैयारी?

### लोकायुक्त को जबलपुर से भोपाल फाइल भेजने में लग गए चार साल

# भ्रष्टाचार के आरोपी पर नागरिक आपूर्ति निगम की इतनी मेहरबानी क्यों?

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्यप्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का दावा करती है, लेकिन नागरिक आपूर्ति निगम से जुड़ा एक चर्चित रिश्वत प्रकरण इन दावों को कठघरे में खड़ा करता नजर आ रहा है। सवाल यह नहीं है कि रिश्वत का मामला दर्ज हुआ या नहीं, सवाल यह है कि आखिर चार साल बाद भी कार्रवाई अपनी मंजिल तक क्यों नहीं पहुंच सकी?

कटनी में वर्ष 2022 में रिश्वत प्रकरण में लोकायुक्त कार्रवाई का सामना करने वाले नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारी संजय सिंह के मामले में अब तक अभियोजन स्वीकृति नहीं मिल सकी है। इस बीच न केवल समय गुजरता रहा बल्कि अधिकारी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों पर बने रहे। अब जबकि जुलाई में उनके सेवानिवृत्त होने की चर्चा है, पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है।




### चार साल तक फाइलों में कैद रहा मामला

सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि मामला इतना गंभीर था कि एफआईआर दर्ज हुई और जांच आगे बढ़ी, तो फिर अभियोजन स्वीकृति की प्रक्रिया चार वर्षों तक लंबित क्यों रही?क्या फाइल किसी टेबल पर रुकी रही? क्या किसी स्तर पर प्रशासनिक उदासीनता रही? या फिर प्रक्रिया की धीमी रफ्तार ने पूरे मामले को वर्षों तक थामे रखा?

### जबलपुर से भोपाल पहुंचने में लग गए चार साल

सूत्रों के अनुसार, अभियोजन स्वीकृति के लिए फाइल अब जाकर भोपाल भेजी गई है। यदि यह तथ्य सही है तो यह अपने आप में बड़ा सवाल है कि जबलपुर से भोपाल तक की प्रशासनिक यात्रा पूरी करने में चार वर्ष क्यों लग गए? भ्रष्टाचार के मामलों में त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा रखने वाली जनता के लिए यह देरी समझ से परे है।

### क्या रिटायरमेंट का इंतजार हो रहा है?

प्रशासनिक गलियारों में चर्चा इस बात की भी है कि नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंधक संजय सिंह जुलाई में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या कार्रवाई रिटायरमेंट के बाद तक टल जाएगी? यदि ऐसा होता है तो यह केवल एक मामले की देरी नहीं होगी, बल्कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की पूरी व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न होगा।

### कठघरे में जीरो टॉलरेंस की नीति

भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती का अर्थ केवल ट्रैप कार्रवाई नहीं है। असली कसौटी तब होती है जब मामलों को समयबद्ध तरीके से न्यायालय तक पहुंचाया जाए और विभागीय स्तर पर जवाबदेही तय की जाए। यदि रंगे हाथों पकड़े गए मामलों में भी वर्षों तक कार्रवाई लंबित रहती है, तो ₹जीरो टॉलरेंस₹ का नारा जनता के बीच अपना प्रभाव खोने लगता है।

### अधिकारी क्या कहेगे इस पर

- चार साल तक अभियोजन स्वीकृति लंबित क्यों रही?
- जबलपुर से भोपाल फाइल पहुंचने में इतना समय क्यों लगा?
- क्या कार्रवाई से पहले सेवानिवृत्ति का इंतजार किया जा रहा है?
- भ्रष्टाचार के मामलों में जवाबदेही तय कौन करेगा?
- क्या ₹जीरो टॉलरेंस₹ की नीति सभी मामलों में समान रूप से लागू होती है?

---

### एसबीसी चुनाव

# भदौरिया और गौरव मिश्रा ने बनाई बढ़त

### हर दौर की मतगणना के साथ मुकाबला हो रहा रोचक

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल (एसबीसी) निर्वाचन-2026 की मतगणना जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है, मुकाबला भी उतना ही दिलचस्प होता जा रहा है। अब तक की गिनती में राकेश सिंह भदौरिया, गौरव मिश्रा, जितेन्द्र कुमार शर्मा, दिनेश कुमार शुक्ला और डा. विजय कुमार चौधरी बढ़त बनाए हुए हैं, जबकि महिला वर्ग में प्रतीका पाठक सबसे आगे चल रही हैं। जिला ग्वालियर, हरदा और होशंगाबाद की मतपेटियों की गिनती का एक चरण बुधवार को पूरा हुआ। नर्मदापुरम जिले की तहसीलों की मतगणना गुरुवार को होगी, जबकि इंदौर की मतपेटियों की गिनती भी शुरू होगी। मतगणना के हर चरण में प्रत्याशियों और उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी से पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी हुई है।

महिला प्रत्याशियों ने भी मुकाबले को रोचक बना दिया है। प्रतीका पाठक के साथ अब्बू पटेल, राजकुमारी शर्मा, गायत्री सुर्वे और रश्मि ऋतु जैन भी मजबूत दावेदारी के साथ चुनावी दौड़ में बनी हुई हैं। इससे अधिवक्ता समुदाय में महिला नेतृत्व की बढ़ती भागीदारी भी साफ दिखाई दे रही है।

16 जून से जारी मतगणना में अब तक 21,304 मतपत्रों की गणना हो चुकी है। इनमें 20,514 मत वैध पाए गए, जबकि 790 मतपत्र नियमों के अनुरूप नहीं होने से निरस्त कर दिए गए। निर्वाचन की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मतगणना का प्रतिदिन सीधा प्रसारण किया जा रहा है। अब सभी की निगाहें अगले चरण की मतगणना पर टिकी हैं, जहां बढ़त का समीकरण बदल भी सकता है।

**खबर संक्षेप**

### ट्रेन से नीचे गिरे यात्री की हालत गंभीर

**कटनी।** ट्रेन के गेट पर बैठा एक यात्री अचानक असंतुलित होकर नीचे गिर गया। इस हादसे में यात्री के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घायल यात्री की हालत नाजुक बनी हुई है। ट्रेन से यात्री के गिरने की खबर मिलते ही रेलवे अमला तुरंत हरकत में आया और राहत कार्य शुरू किया गया। अमदरा के स्टेशन मास्टर ने कटनी के डिप्टी एसएस कमर्शियल सुरजीत आचार्य को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही डिप्टी एसएस ने सफाई मित्रों को मौके पर भेजा और साथ ही '108 एम्बुलेंस' को कॉल किया। रेलवे टीम और एम्बुलेंस ने बिना देरी किए लहूलुहान हालत में ट्रैक के किनारे पड़े यात्री को उठाया और तत्काल कटनी जिला अस्पताल के लिए रवाना किया। जानकारी के मुताबिक, यात्री की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। डॉक्टरों का कहना है कि हादसे में यात्री के सिर में गहरी चोट आई है और काफी खून बह चुका है। अंदरूनी चोटें अधिक होने के कारण मरीज को आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। डॉक्टरों की एक विशेष टीम उसकी जान बचाने के लिए लगातार इलाज में जुटी हुई है। अगले कुछ घंटे मरीज के लिए बेहद नाजुक बताए जा रहे हैं। गंभीर रूप से घायल होने के कारण यात्री फिलहाल कुछ भी बोलने की स्थिति में नहीं है। रेलवे पुलिस और स्थानीय प्रशासन यात्री के पास मिले सामान और टिकट के जरिए उसकी पहचान स्थापित करने की कोशिश कर रही है, ताकि उसके परिजनों को हादसे की सूचना दी जा सके।

### वन अधिकार दावों के पुनः परीक्षण के लिए चलेगा विशेष अभियान

**कटनी।** वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत लंबित एवं निरस्त दावों के पुनः परीक्षण के लिए प्रदेशभर में बुधवार से एक विशेष अभियान शुरू हो गया है। यह अभियान 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। जिले में इस अभियान के संचालन के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इस अभियान में व्यक्तिगत वन अधिकार (IFR) और सामुदायिक वन अधिकार (CFR) से जुड़े दावों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही नए दावों को भी अभियान के दौरान स्वीकार कर उनका परीक्षण किया जाएगा। पूर्व में 31 दिसंबर 2025 तक दावों के परीक्षण का कार्य किया गया था, जिसमें लगभग 87,233 दावों में से 20,994 दावों का निराकरण किया गया था। शेष 66,239 दावों के निराकरण के लिए अब यह विशेष पुनः परीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक ग्राम में विशेष कैंप लगाकर दावों का परीक्षण किया जाएगा। इसके लिए ग्रामीणों को पहले से सूचना देकर अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर श्री तिवारी ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

### नवोदय विद्यालय में चयनित हुई कामना सिंह

**उमरियापान।** संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उमरियापान की कक्षा 11वीं की छात्रा कामना सिंह का लैटरल एंट्री के माध्यम से जिले के पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बड़वारा में गणित संकाय के लिए चयन हुआ है। यह चयन केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया गया है। उमरियापान के समीप स्थित ग्राम बरेली निवासी मोहन सिंह की पुत्री कामना सिंह ने अपनी मेहनत और लगन से परीक्षा में सफलता प्राप्त कर नवोदय विद्यालय में अध्ययन का अवसर हासिल किया है। छात्रा की इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ विद्यालय में भी खुशी का माहौल है। जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा के प्राचार्य पी. प्रकाश ने संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उमरियापान के प्राचार्य मुकेश पटेल को छात्रा के चयन की जानकारी दी। छात्रा की इस सफलता पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कामना सिंह को बधाई दी है।



---

**प्रियदर्शनी बस स्टैंड में परिवहन एवं यातायात विभाग की संयुक्त कार्रवाई**

# मनमानी पड़ गई महंगी: 7 बसों पर ठोंका जुर्माना, 8 की फिटनेस निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में सड़क एवं यात्री सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा बुधवार को कटनी बस स्टैंड पर संयुक्त सघन जांच अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी संतोष पॉल के नेतृत्व में संपन्न हुई।

अभियान के दौरान कुल 41 यात्री बसों का निरीक्षण किया गया। जांच में 7 बसों में विभिन्न प्रकार की कमियां पाई गईं, जिन पर मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 7 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। संबंधित वाहन संचालकों को भविष्य में सभी नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

जांच के दौरान एक गंभीर अनियमितता भी सामने आई, जिसमें 8 बसों में आपातकालीन निकास (इमरजेंसी डोर) के सामने सीटें लगाई गई थीं। इसे यात्रियों की सुरक्षा के साथ गंभीर लापरवाही मानते हुए संबंधित बसों की फिटनेस तत्काल प्रभाव से





निरस्त कर दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित मानकों के अनुरूप सुधार और पुनः निरीक्षण के बाद ही इन बसों की फिटनेस बहाल की जाएगी।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री संतोष पॉल ने कहा कि यात्री वाहनों में सुरक्षा मानकों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता है। इमरजेंसी निकास को अवरुद्ध करना किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने बस संचालकों से नियमित वाहन रखरखाव एवं सभी वैधानिक दस्तावेज अद्यतन रखने की अपील की।

यातायात विभाग के अधिकारियों ने वाहन चालकों एवं परिचालकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि नियमों का पालन केवल कानूनी बाध्यता नहीं, बल्कि यात्रियों के जीवन की सुरक्षा से जुड़ी जिम्मेदारी भी है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में परिवहन नियमों के उल्लंघन, ओवरलोडिंग तथा सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले वाहनों के विरुद्ध ऐसे संयुक्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि सुरक्षित एवं व्यवस्थित सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

---

# मूंग-उड़द खरीदी के लिये 7 उपार्जन केंद्र निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) के लिए समर्थन मूल्य पर ग्रीष्मकालीन मूंग एवं उड़द का उपार्जन 1 जुलाई से प्रारंभ हो गया है, जो 10 अगस्त 2026 तक जारी रहेगा। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशानुसार जिले में किसानों की सुविधा के लिए 7 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द की खरीदी की जाएगी।

सरकार द्वारा इस वर्ष एफएक्यू (FAQ) गुणवत्ता वाली मूंग का समर्थन मूल्य 8,767 रुपये प्रति क्विंटल तथा उड़द का समर्थन मूल्य 7,800 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

#### इन केन्द्रों में होगा उपार्जन

कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, कटनी तहसील के लिए प्राथमिक कृषि साख समिति कैलवाराकला द्वारा CWC परिसर इमलिया में खरीदी की जाएगी। ढीमरखेड़ा तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति पान उमरिया द्वारा राधेकृष्ण वेयरहाउस, बड़वारा तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति विलायतकला द्वारा पंचमुखी वेयरहाउस बसाड़ी, बहोरीबंद तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति हथियागढ़ द्वारा जय रूपनाथ वेयरहाउस बचैया, विजयराघवगढ़ तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति जिवारा द्वारा CWC माँ शारदा वेयरहाउस अमुवारी, बरही तहसील में प्राथमिक कृषि साख समिति पिपरियाकला तथा स्लीमनाबाद तहसील में महाकाल विपणन सहकारी समिति बहोरीबंद द्वारा तिवारी ब्रदर्स वेयरहाउस स्लीमनाबाद में खरीदी की जाएगी।

#### सप्ताह में 5 दिन होगा उपार्जन कार्य

उपार्जन कार्य सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक संचालित किया जाएगा। किसानों को शाम 6 बजे तक तौल पर्ची जारी की जाएगी। विशेष परिस्थितियों में ही शनिवार को तौल कार्य किया जाएगा।

केंद्र प्रभारियों को मौसम के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें वाटरप्रूफ तिरपाल, नमी मापी यंत्र (मॉइस्चर मीटर), बड़े इलेक्ट्रॉनिक कांटे, छननी तथा ग्रेडिंग मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करना शामिल है।

---

**न्यायालय ने सुनाया फैसला, अर्थदंड से भी किया दंडित**

# हत्या के प्रयास के मामले में 4 आरोपियों को 10 साल के सश्रम कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हत्या का प्रयास के मामले में न्यायालय ने चार आरोपियों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया है। न्यायालय ने सुनवाई करते हुए ग्राम झिरिया निवासी अविनाश तिवारी, हेमंत तिवारी, रामपाल तिवारी, एवं शिवराम तिवारी को धारा 307/34 भादवि (हत्या का प्रयास) में सभी आरोपियों को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास और 1,000 - 1,000 रुपये का अर्थदण्ड, धारा 323/34 भादवि में सभी आरोपियों को 06-06 माह का सश्रम कारावास और 1,000 - 1,000 रुपये का अर्थदण्ड से दंडित किया है।

#### प्रकरण का घटनाक्रम

मीडिया सेल प्रभारी सुरेन्द्र कुमार गर्ग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार घटना 5 नवंबर 2019 की शाम करीब 05:30 बजे की है। पीड़ित छात्र



शिवनारायण तिवारी जब बरही स्कूल से घर लौटा, तो उसने अपने दादा (सूचनाकर्ता) नंदकुमार तिवारी को बताया कि अनुराग तिवारी ने स्कूल में उसे दो झापड़ मारे हैं। जब शिवनारायण के पिता रामनारायण ने अनुराग को बुलाकर समझाने का प्रयास किया, तो अनुराग गाली-गलौज पर उतारू हो गया और जान से मारने की धमकी दी। इसी बीच आरोपी शिवराम, रामपाल और हेमंत तिवारी वहां पहुंचे और रामनारायण के साथ मारपीट कर उनके कपड़े फाड़ दिए। इसी दौरान अनुराग तिवारी ने ट्रैक्टर की लोहे की पट्टी उठाकर और अविनाश तिवारी ने लाठी से शिवनारायण के सिर पर जोरदार हमला कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण शिवनारायण जमीन पर गिर गया। बीच- बचाव के बाद परिजन उसे तत्काल बरही सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय कटनी और फिर वहां से जबलपुर रेफर किया गया।

घटना के बाद थाना बरही में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई थी। पुलिस ने गवाहों के बयान, घटना स्थल का पटवारी नक्शा और वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाकर न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया।

प्रकरण की पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक नारायण तिवारी (कटनी) द्वारा की गई। उन्होंने न्यायालय के समक्ष सभी महत्वपूर्ण गवाह, दस्तावेज और वैज्ञानिक साक्ष्य मजबूती से प्रस्तुत किए। न्यायालय ने अभियोजन के तर्कों से सहमत होते हुए आरोपियों को इस गंभीर अपराध के लिए कड़ा दंड सुनाया।

---

**बैंक शाखा परिसर में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम**



थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा श्रीमती महिमा रघुवंशी के निर्देशन में एएसआई विजेंद्र तिवारी, आरक्षक गंधर्व एवं आरक्षक दुम्मन द्वारा ढीमरखेड़ा स्थित एसबीआई शाखा में बैंक कर्मचारियों की उपस्थिति में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बैंक उपभोक्ताओं एवं ग्रामीण नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।इस अवसर पर एएसआई विजेंद्र तिवारी ने उपस्थित नागरिकों को बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ फोन पर अपना OTP, UPI पिन, बैंक खाता विवरण, एटीएम/डेबिट कार्ड नंबर, CVV अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। साथ ही मोबाइल पर प्राप्त किसी भी संदिग्ध या अज्ञात लिंक पर क्लिक करने से बचें, क्योंकि इससे साइबर ठग बैंक खाते से धनराशि निकाल सकते हैं।उन्होंने नागरिकों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो जाए, तो बिना विलंब किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा www.cyber-crime.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत करें, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

---

# जिले के 451 हितग्राहियों के बैंक खाते में पहुंची 9 करोड़ 61 लाख रुपए की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नें राज्य स्तरीय कार्यक्रम से सिंगल क्लिक के माध्यम से संबल योजना अंतर्गत जिले के 451 हितग्राहियों के बैंक खाते में 9 करोड़ 61 लाख रुपए की अनुग्रह राशि अंतरित की है।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिले के कलेक्ट्रेट कार्यालय स्तिथ एनआईसी कक्ष के साथ समस्त निकायों के मुख्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट कार्यालय कटनी में स्थित एनआईसी कक्ष में नगर निगम एवं जनपद पंचायत कटनी के हितग्राहियों के साथ-साथ श्रम विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री द्वारा जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के 88 संबल योजना के हितग्राहियों के खाते में 01 करोड़ 87 लाख रुपए की राशि अंतरित हुई है। इसी प्रकार जनपद पंचायत कटनी के 73 हितग्राहियों कों 01 करोड़ 58 लाख रूपये की राशि, जनपद पंचायत बड़वारा के 66 हितग्राहियों कों 01 करोड़ 46 लाख रूपये की राशि अंतरित की गयी।

इसी प्रकार जनपद पंचायत रीठी के 64 हितग्राहियों कों 01 करोड़ 36 लाख रूपये , जनपद पंचायत बहोरीबंद के 81 हितग्राहियों कों 01 करोड़ 66 लाख रूपये ,जनपद पंचायत विजयराघवगड़ के 66 हितग्राहियों कों 01 करोड़ 42 लाख रूपये , नगर निगम कटनी के 07 हितग्राहियों कों 14 लाख रूपये , नगर परिषद केमोर के 03 हितग्राहियों कों 06 लाख रूपये एवं नगर परिषद बरही के 03 हितग्राहियों कों 06 लाख रूपये की राशि अंतरित की गयी है।

मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना, असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए महत्वपूर्ण योजना है। योजना में अनुग्रह सहायता योजना अंतर्गत दुघर्टना में मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये एवं सामान्य मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये प्रदान किये जाते हैं। स्थायी अपंगता पर 2 लाख रूपये एवं आंशिक स्थायी अपंगता पर 1 लाख रूपये तथा अंत्येष्टि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये प्रदान किये जाते हैं। संबल योजना में महिला श्रमिकों को प्रसूति सहायता के रूप में 16 हजार रूपये दिये जाते हैं, साथ ही श्रमिकों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना में उच्च शिक्षा के लिये सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क सरकार द्वारा वहन किया जाता है।

---

**कुकिंग कॉम्पटीशन का सीईओ ने निरीक्षण कर लिया जायजा**

# पौष्टिक आहार और व्यंजनों को चखा विजेता प्रतिभागियों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत आयोजित कुक-कम हेल्पर के कुकिंग कांपटीशन प्रतियोगिता का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए विभिन्न स्व सहायता समूहों की 30 रसोइयों/प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

**व्यंजनों को चखकर करी प्रशंसा**

जिला पंचायत के उपाध्यक्ष एवं सीईओ सुश्री कौर ने प्रतिभागियों द्वारा मोटे अनाज (मिलेट्स) और अन्य पोषक तत्वों से युक्त सामग्री से बनाए गए पौष्टिक भोजन और व्यंजनों को चखकर पाक कला के



हुनर की मुक्त कंठ से सराहना की।

जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्री विश्वकर्मा और श्रीमती कौर ने विजयी प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागियों को क्रमशः 5000, 3000 और 2000 रुपए की नगद राशि, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर प्रोत्साहित किया। वही सांत्वना पुरस्कार के रूप में□1000 की नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पाक कला में पारंगत स्वसहायता समूह की महिलाओं की हौसला अफजाई की गई।

जनपद पंचायत कटनी एवं जनपद शिक्षा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कुकिंग कंपटीशन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान जय अंबे स्व सहायता समूह की ज्योति राव, द्वितीय स्थान कल्याणी समूह की श्रीमती अर्चना तिवारी और जागृति समूह की श्रीमती देवकी बाई एवं तृतीय स्थान पर श्रीराम समूह की राजकुमारी त्रिपाठी वैभव समूह की श्रीमती जमुना बैरागी एवं गंगा समूह की शाहिस्ता को नगद राशि शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

कुकिंग कंपटीशन का उद्देश्य मध्यान्ह भोजन में उपयोग की जाने वाली सामग्री से अधिक स्वादिष्ट पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन तैयार करने की संस्कृति को प्रोत्साहित करना, भोजन निर्माण में नवाचार एवं रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना, स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अनाजों, दालों ,हरी सब्जियां, मोटे अनाज एवं अन्य पोषक तत्वों से युक्त व्यंजनों को बढ़ावा देना, स्थानीय एवं पारंपरिक व्यंजनों की पहचान करना जो विद्यार्थियों को अधिक पसंद आए तथा भविष्य में उन्हें मध्यान्ह भोजन के मेन्यू में सम्मिलित किया जा सके। पोषण, स्वाद एवं लागत के मध्य संतुलन स्थापित कर शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप भोजन निर्माण को बढ़ावा देना है।

---

**कटनी जिले में लागू हुई विकसित भारत अधिनियम जी राम जी**

# अब साल भर में मिलेगा 125 दिन का रोजगार, विकास में तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में बुधवार 1 जुलाई से विकसित भारत जी राम जी अधिनियम पूरी तरह से लागू हो गया है। अधिनियम के लागू होने से अब वर्ष भर में 125 दिन का रोजगार मिलेगा। इससे न सिर्फ ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि अधोसंरचनात्मक विकास को भी गति मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका एवं अधोसंरचनात्मक विकास के दृष्टिगत भारत सरकार द्वारा विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम-जी) अधिनियम-2025 को पहले ही अधिसूचित किया जा चुका है। प्रदेश में विकसित भारत जी राम जी अधिनियम लागू होने के साथ ही मनरेगा अधिनियम स्वतः ही निरस्त हो गया है।

विकसित भारत-जी राम जी अधिनियम ग्रामीण विकास के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक परिवर्तन है जो विकसित भारत @2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एक समेकित रूप में भविष्य उन्मुख एवं उत्पादकता आधारित ग्रामीण विकास में ढांचागत परिवर्तन कर एक नए युग की शुरुआत करता है।

अधिनियम के अंतर्गत प्रत्येक ग्रामीण परिवार के वयस्क सदस्य जो अकुशल कार्य करने के इच्छुक हैं उनके लिए एक वित्तीय वर्ष में 125 दिन के रोजगार का प्रावधान किया गया है। इससे ग्रामीणों की आय में वृद्धि के साथ आजीविका की सुरक्षा को मजबूती प्राप्त होगी। अधिनियम के प्रावधानों में श्रमिकों द्वारा कार्य की मांग करने पर उसे समय सीमा में कार्य उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है, अन्यथा उसे श्रमिक बेरोजगारी भत्ता पाने का हक होगा। अधिनियम के तहत कार्य करने वाले श्रमिकों को समय सीमा में प्रत्यक्ष भुगतान प्रणाली (डायरेक्ट बेनीफिट ट्रान्सफर-डीबीटी) के माध्यम से उनके बैंक अथवा डाकघर खातों में भुगतान किया जाना अनिवार्य किया गया है। अन्यथा वह श्रमिक विलम्बित क्षतिपूर्ति पाने का पात्र होगा।

अधिनियम में विकसित भारत @2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप भारत राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना स्टैक व पीएम गति शक्ति के एकीकरण सहित शुरू किए जाने वाले कार्यों में जल-संबंधी कार्यों के माध्यम से जल सुरक्षा, ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत अवसंरचना, आजीविका-संबंधी अवसंरचना तथा प्रतिकूल मौसमीय घटनाओं के शमन के लिये कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

वीबी जी राम जी अधिनियम में बुवाई और कटाई के पीक सीजन में कृषि श्रमिकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक वित्तीय वर्ष में 60 दिनों की अवधि 'विराम अवधि' के रूप में रहेगी, जिससे कृषि कार्य के लिये श्रमिकों की उपलब्धता रहे।

#### पारदर्शिता के लिए होगी डिजिटल निगरानी

अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन, जवाबदेही और पारदर्शिता के लिये डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना रियल टाइम निगरानी और उन्नत पारदर्शिता तन्त्र के माध्यम से मजबूती प्रदान करता है। इस प्रणाली में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, मोबाइल आधारित निगरानी, रियल टाइम डेशबोर्ड, एआई तकनीकी का प्रयोग किया जाना है, जिससे पारदर्शिता के साथ क्रियान्वयन, निगरानी, समयबद्ध रिपोर्टिंग और सुधारात्मक कार्यवाही की जा सकेगी।

#### पंचायतें बनाएंगी कार्ययोजना

अधिनियम में कार्ययोजना विकसित ग्राम पंचायत प्लान के माध्यम से ग्राम पंचायतों द्वारा तैयार की जाएंगी, जिसमें पंचायतों की भौगोलिक स्थिति एवं विकास स्तर के अनुसार आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाएगा। क्रियान्वयन में ग्राम पंचायत की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वह श्रमिकों का पंजीकरण करने, ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्ड जारी करने के लिए उत्तरदायी होगी।

---

# छात्राओं से कहा अनुशासित जीवन ही सफलता की कुंजी है

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालयों में सत्र 2026-27 के लिए नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु 1 जुलाई से 3 जुलाई तक तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रथम दिवस पर बुधवार शासकीय कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शासकीय कन्या महाविद्यालय, कटनी में नवप्रवेशित छात्राओं के लिए आयोजित इस दीक्षारंभ कार्यक्रम में महाविद्यालय परिसर की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ विषयों के प्राध्यापकों से परिचय कराया गया।

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने नवप्रवेशित छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय में प्रवेश लेने के साथ ही छात्राओं को अपने अध्ययन के प्रति समर्पित रहना होगा। उन्होंने अनुशासन के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अनुशासित जीवन ही सफलता की कुंजी है।

दीक्षारंभ कार्यक्रम की संयोजन के.जे. सिन्हा ने अपने संबोधन में छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि यह महाविद्यालय आपका अपना है, जहां आप मेहनत और लगन से अपने भविष्य के सपनों को साकार कर सकती हैं। उन्होंने छात्राओं को महाविद्यालय के शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक अवसरों में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. विमला मिंज ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालयी शिक्षा पूर्ण करने के बाद अब छात्राएं महाविद्यालय के नए शैक्षणिक परिवेश में प्रवेश कर रही हैं। यह न केवल उनकी शैक्षणिक यात्रा का नया चरण है, बल्कि उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

## खबर संक्षेप

### बुंदेली शेफ को मिलीं 26 में से पहली छह प्रतिभाएं




**छतरपुर।** बुंदेलखंड की रसोइयों से उठती महक अपने पहले पड़ाव को पार कर आगे बढ़ चली है। 'बुंदेली शेफ सीज़न 4' का पहला ऑडिशन सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है और इसके साथ ही इस बहुप्रतीक्षित ऑनलाइन कुकिंग प्रतियोगिता की नई यात्रा ने रफ्तार पकड़ ली है। पहले ही चरण में बुंदेलखंड की महिलाओं ने अपने स्वाद, रचनात्मकता और पाक-कला का ऐसा परिचय दिया कि प्रतियोगिता का रोमांच शुरुआत से ही देखने लायक बन गया। इस प्रतियोगिता के पहले ऑडिशन में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद 26 प्रतिभागियों में से 6 प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर अगले चरण के लिए स्थान बनाया। इन प्रतिभागियों में सौम्या जैन, हेमा गुप्ता, नेहा गुप्ता, आकांक्षा प्रजापति, कल्पना अवस्थी और अलका आनंद के नाम शामिल हैं, जिन्होंने स्वाद के बूते अगले चरण के लिए अपनी जगह पक्की की। इन प्रतिभागियों ने साबित किया कि बुंदेलखंड की रसोइयों में स्वाद के साथ-साथ अद्भुत प्रतिभा भी बसती है। जिन प्रतिभागियों ने पहले ऑडिशन में हिस्सा नहीं लिया, उनके लिए अभी-भी अपनी पाक-कला का जादू दिखाने का अवसर मौजूद है। प्रतियोगिता का दूसरा ऑडिशन 10 जुलाई और तीसरा ऑडिशन 20 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। इन दोनों चरणों के बाद चयनित प्रतिभागी क्वार्टर फाइनल, सेमी फाइनल और अंततः अगस्त के अंत में होने वाले भव्य ग्रैंड फिनाले तक पहुँचने के लिए मुकाबला करेंगी।

### अटल भवन में जोन-8 की समीक्षा बैठक



**भोपाल।** निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने मंगलवार को जोन-8 के तहत जनसुविधा, विकास सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निगम द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों को गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जोन-8 के जोनल अधिकारी, सहायक यंत्री, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### बीयू: 105 पदों पर भर्ती के लिए मिली हरी झंडी

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतिश्वविद्यालय में कुल 105 पदों पर भर्ती के लिए सर्वोच्य न्यायालय के निर्णय के बाद भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव द्वारा जारी आदेश के अनुसार बीयू की ओर से विवि में 105 पदों पर भर्ती के लिए विभागीय आदेश के माध्यम से पद स्वीकृत किए थे, जिन पर न्यायालय ने अपना निर्णय देते हुए भर्ती का रास्ता साफ कर दिया है।

### सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मानित

**भोपाल।** मंडल में जून में रेल सेवा से निवृत्त हुए 1 अधिकारी एवं 43 कर्मचारियों को मंडल कार्यालय में आयोजित एक समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी की अध्यक्षता में सेवानिवृत्त कर्मियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त 44 रेलकर्मियों में 1 राजपत्रित अधिकारी वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी विजय शकर गौतम एवं कर्मचारियों में मुख्य टिकट परीक्षक,सहित विभिन पदों पर कार्यरत 43 रेल कर्मचारी शामिल थे।

---

मान्यता है कि सच्चे मन से प्रार्थना करने वाले भक्तों की पूर्ण होती हैं मनोकामनाएं

# प्राचीन श्री नागेश्वरी अम्मन मंदिर में 48 दिवसीय मंडल पूजा का पूर्णाहूति व महाभंडारे के साथ हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आस्था और श्रद्धा के केंद्र प्राचीन श्री नागेश्वरी अम्मन मंदिर में चल रहे 48 दिवसीय मंडल पूजा एवं विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का मंगलवार को समापन हो गया। इस मौके पर विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ के साथ पूर्णाहूति, महाअभिषेक, विशेष श्रृंगार एवं विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर समिति के सुब्रमण्यम, के अनुसार, महाकुंभ अभिषेकम के बाद लगातार 48 दिनों तक प्रतिदिन वैदिक पंडितों द्वारा सभी



48 दिवसीय मंडल पूजा एवं विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का समापन।

देवी-देवताओं का अभिषेक, पूजन, हवन, विशेष आरती एवं धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। समापन दिवस पर गणपति पूजा, कलश स्थापना, शिव पूजा, नवग्रह पूजा एवं श्री नागेश्वरी अम्मन की विशेष पूजा-अर्चना के बाद वैदिक रीति-रिवाजों से हवन किया गया।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार श्री नागेश्वरी अम्मन मंदिर क्षेत्र के सबसे प्राचीन एवं चमत्कारिक मंदिरों में से एक है, ऐसी मान्यता है कि सच्चे मन से मां नागेश्वरी अम्मन के दरबार में प्रार्थना करने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस मौके पर बी. एस. मूर्ति, पी. राजू, शंकर



मंडल पूजा एवं विशेष धार्मिक अनुष्ठान में मौजूद महिला श्रद्धालु।

स्वामी, पेरियास्वामी, सुब्रमण्यम, विजय कुमार, कार्तिक अय्यर, राकेश कुमार, पन्नू स्वामी, मुकेश, अनीता, पी. लक्ष्मी सहित मंदिर समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

---

10 नंबर मार्केट के हाल: टूटी जालियां, लटकते तार, शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

# ट्रांसफॉर्मर के नीचे दोपहिया वाहनों की पार्किंग, बारिश में बढ़ा करंट का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के नए शहर के मुख्य व्यवसायिक केंद्र 10 नंबर मार्केट में ट्रांसफार्मर के ठीक नीचे दोपहिया वाहन खड़े किए जा रहे हैं। यहां सड़क किनारे बनाई गई पार्किंग के कारण दुकानदारों और बाजार आने वाले लोगों को मजबूरी में अपनी गाड़ियां ट्रांसफार्मर के नीचे पार्क करनी पड़ रही हैं। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। ट्रांसफार्मर के पास फूलों की दुकानें और कचरा कैफे समेत चाय की 20 से ज्यादा दुकानें हैं जहां शाम के समय सैकड़ों की संख्या में लोग चाय पीने आते हैं। यहां दिनभर लोगों की आवाजाही बनी रहती है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि ट्रांसफार्मर के चारों ओर लगी सुरक्षा जालियां कई जगह से टूटी हुई हैं और एक तार भी जमीन की ओर लटका हुआ है, जिससे खतरा और बढ़ गया है।



10 नंबर मार्केट में डीपी के आसपास से गायब जालियां।

### दुकानदार बोले-तार पिघलने से लगी थी ट्रांसफॉर्मर में आग

कुछ दिन पहले ही ट्रांसफार्मर के तार पिघलने से आग लग चुकी थी। इससे पहले भी यहां छोटे-मोटे हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद पार्किंग की व्यवस्था नहीं बदली गई। व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने नगर निगम और बिजली विभाग से कई बार मांग की है कि ट्रांसफार्मर से सुरक्षित दूरी पर दोपहिया पार्किंग बनाई जाए। उनका आरोप है कि शिकायतों के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**फिर जांच करा लेंगे...**

समय समय पर ट्रांसफॉर्मर की मरम्मत की जाती है। बारिश से पहले दोबारा से इसकी जांच कराई जाएगी।
**रवींद्र अग्रवाल**, एई, सब स्टेशन ई-4, अरेरा

---

दो दिन में सुधार नहीं करने पर होगी चालानी कार्रवाई

## गौरी शंकर परिसर के रहवासी और समिति को निगम ने थमाया नोटिस

***एक फ्लैट की लापरवाही से पड़ोसी परेशान, सीवेज रिसाव से दूसरे फ्लैट में पहुंच रही गंदगी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौरीशंकर परिसर स्थित कौशल आवासीय परिसर में एक फ्लैट की खराब सीवेज लाइन से रहवासियों की परेशानी बढ़ गई है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद ननि ने संबंधित फ्लैट मालिक और आवासीय परिसर प्रबंधन को नोटिस जारी कर दो दिन के भीतर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय सीमा में सुधार नहीं होने पर नगर निगम अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की जाएगी। ननि के सीवेज प्रकोष्ठ, जोन क्रमांक 18 और 19 द्वारा जारी नोटिस में बताया गया है कि कौशल आवासीय परिसर के एल-5, फ्लैट क्रमांक 404 की सीवेज लाइन खराब होने के कारण गंदा पानी नीचे स्थित फ्लैट क्रमांक 304 में रिस रहा है। शिकायतों के परीक्षण के बाद निगम ने संबंधित फ्लैट स्वामी को मरम्मत कराने और उत्पन्न हो रहे अपशिष्ट के उचित निपटान के निर्देश दिए हैं।

---

शहर की 21 बावड़ियों और 53 कुओं का हुआ जीर्णोद्धार
कलियासोत बांध पर हुआ जिला स्तरीय समापन समारोह

# जल ही जीवन का संदेश देकर संपन्न हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान...



गंगा संवर्धन अभियान के समापन अवसर पर मौजूद महापौर एवं विधायक।

***103 दिन चला जल संरक्षण का महाअभियान, जल बचाने की मुहिम को मिली नई दिशा***

***200 डम्पर गाद और 300 डम्पर कचरा निकला***



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेशभर में जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के उद्देश्य से संचालित ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' का जिला स्तरीय समापन समारोह मंगलवार को कलियासोत बांध के 13 शटर क्षेत्र में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, महापौर मालती राय और निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि 19 मार्च 2026 से शुरू हुआ ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' अब तक का सबसे लंबी अवधि का अभियान रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने की रही है, ताकि समाज में जल बचाने की संस्कृति विकसित हो सके।

### नगर निगम अमले को दिए आवश्यक निर्देश

महापौर राय ने बताया कि नगर निगम ने अभियान के तहत शहर की 21 प्राचीन एवं ऐतिहासिक बावड़ियों तथा 53 कुओं की साफ-सफाई, जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण का कार्य किया। इस दौरान विभिन्न जल संरचनाओं से 200 डम्पर गाद और मिट्टी तथा 300 डम्पर कचरा निकाला गया। उन्होंने कहा कि निगम लगातार शहरवासियों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रहा है। इसी के तहत शहरभर में जल गुणवत्ता की जांच के लिए पानी के नमूने एकत्रित कर परीक्षण कराया जा रहा है। महापौर ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए गत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शहर में 5 हजार पौधे लगाए गए हैं तथा आगामी दिनों में विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से व्यापक पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### आम नागरिकों की सहभागिता भी आवश्यक

उन्होंने कहा कि जल संरचनाओं के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए शासन के साथ-साथ आम नागरिकों की सहभागिता भी जरूरी है। उन्होंने भोपाल नगर निगम द्वारा शहर के तालाबों, विशेषकर भोजताल के संरक्षण के लिए किए गए कार्यों की सराहना करते हुए निगम प्रशासन को बधाई दी।

---

चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को दिए आवश्यक निर्देश

## स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने महारानी अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बस्तर के ऐतिहासिक महारानी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मंत्री ने मानवीय संवेदनाओं के साथ मरीजों को बेहतर उपचार और सेवा प्रदान करने को कहा।

उन्होंने अस्पताल को आम लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप अधिक सुविधाजनक बनाने पर जोर दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल की वर्तमान 200 बिस्तर क्षमता को बढ़ाकर 300 बिस्तर करने के निर्देश दिए। उन्होंने नए सेटअप और अस्पताल भवन उन्नयन का प्रस्ताव विभाग को भेजने को भी कहा। जायसवाल ने मरीजों की सुविधा के लिए डायलिसिस सेंटर और कैंसर यूनिट के निर्माण को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने अस्पताल परिसर की अंदरूनी सड़कों की मरम्मत भी शीघ्र करवाने के निर्देश दिए।



### मरीजों और परिजनों से चर्चा कर पूछी परेशानियां

मंत्री ने आपातकालीन चिकित्सा कक्ष, ओपीडी, ईसीजी यूनिट और ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। उन्होंने उपचार के लिए आए मरीजों तथा उनके परिजनों से चर्चा कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मंत्री ने अटल आरोग्य लैब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां उपलब्ध जांच सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों को आवश्यक उपकरणों की शीघ्र स्थापना करने के निर्देश दिए गए। इससे सभी 134 प्रकार की जांच सुविधाएं जल्द सुनिश्चित होंगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टर्स डे पर महारानी अस्पताल में केक काटा। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं।

---

आरोपी वाहन चालक वारदात के बाद मौके से फरार

## पैदल घर लौट रहे सात किशोरों को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला, एक मृत, 6 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरगुजा

जिला के उदयपुर विकासखंड में रामगढ़ महोत्सव से पैदल अपने घर लौट रहे सात नाबालिग किशोर मंगलवार देर रात सड़क हादसे का शिकार हो गए। उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरडीह के समीप अंबिकापुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में सभी किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। मेडिकल कॉलेज अस्पताल, अंबिकापुर में उपचार के दौरान एक किशोर की मौत हो गई, जबकि छह अन्य का इलाज जारी है।

दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक, सूरजपुर जिले के ग्राम मंहगई श्रीनगर निवासी 15 वर्षीय विकास अगरिया अपने छह साथियों के साथ रामगढ़ महोत्सव देखने आया था। सांस्कृतिक कार्यक्रम समाप्त होने के बाद सभी मंगलवार रात करीब 12 बजे पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान डुमरडीह के पास तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी।



### सीसीटीवी की मदद से आरोपी को ढूंढ रही पुलिस

टक्कर इतनी जोरदार थी कि सभी किशोर सड़क पर दूर-दूर जा गिरे। हादसे में किसी के सिर में गंभीर चोट आई, किसी का पैर टूट गया तो किसी के जबड़े में फ्रैक्चर हो गया। आसपास के लोगों ने तत्काल डायल-112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उदयपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल, अंबिकापुर रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान विकास अगरिया की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक के पिता ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि विकास दोस्तों के साथ रामगढ़ महोत्सव देखने गया था, लेकिन वापस नहीं लौट सका।

---

बहुचर्चित पूर्णिमा चौहान हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, अलग-अलग राज्यों से गिरफ्तारियां

# शादीशुदा प्रेमी पर बना रही थी शादी का दबाव, पति-पत्नी ने करवा दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

जिले के बहुचर्चित पूर्णिमा चौहान हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार, युवती की हत्या प्रेम प्रसंग के चलते 4 लाख रुपये की सुपारी देकर कराई गई थी। मामले में हत्या की साजिश रचने वाले पति-पत्नी समेत कुल 9 आरोपियों को झारखंड, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त पिस्तौल, जिंदा कारतूस, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और नगदी भी बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक 26 जून को ग्राम जोंगरा निवासी पूर्णिमा चौहान उर्फ पूनम की दो नकाबपोश बदमाशों ने घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग और पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देशन में विशेष जांच टीम गठित की गई। टीम ने चार दिनों तक मोबाइल टावर डंप, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर पूरे हत्याकांड का खुलासा किया

### चार लाख की सुपारी देकर रची वारदात की कहानी



जांच में सामने आया कि मृतका पूर्णिमा चौहान के रायगढ़ जिले के देल्लारी निवासी मुरलीशंकर चौहान के साथ प्रेम संबंध थे। इस संबंध को लेकर मुरलीशंकर और उसकी पत्नी चम्पा चौहान के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस के अनुसार, बाद में मुरलीशंकर ने पत्नी के कहने पर पूर्णिमा से दूरी बना ली, लेकिन पूर्णिमा लगातार उस पर शादी का दबाव बना रही थी। इससे परेशान होकर मुरलीशंकर और उसकी पत्नी चम्पा ने पूर्णिमा की हत्या की साजिश रची और 4 लाख रुपये की सुपारी देकर राजेन्द्र महंत से हत्या कराने का सौदा किया।

### वारदात के बाद मौके से फरार हुए आरोपी

पुलिस के अनुसार, राजेन्द्र महंत ने अपने साथियों के साथ मिलकर पूरी योजना बनाई। घटना वाले दिन गौरीशंकर सिदार और सुनील महंत मोटरसाइकिल से जोंगरा पहुंचे, जहां गौरीशंकर ने पिस्तौल से पूर्णिमा पर तीन गोलियां दाग दीं। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। बाद में सुपारी की तय रकम में से 2 लाख रुपये आरोपियों को दिए गए। तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने राजेन्द्र महंत को जमशेदपुर (झारखंड), जबकि गौरीशंकर सिदार और सुनील महंत को पुणे (महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया। इसके बाद अन्य आरोपियों को छत्तीसगढ़ में अलग-अलग स्थानों से पकड़ लिया गया। सभी आरोपियों ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त पिस्तौल, चार जिंदा कारतूस, घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, बैंक पासबुक और सुपारी की राशि में से बची नगदी बरामद की है। सभी नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

---

## तीन नकाबपोश बदमाशों ने ज्वैलर्स शॉप में की लूट

**कोरबा।** जिले के कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत छुरी बाजार में दिनदहाड़े हथियारबंद लुटेरों ने तांडव मचा दिया। नकाबपोश तीन बदमाशों ने राज ज्वैलर्स दुकान में घुसकर लूट की कोशिश की। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नाकेबंदी कर दी है और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार दोपहर करीब 1 बजे तीन लुटेरे ग्राहक बनकर राज ज्वैलर्स में दाखिल हुए। गिरोह में शामिल एक बदमाश महिला की वेशभूषा, सलवार सूट पहनकर आया था ताकि पहचान न हो सके। लुटेरों ने सोने की अंगूठी दिखाने का बहाना बनाया। जैसे ही दुकानदार ने जेवर निकालकर दिखाया, एक आरोपी ने संचालक की आंख में मिर्ची पाउडर झोंक दिया। इसके बाद कट्टे और चाकू की नोक पर बदमाशों ने काउंटर पर रखे कुछ जेवरात और नकली जेवरात को असली समझकर समेटना शुरू कर दिया। उस समय दुकान में तीन कर्मचारी मौजूद थे।

### चाकू लगने से दुकान संचालक घायल

लूट की वारदात को अंजाम देकर भाग रहे लुटेरों को सामने दुकानदार ने पकड़ने की कोशिश की तो उसे चाकू लग गया। विरोध करने पर बदमाशों ने दुकान संचालक राजकुमार अग्रवाल के हाथ को दांत से काट लिया और फरार हो गए। लेकिन राजकुमार अग्रवाल की बहादुरी के कारण लूट की बड़ी वारदात टल गई। हाथापाई के दौरान आरोपी अपना कट्टा और प्लैटिना बाइक मौके पर ही छोड़कर भागे। भागते समय वे कुछ असली जेवरात के साथ कुछ आर्टिफिशियल ज्वेलरी भी ले गए।

## खबर संक्षेप

### रुपया 67 पैसे कमजोर होकर 95.23 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया बुधवार को 67 पैसे कमजोर होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.23 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी बाजारों में अमेरिकी डॉलर की मजबूती से घरेलू मुद्रा पर दबाव है। विदेशी पूंजी की लगातार निकासी और एशियाई मुद्राओं में व्यापक कमजोरी के कारण डॉलर-रुपये की विनिमय दर पर दबाव देखा गया।

### एचएमएसआई की बिक्री 2% बढ़कर 5.28 लाख इकाई पर



**मुंबई।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) की कुल बिक्री जून, 2026 में 23 प्रतिशत बढ़कर 5,28,281 इकाई रही, जबकि जून, 2025 में कंपनी ने 4,29,147 वाहन बेचे थे। कंपनी ने बुधवार को कहा कि पिछले महीने उसकी घरेलू बिक्री सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 4,68,956 इकाई रही।

### वाटरवेज लीजर 16 प्रतिशत गिरावट के साथ सूचीबद्ध

WATERWAYS LEISURE TOURISM LIMITED

**नई दिल्ली।** कॉर्डेलिया क्रूज का संचालन करने वाली वाटरवेज लीजर टूरिज्म लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 808 रुपये के मुकाबले करीब 16 प्रतिशत की गिरावट के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 808 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 14.60 प्रतिशत टूटकर 690 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

### एडविट ज्वेल्स का शेयर 37 प्रतिशत चढ़कर सूचीबद्ध




**नई दिल्ली।** आभूषण विनिर्माता कंपनी एडविट ज्वेल्स लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 138 रुपये के मुकाबले करीब 37 प्रतिशत की तेजी के साथ बुधवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 138 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 35.50 प्रतिशत की बढ़त के साथ 187 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ।

### मोहंती ने इरेडा के चेयरमैन का अतिरिक्त प्रभार संभाला




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी (इरेडा) के निदेशक (वित्त) बिजय कुमार मोहंती ने एक जुलाई से कंपनी के चेयरमैन एवं सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार संभाल लिया है। प्रदीप कुमार दास के 30 जून, 2026 को सेवानिवृत्त होने के बाद मोहंती को तीन महीने की अवधि के लिए सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### सिन्हा ने गेल में निदेशक (वित्त) का पद संभाला

गेल GAIL

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड ने बुधवार को बताया कि एस. के. सिन्हा ने निदेशक (वित्त) का कार्यभार संभाल लिया है। कंपनी के अनुसार, सिन्हा इससे पहले कार्यकारी निदेशक (वित्त एवं लेखा) के रूप में कार्यरत थे। वह 1994 में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में गेल से जुड़े थे और अब तीन दशक से अधिक के कार्यकाल के बाद निदेशक मंडल में शामिल हुए हैं। वह आर. के. जैन का स्थान लेंगे, जो 30 जून को सेवानिवृत्त हो गए।

# अमेरिका के निर्यात नियंत्रण हटने से एंथ्रोपिक की पहुंच हुई बहाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- अमेरिकी सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला दिया था

कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एंथ्रोपिक ने अपने उन्नत एआई मॉडल फेबल-5 और मिथोस-5 की पहुंच बहाल कर दी है। अमेरिकी सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए इस महीने की शुरुआत में इन मॉडल पर निर्यात नियंत्रण लगाए थे जिसके कारण इन तक पहुंच रोक दी गई थी। कंपनी ने ब्लॉग में लिखा कि फेबल-5 एक जुलाई से दुनिया भर के उपयोगकर्ताओं के लिए क्लॉड डॉट एआई और क्लॉड कोवर्क सहित एंथ्रोपिक के विभिन्न मंचों पर उपलब्ध हुआ। वहीं, मिथोस-5 तक पहुंच 26 जून को अमेरिकी सरकार की मंजूरी मिलने के बाद अमेरिका के चुनिंदा संगठनों के लिए फिर से शुरू कर दी गई है।

## एंथ्रोपिक ने फेबल-5, मिथोस-5 एआई मॉडल की पहुंच बहाल की

### भारत, एंथ्रोपिक का दूसरा सबसे बड़ा बाजार

*एंथ्रोपिक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, '' अमेरिकी सरकार के साथ कई सार्थक बातचीत के बाद हम नए वर्गीकरण तंत्र के साथ फेबल-5 मॉडल को फिर से उपलब्ध करा रहे हैं, ताकि साइबर सुरक्षा से जुड़े अधिक कार्यों की पहचान कर उन्हें रोका जा सके। भारत, एंथ्रोपिक का दूसरा सबसे बड़ा बाजार है।*




### एंथ्रोपिक ने टीसीएस के साथ किया समझौता

*कंपनी ने हाल ही में टीसीएस (टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज) के साथ समझौता किया है, जिसके तहत उसके 50,000 कर्मचारियों को एंथ्रोपिक के एआई मॉडल उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा कंपनी ने इन्फोसिस के साथ भी साझेदारी की घोषणा की है। इसके तहत क्लॉड मॉडल श्रृंखला का उपयोग कर उन्नत एंटरप्राइज एआई समाधान तैनात किए जाएंगे।*

### साझेदारों तक पहुंच बढ़ाने काम जारी

एंथ्रोपिक ने कहा कि अब वह अपनी 'प्रोजेक्ट ग्लासविंग' पहल के तहत अमेरिकी सरकार के साथ मिलकर घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक साझेदारों तक इसकी पहुंच बढ़ाने के लिए काम कर रही है।

### मिथोस मॉडल तक पहुंच प्रदान की गई

मामले से परिचित सूत्रों के अनुसार, हाल ही में भारत की कुछ सरकारी एजेंसियों और निजी कंपनियों को भी 'प्रोजेक्ट ग्लासविंग' नामक साइबर सुरक्षा पहल के तहत मिथोस मॉडल तक पहुंच प्रदान की गई है। 'प्रोजेक्ट ग्लासविंग', एंथ्रोपिक द्वारा अप्रैल, 2026 में शुरू किया गया एक विशेष साइबर सुरक्षा गठबंधन है।

## नए कारोबारी ऑर्डर नरम रहने से उत्पादन पर असर पड़ा

# देश में विनिर्माण गतिविधियों की वृद्धि जून में धीमी पड़ी : पीएमआई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियों की वृद्धि जून में धीमी पड़ गई। नए कारोबारी ऑर्डर और अंतरराष्ट्रीय बिक्री की वृद्धि दर नरम रहने से खरीद, रोजगार और उत्पादन की रफ्तार भी कम रही।

बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मई के 55.0 से घटकर जून में 54.2 पर आ गया। यह 2022 के मध्य के बाद से क्षेत्र की स्थिति में दूसरा सबसे कमजोर सुधार दर्शाता है।

### बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा का कंपनियों ने उल्लेख किया

सर्वेक्षण के अनुसार, कई कंपनियों ने मांग की स्थिति में सुधार की बात कही, जबकि कुछ कंपनियों ने अपने उत्पादों की मांग कमजोर रहने और बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा का उल्लेख किया। एचएसबीसी की मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा, '' भारत की विनिर्माण पीएमआई मई के 55.0 से घटकर जून में 54.2 पर आ गया, जो विस्तार तो दर्शाता है लेकिन धीमी रफ्तार से। यह संकेत देता है कि पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी पहले की तेजी के बाद मांग में कुछ नरमी आई है।''

## यूरोपीय बाजारों में कमजोर बिक्री बताई गई

भंडारी ने कहा, '' उत्पादन, नए ऑर्डर, निर्यात ऑर्डर और रोजगार सभी क्षेत्रों में वृद्धि की रफ्तार धीमी रही। वहीं अंतरराष्ट्रीय बिक्री में मार्च, 2023 के बाद सबसे कमजोर बढ़ोतरी दर्ज की गई। भारतीय वस्तुओं की अंतरराष्ट्रीय मांग जून में भी बढ़ी, लेकिन इसकी रफ्तार 39 महीनों में सबसे कमजोर रही। इसकी वजह कुछ यूरोपीय बाजारों में कमजोर बिक्री बताई गई।



### कंपनियों ने नई नियुक्तियां रोक दी

*कीमतों के मोर्चे पर, मांग की वृद्धि कमजोर पड़ने से वस्तु उत्पादक कीमतें बढ़ाने के प्रति कम उत्सुक दिखे। उत्पादन कीमतों में बढ़ोतरी मध्यम रही और पिछले तीन महीनों में सबसे कम दर्ज की गई। रोजगार के मोर्चे पर, कार्यभार स्थिर रहने और मांग का दबाव नहीं होने से कंपनियों ने नई नियुक्तियां रोक दीं या उन्हें कम कर दिया।*

- अंतरराष्ट्रीय बिक्री की वृद्धि दर नरम रहने का असर पड़ा
- रोजगार और उत्पादन की रफ्तार भी कम रही
- जून में सूचकांक घटकर 54 .2 पर आ गया

### विनिर्माताओं ने तटस्थ रुख अपनाया

बड़ी संख्या में विनिर्माताओं ने तटस्थ रुख अपनाया, जिससे समग्र कारोबारी आशावाद पांच महीने के निचले स्तर पर आ गया। एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

*भर्ती गतिविधियां समित रही : क्षमता पर दबाव नहीं होने से वित्त वर्ष की पहली तिमाही के अंत में भर्ती गतिविधियां सीमित रहीं। इस बीच, मांग और बाजार की स्थिति को लेकर चिंता के कारण जून में निवेशकों और कारोबारियों का भरोसा कमजोर पड़ा।*

# प्रतिभूति धोखाधड़ी मामले में 221 इकाइयों पर सेबी का प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- कंपनियों को सात साल के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित किया
- निवेशक हनीफ शेख पर 10 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 'पंप-एंड-डंप ऑपरेशन' यानी प्रतिभूति धोखाधड़ी मामले में 221 इकाइयों पर सात साल तक के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। साथ ही व्यक्तिगत निवेशक हनीफ शेख पर 10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

सेबी ने बुधवार को यह जानकारी दी। 'पंप-एंड-डंप ऑपरेशन' प्रतिभूति धोखाधड़ी का एक रूप है। धोखाधड़ी करने वाले पहले किसी छोटी या कम कारोबार वाली कंपनी के शेयर खरीदते हैं, सोशल मीडिया या थोक संदेशों के माध्यम से झूठी अफवाहें फैलाकर शेयर की कीमत को कृत्रिम रूप से बढ़ाते (पंप) हैं और फिर शेयरों को उच्च कीमतों पर बेच देते (डंप) हैं। इससे खुदरा निवेशकों को भारी नुकसान होता है। सेबी ने मंगलवार को जारी आदेश में कहा कि मॉरिया उद्योग लिमिटेड, 7एनआर रिटेल, दार्जिलिंग रोपवे कंपनी, जीबीएल इंडस्ट्रीज और विशाल फैब्रिक्स लिमिटेड के शेयरों में शेख और उसकी सहयोगी कंपनियों ने हेरफेर किया है।


### घोटाले से करीब 143.79 करोड़ का अवैध लाभ अर्जित किया गया

नियामक के अनुसार, इस घोटाले से करीब 143.79 करोड़ रुपये का अवैध लाभ अर्जित किया गया। सेबी ने हनीफ शेख को सात वर्षों के लिए बाजार से प्रतिबंधित किया और 10 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। वहीं, उनसे जुड़ी पांच इकाइयों को छह वर्षों के लिए प्रतिबंध करते हुए उन पर दो-दो करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

# शेयर बाजार में दो दिन की गिरावट का सिलसिला थमा

- सेंसेक्स 444 और निफ्टी 140 अंक चढ़ा
- कच्चे तेल की कीमतों में नरमी दर्ज की गई

एजेंसी ▶▶| मुंबई



वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुख और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच लगातार दो सत्र की गिरावट के बाद घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी दर्ज की गई।

बीएसई सेंसेक्स 443.97 अंक यानी 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,922.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 631.41 अंक यानी 0.82 प्रतिशत चढ़कर 77,110.08 अंक तक पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 140.10 अंक यानी 0.59 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,005.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल, एशियन पेंट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर में सबसे अधिक तेजी रही। वहीं एचसीएल टेक, टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा स्टील और इन्फोसिस के शेयर गिरावट में रहे। बजाज ब्रोकिंग रिसर्च के अनुसार, ''भारतीय शेयर बाजारों ने सकारात्मक रुख के साथ शुरुआत की और कारोबार के दौरान बढ़त बनाए रखी।

## महिंद्रा एंड महिंद्रा की बिक्री जून में 37 प्रतिशत बढ़ी




**मुंबई।** महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) लिमिटेड की निर्यात सहित कुल बिक्री जून में 37 प्रतिशत बढ़कर 1,06,207 इकाई हो गई। पिछले वर्ष की समान अवधि में यह 77,742 इकाई थी। कंपनी ने बुधवार को बयान में कहा कि जून 2025 में 47,306 इकाई की तुलना में जून 2026 में उसकी घरेलू एसयूवी बिक्री 28 प्रतिशत बढ़कर 60,393 इकाई हो गई। बयान के अनुसार, जून में कंपनी की घरेलू वाणिज्यिक वाहन बिक्री 35 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ 26,076 इकाई रही। इस बीच, एक अलग बयान में महिंद्रा समूह के फार्म इक्विपमेंट बिजनेस (एफईबी) ने बताया कि जून 2026 में उसकी कुल ट्रैक्टर बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 59,935 इकाई रही, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 53,392 इकाई थी।

# मारुति की बिक्री जून में 19 फीसदी बढ़कर 2 लाख से ऊपर



**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया की कुल बिक्री जून में 19.3 प्रतिशत बढ़कर 2,00,390 इकाई रही, जबकि पिछले वर्ष इसी महीने यह 1,67,993 इकाई थी।


कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि पिछले महीने घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री 23.8 प्रतिशत बढ़कर 1,47,187 इकाई रही, जो जून 2025 में 1,18,906 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो समेत छोटी कारों की बिक्री जून में बढ़कर 11,416 इकाई रही, जबकि एक वर्ष पहले समान महीने में यह 6,414 इकाई थी। बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर जैसी कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री जून 2025 के 55,205 इकाई से बढ़कर पिछले महीने 63,815 इकाई हो गई। ब्रेजा, अर्टिगा, ई-विटारा, फ्रॉन्क्स, ग्रैंड विटारा, इनविक्टो, जिम्नी, विक्टोरिस और एक्सएल6 जैसे यूटिलिटी वाहनों की बिक्री समीक्षाधीन महीने में सालाना आधार पर 47,947 इकाई से बढ़कर 61,726 इकाई हो गई।

### ईको वैन की बिक्री 10,230 इकाई रही

कंपनी ने बताया कि ईको वैन की बिक्री पिछले महीने 10,230 इकाई रही, जबकि जून 2025 में यह 9,340 इकाई थी। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) सुपर कैरी की बिक्री जून में बढ़कर 2,963 इकाई हो गई, जो पिछले वर्ष इसी महीने 2,433 इकाई थी।

# देश में बिजली की खपत जून में 11.62 फीसदी बढ़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- जून में बिजली की खपत बढ़कर 166 .46 अरब यूनिट पर
- देश में भीषण गर्मी पड़ने और मानसून में देरी से खपत बढ़ी

देश में भीषण गर्मी पड़ने और मानसून में देरी के कारण जून में बिजली की खपत 11.62 प्रतिशत बढ़कर 166.46 अरब यूनिट रही। मानसून में देरी और गर्मी के कारण एयर कंडीशनर जैसे ठंडक देने वाले उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ने से बिजली की खपत बढ़ी है।

देश में कुल बिजली खपत बीते वर्ष जून में 149.13 अरब यूनिट थी। पिछले महीने बिजली की अधिकतम मांग भी बढ़कर 264.76 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जो जून, 2025 में 242.77 गीगावाट थी। दक्षिण-पश्चिम मानसून चार जून, 2026 को केरल पहुंचा था। आम तौर पर, मानसून एक जून के आसपास केरल पहुंचता है। यह दक्षिण-पश्चिम मानसून आने (जून-सितंबर) का शुरुआत का संकेत होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि जून में मानसून की धीमी गति के कारण लू की स्थिति बनी। इससे एयर कंडीशनर और डेजर्ट कूलर जैसे 'कूलिंग' उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ा।

# जीएसटी संग्रह जून में 14 फीसदी बढ़कर रहा 1.95 करोड़ रुपए

- आयात और घरेलू आपूर्ति से कर संग्रह में वृद्धि इसकी मुख्य वजह
- घरेलू लेन-देन से सकल संग्रह 6 .5 प्रतिशत बढ़कर 1.35 लाख करोड़

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का कुल संग्रह जून में 14 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.95 लाख करोड़ रुपये हो गया। आयात और घरेलू आपूर्ति से कर संग्रह में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

आंकड़ों के अनुसार, घरेलू लेन-देन से सकल संग्रह 6.5 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.35 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसमें केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी), राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) और एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) क्रमशः 37,376 करोड़ रुपये, 45,116 करोड़ रुपये और 52,282 करोड़ रुपये शामिल हैं। आयात से प्राप्त जीएसटी राजस्व जून में 34.6 प्रतिशत बढ़कर 60,038 करोड़ रुपये हो गया।

*जीएसटी को लागू हुए नौ वर्ष पूर्णः इस महीने जीएसटी को लागू हुए नौ वर्ष पूरे हो गए। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में सकल जीएसटी संग्रह 8.4 प्रतिशत बढ़कर लगभग 6.32 लाख करोड़ रुपये रहा। इसमें घरेलू लेन-देन से 2.8 प्रतिशत और आयात से 26.2 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई।*

## सोना 1,300 रुपए टूटा, चांदी 5,000 रुपए चढ़ी



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बुधवार को सोने की कीमतों में 1,300 रुपये की गिरावट आई और यह 1.44 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसकी वजह वैश्विक बाजार के कमजोर रुख और मजबूत डॉलर का इस कीमती धातु पर असर पड़ना था। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमतों में लगातार दूसरे दिन गिरावट आई और यह 1,300 रुपये गिरकर 1,44,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया।चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी रही और यह 5,000 रुपये बढ़कर 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 2,30,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ने जारी किए आंकड़े

# यूपीआई के जरिए लेन-देन जून में रिकॉर्ड स्तर से नीचे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- जून में मासिक आधार पर घटकर 28 .9 लाख करोड़ रुपए पर

लोकप्रिय भुगतान मंच यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) के जरिये जून में लेन-देन मासिक आधार पर रिकॉर्ड स्तर से घटकर 28.9 लाख करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले महीने यह रिकॉर्ड 29.9 लाख करोड़ रुपये था। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जून में यूपीआई के जरिये लेन-देन की संख्या 22.72 अरब दर्ज की गई, जो इससे पिछले महीने 23.2 अरब थी। बीते महीने लेन-देन का मूल्य सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 28.9 लाख करोड़ रुपये था, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 24.03 लाख करोड़ रुपये था।

### जून 2025 में 18.3 अरब दर्ज की गई

यूपीआई लेन-देन की संख्या जून, 2025 में 18.3 अरब दर्ज की गई थी। कैशफ्री पेमेंट्स के संस्थापक रीजू दत्ता ने कहा, ''हालांकि, जून में यूपीआई मात्रा मासिक आधार पर कम हुई है, लेकिन महीने में 75.7 करोड़ लेन-देन का दैनिक औसत यूपीआई पेश किये जाने के बाद से अब तक का सबसे अधिक है।

### आठ से अधिक देशों में लागू

यह पूरे देश में डिजिटल भुगतान पर बढ़ते भरोसे और निर्भरता को बताता है। यूपीआई अब संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस, मॉरीशस और कतर सहित आठ से अधिक देशों में चालू है। इससे भारत डिजिटल भुगतान में एक वैश्विक अगुवा के तौर पर स्थापित हुआ है।

**म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340, 42, Web. : www.mpstdc.com
क्रमांक 311/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक 01.07.2026

**निविदा सूचना 252/2026_STDC_518640_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम** - नेहरू उद्यान मंडला में बोट क्लब एवं कैफैटेरिया का निर्माण एवं अन्य सिविल कार्य आंतरिक विद्युतीकरण सहित। (कार्यपूर्णता का समय 08 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 131.49 लाख
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 15.07.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/126646/2026 **कार्यपालन यंत्री**

अमेरिकी सीनेटर स्टीव डेंस ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मुकाबला करने की हमारी एकमात्र उम्मीद भारत और अमेरिका का साथ है। भारत लगभग 20-25 लाख साइंस और टेक ग्रेजुएट तैयार करता है

अमेरिकी सीनेटर ने भारत को बताया भरोसेमंद

# मेरा फोन मेरे साथ भारत जाता है, चीन कभी नहीं

## भारत पर आंख मूंदकर भरोसा कर सकते हैं, चीन पर नहीं

## चीन से जुड़ना सिर्फ जोखिम कम करने के लिए आवश्यक

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी सीनेटर स्टीव डेंस ने भारत की जमकर तारीफ की है। स्टीव डेंस मोंटाना से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटर हैं। उन्होंने भारत को भरोसेमंद सहयोगी और दोस्त बताया है। वॉशिंगटन में यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम लीडरशिप समिट को संबोधित करते हुए स्टीव ने भारत और चीन के बीच सुरक्षा के नजरिए से एक बड़ा फर्क भी समझाया। उन्होंने कहा कि भारत पर आंख मूंदकर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन चीन पर कभी नहीं।


मोंटाना के रिपब्लिकन अमेरिकी सीनेटर स्टीव डेंस

### चीन से निपटने के लिए भारत की भूमिका अहम

स्टीव डेंस ने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि जब मैं चीन की यात्रा करता हूं, तो मेरा फोन मेरे साथ बीजिंग नहीं जाता। वह वॉशिंगटन में ही रहता है। लेकिन जब मैं भारत जाता हूं, तो यह फोन मेरे साथ आता है। यह एक बहुत भरोसेमंद सहयोगी और दोस्त होने का उदाहरण है। मैं चीन में ऐसा नहीं कर सकता। डेंस ने कहा कि चीन से पैदा हुई चुनौतियों से निपटने में भारत की भूमिका को लेकर अमेरिका को ज्यादा रणनीतिक नजरिया अपनाना चाहिए।

### भारत-अमेरिका संबंध दुनिया के लिए महत्वपूर्ण

स्टीव डेंस ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच जो रिश्ते हैं, वे न सिर्फ हमारे दोनों देशों के लिए अहम हैं, बल्कि मुझे लगता है कि वे दुनिया के लिए भी अहम हैं। हालांकि, अमेरिकी सीनेटर ने यह भी कहा कि अमेरिका, चीन से पूरी तरह अलग नहीं हो सकता। हमें चीन से जुड़ने की जरूरत है, हमें जोखिम कम करने की जरूरत है।

### भारत-अमेरिका में मजबूत सहयोग पर दिया जोर

भारत और अमेरिका के बीच मजबूत सहयोग पर जोर देते हुए सीनेटर ने कहा कि चीन हर साल लगभग 35 लाख साइंस और टेक ग्रेजुएट तैयार करता है। वैश्विक स्तर पर मुकाबला करने की हमारी एकमात्र उम्मीद भारत और अमेरिका का साथ है। भारत लगभग 20-25 लाख साइंस और टेक ग्रेजुएट तैयार करता है। अमेरिका लगभग 10 लाख तैयार करता है।

रूस को सैन्य तकनीक और उपकरण आपूर्ति का आरोप था


## अमेरिका ने बरती नरमी, प्रतिबंध सूची से 4 भारतीय कंपनियों के नाम हटाए

अमेरिका ने उन चार भारतीय कंपनियों के नाम अपनी प्रतिबंध सूची से हटा दिए हैं, जिन पर रूस के सैन्य-औद्योगिक अड्डे को उन्नत तकनीक और उपकरणों की आपूर्ति करने का आरोप था। इन कंपनियों के नाम अमेरिकी वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) की विशेष रूप से नामित नागरिक और प्रतिबंधित व्यक्तियों (एसडीएन) की सूची से हटा दिए गए हैं। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के अनुसार, इन 4 कंपनियों में हैदराबाद स्थित आरआरजी इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजीज प्रा. लि. और लोकेश मशीन्स लि., अहमदाबाद स्थित गैलेक्सी बियरिंग्स और नई दिल्ली स्थित शौर्य एयरोनॉटिक्स प्रा. लि. शामिल हैं। अमेरिका ने अक्टूबर 2024 में गैलेक्सी बियरिंग्स लि. पर प्रतिबंध लगाया था और उस पर रोलर बियरिंग्स एवं रोलर असेंबली सहित दर्जनों उच्च प्राथमिकता वाले दोहरे उपयोग उपकरणों को रूसी संस्थाओं को निर्यात करने का आरोप लगाया था। शौर्य एयरोनॉटिक्स प्रा. लि. पर रूस को राडार उपकरण, रेडियो नौवहन सहायता उपकरण, रेडियो रिमोट कंट्रोल उपकरण और इलेक्ट्रिकल उपकरण की खेप भेजने का आरोप था। अमेरिका ने आरआरजी इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजीज पर रूस की आर्टेक्स लि. कंपनी को माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स की 100 से ज्यादा खेप भेजने का आरोप लगाया था जो एसडीएन-सूची में शामिल है। लोकेश मशीन्स पर रूस को कई विनिर्माण कंपनियों को मशीन टूल्स की कई खेप भेजने का आरोप लगा था।

## खबर संक्षेप

### बेल्जियम की इमारत में लगी आग, कई की मौत

**ब्रुसेल्स।** उत्तरी बेल्जियम के एंटवर्प शहर में बुधवार को एक 10 मंजिला रिहायशी इमारत में भीषण आग लगने से कई लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने घटना की पुष्टि की है। एंटवर्प अग्निशमन विभाग ने बताया कि बड़े पैमाने पर आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू की गई। अग्निशमन दल को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया, जहां उन्होंने बचाव और आग बुझाने के कार्य शुरू किए। पुलिस के अनुसार 10 मंजिला इस इमारत में करीब 200 लोग रहते हैं। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।



### कंसास में आई बाढ़ में भारतीय की मौत

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के कंसास में अचानक आई बाढ़ में 33 वर्षीय एक भारतीय आईटी पेशेवर की गाड़ी बह गई और उसकी मौत हो गई। वेंकटेश डोप्पलापुडी एच-1बी वीजा धारक थे और नेब्रास्का के ओमाहा में रह रहे थे। उनका शव रविवार को बरामद किया गया। अधिकारियों ने बताया कि वह कथित तौर पर शनिवार दोपहर ह्यूस्टन से उत्तर की ओर लौट रहे थे, तभी उनका वाहन दक्षिण-मध्य कंसास में भीषण तूफान के कारण अचानक आई बाढ़ की चपेट में आ गया। तूफान के कारण क्षेत्र में छह इंच से अधिक बारिश हुई थी।




जेएसी के प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर गिरफ्तार, रावलकोट में प्रदर्शनकारियों ने दी चेतावनी

# पीओके पाकिस्तान का हिस्सा नहीं, दमन नहीं रुका तो भारत में शामिल हो जाएंगे

पीओके में नागरिक विद्रोह का नेतृत्व कर रहे नागरिक अधिकार आंदोलनकारी सरदार अमन खान ने संकेत दिया कि मौजूदा हालात ऐसे बने रहे, तो स्थानीय लोग भारत के साथ घनिष्ठ संबंध तलाश सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि पीओके की सीमाएं खुल सकती हैं

एजेंसी ▶▶ रावलकोट

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में इस्लामाबाद के नियंत्रण को बड़ा झटका लगा है। महंगाई, आर्थिक संकट, जरूरी खाद्य पदार्थों और राशन की आपूर्ति पर रोक व प्रशासनिक विफलता से भड़के हजारों प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान को सीधी चुनौती देते हुए मंच से खुलेआम कहा कि पीओके पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है। अगर उनके दमन का सिलसिला नहीं रुका, तो वे स्थायी रूप से भारत के साथ जाने पर विचार कर सकते हैं।


शौकत नवाज मीर

पाकिस्तान के प्रशासनिक दमन के खिलाफ पीओके के रावलकोट के ईदगाह मैदान में हजारों लोग 22 दिन से आंदोलन कर रहे हैं। यह आंदोलन जम्मू-कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) की अगुआई में चल रहा है। जेएसी के प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर को दो साथियों के साथ धीरकोट के सांगर फतार इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। पीओके में जेएसी के 600 से ज्यादा नेता और कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में लिया गया है। शौकत नवाज मीर समेत जेएसी के नेताओं की गिरफ्तारी की सूचना देने वालों के लिए पाकिस्तान सरकार ने 1 करोड़ के इनाम की घोषणा की थी।

### पीओके में जेएसी के 600 से ज्यादा नेता-कार्यकर्ता हिरासत में

### नवाज मीर पर पाकिस्तान ने एक करोड़ रुपए का इनाम रखा था


रावलकोट में प्रदर्शन करते लोग

### पाकिस्तान की जरूरत नहीं: अमन खान

पीओके में नागरिक विद्रोह का नेतृत्व कर रहे नागरिक अधिकार आंदोलनकारी सरदार अमन खान ने ईदगाह मैदान में उमड़े जनसैलाब के सामने कहा कि पीओके पाकिस्तान का नहीं है। हमें पाकिस्तान की जरूरत नहीं है, बल्कि पाकिस्तान को अपने अस्तित्व के लिए पीओके की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें आपके राशन की जरूरत नहीं, आपको हमारी जरूरत है। अगर जरूरी सामान की सप्लाई बंद रही तो लोग जिंदा रहने के लिए दूसरा रास्ता चुनने को मजबूर होंगे।

### पीओके की खोल देंगे सीमाएं

नौ जून से प्रदर्शनकारियों का एक समूह नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास धरने पर है। अमन खान ने संकेत दिया कि मौजूदा हालात ऐसे बने रहे, तो स्थानीय लोग भारत के साथ घनिष्ठ संबंध तलाश सकते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि पीओके की सीमाएं खुल सकती हैं और ऐसा हुआ, तो इस्लामाबाद को पीओके के लोगों से रुकने की भीख मांगनी पड़ेगी। अमन खान का आरोप है कि पाकिस्तान सरकार आंदोलन को दबाने के लिए जानबूझकर जरूरी सामान की सप्लाई रोक रही है।

### आंदोलन, अब राजनीतिक मुद्दा बना

पीओके में दशकों से राजकीय दमन, महंगाई व प्रशासनिक उपेक्षा के खिलाफ 38 सूत्रीय मांगों को लेकर जन विद्रोह शुरू हुआ है। वे पाकिस्तान से आजादी की मांग कर रहे हैं। अब यह पाकिस्तान सरकार के खिलाफ राजनीतिक विरोध का रूप ले चुका है। हाल ही में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रावलकोट और मीरपुर के लोगों को 'असल कश्मीरी नहीं' बताया था। इसके बाद विरोध और बढ़ गया। जेएसी के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं पर आतंकवाद विरोधी कानून के तहत केस भी दर्ज किए गए हैं।

### आजादी मिलने तक जन विद्रोह नहीं थमेगा

आवाज दबाने के लिए नागरिकों पर जुल्म किया जा रहा है। सरकार ने 5 जून को जेएसी पर आतंकवाद विरोधी कानून के तहत प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद से इलाके में तनाव लगातार बढ़ रहा है। पीओके प्रवासी विद्रोह के समर्थन में अलग-अलग देशों में पाकिस्तानी दूतावासों और उच्चायोगों के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। उधर, आंदोलनकारियों ने साफ कह दिया है कि यह विद्रोह मुजफ्फराबाद समेत सभी हिस्सों के पाकिस्तानी कब्जे से आजादी मिलने से पहले नहीं थमेगा।

### इंटरनेट बंद, 22 मौतों का दावा


पीओके की जमीनी हकीकत दुनिया के सामने न आए, इसके लिए पाकिस्तानी सरकार ने 5 जून से क्षेत्र में इंटरनेट सेवाएं बंद कर रखी हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि आंदोलन की तस्वीरें और वीडियो बाहर जाने से रोकने के लिए ऐसा किया गया है। पिछले दो हफ्तों में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पों में कम से कम 22 लोगों की मौत हुई है।

117 प्रमुख हस्तियों ने मोदी-शहबाज को पत्र लिखा

## बोले- दुश्मनी खत्म करें, बातचीत का रास्ता चुनें, रिश्ते फिर शुरू हों

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-पाकिस्तान के रिश्तों को सुधारने के लिए, दोनों देशों की 117 हस्तियों ने पीएम मोदी और पाक पीएम शहबाज शरीफ को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा गया है कि टकराव नहीं, बातचीत का रास्ता चुनिए, ताकि दक्षिण एशिया में शांति और विकास का माहौल बन सके। इन 117 हस्तियों में पूर्व अधिकारी, सामाजिक और राजनीतिक हस्तियां शामिल हैं।



भारत की ओर से जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती और आरजेडी सांसद मनोज झा समेत 61 लोगों और पाकिस्तान की ओर से पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी समेत 56 लोगों ने चिट्ठी पर साइन किए हैं। अपील में दोनों सरकारों से लंबे समय से चली आ रही शत्रुता को समाप्त करने का आग्रह किया गया है। हस्ताक्षर करने वाले लोगों ने कहा कि यह शत्रुता लाखों युवाओं को अवसर, समृद्धि और सुरक्षित भविष्य से वंचित कर रही है। पत्र में कहा गया है कि भारत और पाकिस्तान मिलकर लगभग एक-पांचवें मानव समुदाय का घर हैं। दोनों देशों के लोग शांति, विकास और सहयोग से परिभाषित भविष्य के हकदार हैं।

### सेंटर फॉर पीस एंड प्रोग्रेस ने जारी किया पत्र

यह पत्र 'सेंटर फॉर पीस एंड प्रोग्रेस' के चेयरमैन ओपी शाह ने 30 जून को जारी किया गया है। पत्र में लिखा गया है कि पूर्ण राजनयिक संबंधों की वकालत करते हुए नई दिल्ली और इस्लामाबाद में उच्चायुक्तों को फिर से नियुक्त किया जाए। सामान्य वीजा सेवाएं शुरू करने और सभी लंबित मुद्दों पर व्यापक द्विपक्षीय बातचीत फिर से शुरू की जाए। 2004 और 2007 के बीच तय फ्रेमवर्क पर विचार करते हुए जम्मू-कश्मीर पर चर्चा करने की मांग की गई है। दोनों वैध सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए सेना की तैनाती कम करें। तीर्थयात्रियों के लिए दोनों देश करतारपुर साहिब कॉरिडोर और शारदा पीठ को फिर से खोलें। व्यापार के रास्ते फिर से खोले जाएं। दोनों देश सामान्य व्यावसायिक संबंध बहाल करें। 'मोस्ट फेवर्ड नेशन' या उसके बराबर का व्यापार समझौता फिर से लागू करें। अटारी-वाघा जमीनी सीमा को फिर से खोलने पर सहमति बने। दिल्ली-लाहौर बस सेवा, श्रीनगर-मुजफ्फराबाद बस सेवा, समझौता एक्सप्रेस और थार एक्सप्रेस को फिर से शुरू किया जाए। करगिल-स्कार्दू रूट खोलने के साथ-साथ कमर्शियल उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र फिर से खोलने की भी मांग।

### भाजपा ने पत्र लिखने की आलोचना की

इस घटनाक्रम पर जम्मू-कश्मीर के विधायक और विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने कहा कि बातचीत का आह्वान करना गलत है। पत्र लिखे जाने की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद कम हो रहा है, ऐसे में बातचीत का समय उचित नहीं है। शर्मा ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान से जुड़ाव के मामले केवल भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। उन्होंने ऐसे बयानों को निंदनीय बताया और कहा कि भविष्य की पीढ़ियां इन्हें माफ नहीं करेंगी।

### 'ग्रेट इमिग्रेंट्स-2026' सूची में 4 भारतीयों को स्थान

**ह्यूस्टन।** साइबर सुरक्षा क्षेत्र से जुड़े निकेश अरोड़ा और हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रोफेसर महजरीन बनजी सहित चार भारतीय-अमेरिकियों को वर्ष 2026 के लिए 'कार्नेगी कॉर्पोरेशन ऑफ न्यूयॉर्क' की प्रतिष्ठित 'ग्रेट इमिग्रेंट्स, ग्रेट अमेरिकन्स' सूची में स्थान मिला है। इस सूची में शामिल अन्य सम्मानित भारतीय-अमेरिकी हस्तियों में हार्वर्ड मेडिकल स्कूल के प्रोफेसर डॉ. संजीव चोपड़ा और 'वर्टेक्स फार्मास्युटिकल्स' की अध्यक्ष एवं सीईओ रेशमा केवलरमानी शामिल हैं।



नेपाल को कबाड़ प्लेन बेचने का मामला

## सुप्रीम कोर्ट ने पीएम बालेन से मांगा जवाब, खरीदी की जांच क्यों नहीं की

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल को कबाड़ पैसेंजर प्लेन बेचकर अरबों रुपये का चूना लगाने वाले चीन की अब पोल खुलने जा रही है। नेपाल के सुप्रीम कोर्ट ने बालेन शाह सरकार से जवाब मांगा है कि क्यों चीनी विमानों के विवादित खरीद की कभी जांच नहीं की गई। नेपाल एयरलाइंस ने करीब 13 साल पहले 6 चीनी विमान को खरीदा था लेकिन ये कबाड़ निकले और उड़ ही नहीं पा रहे हैं। नेपाल ने इन विमानों को साल 2014 से 2018 के बीच में चीनी ग्रांट और लोन की मदद से 6 अरब 66 करोड़ नेपाली रुपए में खरीदा था। 26 जून को एक याचिका के जवाब में दिए अपने आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने जांच को लेकर जवाब मांगा है। नेपाल ने 4 17 सीटों वाला और 2 विमान 56 सीटों वाला खरीदा था। नेपाल एयरलाइंस ने हमेशा के लिए 5 बचे हुए चीनी विमानों को जुलाई 2020 में उड़ाना बंद कर दिया। इन विमानों को ऑपरेशनल रखने में भारी खर्च आ रहा था।



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का फ्रांस दौरा

## आर्थिक और निवेश संबंधों पर रहेगा ध्यान, कई द्विपक्षीय वार्ताएं होंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को फ्रांस के अधिकारिक दौरे की शुरुआत की, जहां वह भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने, आर्थिक सहयोग को गहरा करने और निवेश, प्रौद्योगिकी सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई उच्चस्तरीय बैठकों में हिस्सा लेंगी। इस दौरे का सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम फ्रांस के ऐक्स-एन-प्रोवेंस में आयोजित होने वाला भारत-फ्रांस आर्थिक एवं वित्तीय संवाद (ईएफडी) होगा। इस बैठक की सह-अध्यक्षता वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और फ्रांस के अर्थव्यवस्था, वित्त, औद्योगिक ऊर्जा और डिजिटल संप्रभुता मंत्री रोलैंड लेस्क्योर करेंगे। इस दौरे के दौरान दोनों देश विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के नए अवसरों की तलाश करेंगे और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा करेंगे।



## भारत-थाईलैंड नौसेना का संयुक्त युद्धाभ्यास



सतहिप। भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े के युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि, आईएनएस शक्ति और आईएनएस कवरत्ती ने थाईलैंड के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास में शामिल हुए। इन युद्धपोतों ने थाईलैंड के सतहिप दौरे के बाद रॉयल थाई नेवी के युद्धपोत एचटीएमएस ताओ फ्राया के साथ पासएक्स (पासिंग एक्सरसाइज) में हिस्सा लिया। यह अभ्यास समुद्र में मित्र देशों की नौसेनाओं के आमने-सामने आने पर आयोजित किया जाता है। नौसेना ने बताया कि इस अभ्यास से दोनों नौसेनाओं को बीच समन्वय और संयुक्त संचालन क्षमता को मजबूत करने का अवसर प्रदान किया तथा समुद्री सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता के प्रति उनकी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया।

भारतीय सशस्त्र बलों में नई नियुक्तियां

## एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने भारतीय वायु सेना के उप प्रमुख का पदभार ग्रहण किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएम, वीएसएम ने 1 जुलाई 2026 को भारतीय वायु सेना में उप प्रमुख का पदभार ग्रहण कर लिया है। एयर मार्शल को 6 दिसंबर 1986 को भारतीय वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन किया गया था। वे 3,500 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव रखते हैं।


आशुतोष दीक्षित | संदीप जैन | राजेश पुष्कर

### लेफ्टिनेंट जनरल संदीप बने सेना के उप प्रमुख

लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन, एवीएसएम, एसएम ने सेना के उप प्रमुख (वीसीओएएस) का पदभार ग्रहण किया। एयर मार्शल तेजिंदर सिंह ने 1 जुलाई, 2026 को चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष के एकीकृत रक्षा स्टाफ प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया। वे 13 जून, 1987 को वायु सेना की लड़ाकू शाखा में शामिल हुए।

### लेफ्टिनेंट जनरल पुष्कर ने दक्षिणी कमान का कार्यभार संभाला

लेफ्टिनेंट जनरल राजेश पुष्कर एवीएसएम, वीएसएम ने दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन, एवीएसएम, एसएम का स्थान लिया है। वहीं, लेफ्टिनेंट जनरल मोहित मल्होत्रा, एवीएसएम, एसएम ने जयपुर स्थित दक्षिण पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ का पदभार ग्रहण कर लिया है। जून 1989 में 47 बख्तरबंद रेजिमेंट में कमीशन प्राप्त करने वाले जनरल ऑफिसर के पास 37 वर्षों से अधिक का विशिष्ट सेवा का अनुभव है, जिसमें कमान, स्टाफ और प्रशिक्षण संबंधी सभी महत्वपूर्ण स्तरों पर कार्य शामिल हैं।

ईरान के विदेश मंत्री अराघची की अमेरिका को दो टूक

# तेल अवीव के चहेतों को काबू करो, वरना अंजाम बुरा होगा

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/ वॉशिंगटन

ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने सर्वोच्च नेता पर इजराइल की टिप्पणी की कड़ी आलोचना की और अमेरिका को धमकी दी है कि अपने तेल अवीव वाले पालतू जानवर को काबू में रखें, नहीं तो इसका अंजाम बुरा होगा। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल कार्टज के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है जिसमें उन्होंने कहा था कि ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई को मौत के लिए निशाना बनाया गया है।

इजराइल को यूएस की बात माननी होगी


जेडी वेंस | सैय्यद अब्बास अराघची

### ... तो हम सबक सिखाएंगे

अराघची ने कहा कि इस्लामाबाद समझौता ज्ञापन की शर्तें बिल्कुल स्पष्ट और सबके लिए सार्वजनिक हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने तेल अवीव में अपने चहेतों को चुप कराने का वादा किया है। अगर वे अपने आका की अवहेलना करते हैं, तो ईरान उन्हें सबक सिखाएगा। कार्टज ने ईरानियों को अच्छा व्यापारी बताया था जो बातचीत में रियायतें हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, और कहा कि इजराइल ईरान को परमाणु हथियार बनाने की अनुमति नहीं देगा।

### इजराइल पीएम के बयान झूठे: ईरान

इजराइल के पूर्व सेना प्रमुख गादी आइजेनकोट ने बेंजामिन नेतन्याहू पर आरोप लगाया है कि उन्होंने जनता को डराने के लिए ऐसे दावे किए कि ईरान के पास परमाणु हथियार हैं। ईरान की परमाणु क्षमताओं के बारे में पीएम के बयान झूठे थे। विपक्षी पार्टी 'यशार' के प्रमुख आइजेनकोट ने कहा कि नेतन्याहू ने बहुत गलत बातें कहीं। ईरान के पास कोई परमाणु बम नहीं था। वह इजराइली जनता को डराने के लिए हकीकत को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहे हैं।

### वेंस ने ईरान के बैठक से इनकार को बताया 'फारसी चाल'

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान की ओर से वॉशिंगटन के साथ सीधी बातचीत से इनकार करने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने इसे बातचीत की एक 'फारसी चाल' करार दिया। वेंस ने कहा कि बातचीत का नतीजा जो भी हो, अमेरिका मजबूत स्थिति में है। वेंस ने दावा किया कि ईरान की ओर से कई बार इनकार किए जाने के बावजूद दोनों देशों के बीच तकनीकी बातचीत आगे बढ़ रही है। वेंस ने कहा, राष्ट्रपति (डोनाल्ड ट्रंप) ने हमें जो बताया है, वह यह है कि समस्या पर काम करें, देखें कि बातचीत किस दिशा में आगे बढ़ती है। अगर कूटनीतिक स्तर पर कोई समाधान नहीं निकलता है, तो भी हमारे पास कई विकल्प मौजूद हैं।

# रिपोर्ट मंगाकर फाइल बंद, यह रवैया नहीं चलेगा, हाई कोर्ट ने कहा- इटारसी के 14 करोड़ भुगतान मामले की 90 दिन में जांच के सख्त निर्देश

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने इटारसी नगर पालिका में कथित 14.20 करोड़ के अवैध भुगतान मामले में स्पष्ट कर दिया है कि केवल अधिकारियों से प्रतिवेदन मंगाकर शिकायतों को लंबित नहीं रखा जा सकता।जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने प्रमुख सचिव, नगरीय प्रशासन को 90 दिनों के भीतर जांच पूरी कर विधिसम्मत निर्णय लेने का निर्देश दिया।

याचिकाकर्ता इटारसी के सुरेश कुमार चिंचवाड़ की ओर से अधिवक्ता आशीष त्रिवेदी ने पैरवी की। कोर्ट को बताया कि इटारसी नगर पालिका परिषद में 35 माह के दौरान 14,20,51,378 के कथित अवैध भुगतान से जुड़ा है। याचिका



में आरोप लगाया गया कि मध्य प्रदेश नगर पालिका (लेखा एवं वित्त) नियम, 2018 के नियम 85(2) तथा शासन के छह अगस्त, 2022 के आदेश का उल्लंघन करते हुए फर्जी नोटशीट के आधार पर भुगतान किए गए, जिससे नगर पालिका को भारी वित्तीय क्षति हुई। आरोप तत्कालीन अध्यक्ष पंकज चौरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा तथा अन्य अधिकारियों पर लगाए गए हैं। तर्क दिया गया कि कई शिकायतों और प्रतिवेदनों के बावजूद विभाग ने केवल आयुक्त से रिपोर्ट मंगाकर मामला लंबित रखा और ठोस जांच नहीं कराई। हाई कोर्ट ने इस रवैये पर अप्रत्यक्ष रूप से असंतोष जताते हुए प्रमुख सचिव को शिकायतों की विधिवत जांच कर 90 दिन के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया।

## सेवानिवृत्ति के बाद वसूली पर हाई कोर्ट की सख्ती, 30 दिन में लौटानी होगी काटी गई राशि

### एसएएफ 25 बटालियन भोपाल से सेवानिवृत्त सिपाही को राहत

**जबलपुर ।** मप्र हाईकोर्ट ने सरकारी कर्मचारियों की पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों में वर्षों बाद की जाने वाली वसूली पर कड़ा संदेश दिया है। जस्टिस विशाल धगत की सिंगल बेंच ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार अपने ही नियमों और समय-सीमा का पालन नहीं करती, तो सेवानिवृत्त कर्मचारी को उसकी कीमत नहीं चुकानी पड़ेगी। कोर्ट ने न केवल वसूली आदेश रद्द किया, बल्कि पहले से काटी गई राशि भी 30 दिन में लौटाने के निर्देश दिए। कोर्ट ने एसएएफ 25 बटालियन भोपाल से सेवानिवृत्त सिपाही शैलेन्द्र कुमार की याचिका स्वीकार करते हुए सेवानिवृत्ति के बाद जारी वसूली आदेश को अवैध घोषित कर दिया। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता से वसूली गई पूरी राशि 30 दिनों के भीतर वापस की जाए। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता मोहन लाल शर्मा ने दलील दी कि सेवानिवृत्ति के बाद अतिरिक्त भुगतान की वसूली, सर्वोच्च न्यायालय के रफीक मसीह बनाम पंजाब राज्य निर्णय के विपरीत है। राज्य की ओर से इसका विरोध किया गया, लेकिन अदालत ने इसे स्वीकार नहीं किया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि राज्य सरकार के 29 जून, 2015 व आठ नवंबर, 2017 के वित्त विभागीय परिपत्रों के अनुसार पेंशन, ग्रेच्युटी तथा सेवा सत्यापन की पूरी प्रक्रिया सेवानिवृत्ति से पहले निर्धारित समय-सीमा में पूरी करना अनिवार्य है।

# उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान पर शिक्षक शहीर मुमताज सम्मानित



**जबलपुर।** शासकीय माध्यमिक शाला ठक्कर ग्राम, संकुल बेलबाग में आयोजित सम्मान समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं समर्पित योगदान के लिए शिक्षक शहीर मुमताज का शाल, श्रीफल एवं स्मृति-चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि संकुल प्राचार्य श्रीमती ज्योति राव ने कहा कि शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं तथा शहीर मुमताज ने अपने कार्यों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और विद्यालय की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दिया है। सम्मान प्राप्त करने के बाद शहीर मुमताज ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर समर्पित रहने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर उषा तिवारी, संतोष श्रीवास्तव, शिवानी सिंह, तहमीना खान, अंजना वर्मा, छाया, मनीषा पटेरिया, निर्मला कुशवाहा, वहीद अहमद, नईम अहमद, अंजली जाट, नंदना नंदनवार एवं नसरीन खान सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आज विकास योजनाओं का जमीनी निरीक्षण करेंगे जेडीए अध्यक्ष

**जबलपुर।** शहर के समग्र एवं सुव्यवस्थित विकास को गति देने के उद्देश्य से जबलपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के अध्यक्ष संदीप जैन गुरुवार, 2 जुलाई को दोपहर 2 बजे से प्राधिकरण की विभिन्न विकास एवं जनहितकारी योजनाओं का जमीनी निरीक्षण करेंगे। निरीक्षण के दौरान आवासीय योजनाओं, सड़कों तथा आवासीय एवं व्यावसायिक परिसरों के निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की जाएगी। अध्यक्ष श्री जैन परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराने पर विशेष जोर देंगे, ताकि नागरिकों को शीघ्र लाभ मिल सके। निरीक्षण में जेडीए उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, सीईओ, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं संबंधित ठेकेदार भी उपस्थित रहेंगे।

## 21वीं श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 200 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**जबलपुर।** ब्रह्मलीन महंत अमरपुरी महाराज सेवा मंडल (रजि.) एवं आश्रम भोले कुटी परिवार के तत्वावधान में मंगलवार सुबह लगभग 200 श्रद्धालुओं का जत्था श्री अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ। संस्था के संरक्षक एवं यात्रा संयोजक राजकुमार सिंगरहा ने बताया कि वर्ष 2004 से निरंतर आयोजित हो रही यह यात्रा इस वर्ष अपनी 21वीं सतत यात्रा पूर्ण कर रही है। श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर देश की सुख-समृद्धि, शांति एवं कल्याण की प्रार्थना करेंगे तथा परंपरा अनुसार मां नर्मदा का पावन जल एवं त्रिशूल अर्पित करेंगे। यात्रा में मुकेश सोनी, विजय श्रीवास्तव, सुनील धगट, बृजेश शर्मा, आशीष चौबे, सुमित चौहान, सुनील पटेल, मोहित तिवारी, विनोद मिश्रा, ललित कुमार, यश नामदेव, सुरेंद्र पटेल, चंद्रकला सोनी, श्वेता सोनी, कमला पटेल, नेहा दुबे, परिणीता बैलेकर, मनीषा तिवारी, रीता प्रधान सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हैं।

# सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 863 वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई



**जबलपुर।** जागरूक युवा सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अमर बलिदानी सम्राट पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर पुष्पांजलि माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक उनकी 863वीं जयंती मनाई, जयंती समारोह के संयोजक युवा सामाजिक कार्यकर्ता निमित पाठक ने बताया कि यह बहुत सौभाग्य एवं गर्व का विषय है कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान का जन्म ननिहाल जबलपुर का है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए युवा सामाजिक कार्यकर्ता ठा. दीपक सिंह राजपूत ने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान ने देश की आन बान शान की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने अफगानी आक्रमणकारी मोहम्मद गौरी को 17 बार हराया था, सम्राट पृथ्वीराज चौहान ने शब्दभेदी बाण चलाकर मोहम्मद गौरी को मार गिराया था, आज भी दोहा विश्व प्रसिद्ध है, "चार बांस चौबीस गज, अंगुल अष्ट प्रमाण ता ऊपर सुल्तान है, मत चुके चौहान" इस अवसर पर अध्यक्ष ठा. दीपक सिंह राजपूत, निमित पाठक, अर्थव सिंह बघेल, निखिल जैन, मयंक पाठक, संजय सिन्हा, निशार खान, राजेश पटेल, शिवम तिवारी, मयंक लाल, पंचु रैकवार, चिंटू भाई, आशीष यादव सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संत कबीर दास की 628वीं जयंती पर कबीर महोत्सव आयोजित



**जबलपुर।** संत शिरोमणि कबीर दास की 628वीं जयंती के अवसर पर शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति, मनोआरोग्य एवं दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में कबीर महोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संत कबीर के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। आश्रम संचालक एवं साइकोलॉजिस्ट-फिलॉसफर मुकेश कुमार सेन ने नशा मुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य उपचार प्राप्त कर रहे मरीजों को संत कबीर के जीवन, उनके दोहों तथा रहस्यवाद पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने निर्गुण भक्ति, मानवता, समानता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उन्होंने जातिवाद, पाखंड और धार्मिक वैमनस्य के विरुद्ध समाज में जनजागरण का कार्य किया। कार्यक्रम में संत कबीर की वाणी के माध्यम से सत्य, सादगी, प्रेम, सद्भाव और अच्छे कर्मों के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

# कटंगी के किसानों के 1.5 करोड़ के बकाया भुगतान को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर।** कटंगी क्षेत्र के करीब 60 किसानों के गेहूं एवं चना विक्रय के लगभग 1.5 करोड़ रुपये के कथित बकाया भुगतान के मामले में जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) ने बुधवार को अतिरिक्त कलेक्टर निशा राठौर एवं पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच और किसानों को शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की। ज्ञापन ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष एवं बरगी के पूर्व विधायक संजय यादव के नेतृत्व में सौंपा गया। जिला कांग्रेस ग्रामीण के प्रवक्ता विवेक यादव ने बताया कि किसानों का आरोप है कि व्यापारियों द्वारा दिए गए चेक बाउंस हो गए और लगातार आश्वासन देकर उन्हें गुमराह किया गया। ज्ञापन में पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए किसानों ने दोषियों पर प्रभावी कार्रवाई तथा कथित गोलीकांड की निष्पक्ष जांच की मांग की है। संजय यादव ने चेतावनी दी कि यदि किसानों को समय पर न्याय नहीं मिला तो कांग्रेस किसानों के साथ लोकतांत्रिक आंदोलन करेगी। इस अवसर पर कटंगी ब्लॉक अध्यक्ष नेक नारायण सिंह, ग्रामीण सेवा दल अध्यक्ष शिव नामदेव, विवेक यादव, कांग्रेस पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर लगाया स्वास्थ्य शिविर



**जबलपुर।** प्रधानमंत्री के कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने पर राकेश सिंह कैबिनेट मंत्री के आदेशानुसार क्षेत्रीय पार्षद मालती चौधरी के नेतृत्व में आज डॉ. बाबूराव परांजपे वार्ड में स्वास्थ्य शिविर प्रेम होटल के पास दुर्गा चबूतरा में लगाया गया। इस शिविर में डॉ रंजीत लोधी, डॉ हुमा नाज सिद्दीकी, डॉ अक्षत जैन, डॉ प्रशीता बेहरा, डॉ नवजीत सिंह, डॉ जान्हवी यादव, मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, राजदीप, रविन्द्र झारिया, मनजीत मेहता, रूपेश यादव, पियूष गुप्ता, भगवान दीन चौधरी, अजय सूर्यवंशी, वंदना तेकाम, शिवा चौधरी, मूलचंद केशरवानी सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डॉक्टर्स डे पर मेगा हेल्थ कैंप व रक्तदान शिविर, चिकित्सकों का सम्मान



**जबलपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जबलपुरम एवं परम्बा नेत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में डॉक्टर्स डे के अवसर पर मेगा हेल्थ चेकअप कैंप, स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं चिकित्सक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखन घनघोरिया ने समाज सेवा और जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐसे आयोजनों की सराहना की। क्लब के अध्यक्ष प्रसून मिश्रा एवं सचिव दीपक वर्मा की उपस्थिति में डॉ. अतुल शोले, डॉ. हर्ष राय एवं डॉ. नितिन सोनी का शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने निःशुल्क नेत्र, दंत एवं सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ ब्लड प्रेशर और शुगर परीक्षण का लाभ लिया। डॉ. नितिन सोनी ने आंखों की देखभाल एवं नियमित नेत्र परीक्षण के महत्व पर जानकारी दी। वहीं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में युवाओं एवं रोटरी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। आयोजन को सफल बनाने में परम्बा नेत्रालय की मेडिकल टीम, रोटरी क्लब के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं स्वयंसेवकों का विशेष सहयोग रहा। अंत में अध्यक्ष प्रसून मिश्रा और सचिव दीपक वर्मा ने सभी चिकित्सकों, रक्तदाताओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## डॉक्टर्स डे व सीए डे पर 21 विशेषज्ञों का सम्मान, संगोष्ठी आयोजित



**जबलपुर।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा परंपरा अनुसार डॉक्टर्स डे एवं सीए डे के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित कर 17 चिकित्सकों एवं 4 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का सम्मान किया गया। क्लब अध्यक्ष अखिल खंडेलवाल ने कहा कि डॉक्टर जहां समाज के शारीरिक स्वास्थ्य की रक्षा करते हैं, वहीं चार्टर्ड अकाउंटेंट आर्थिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कुमार वैश्य ने दोनों व्यवसायों की सामाजिक उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डॉ. जितेंद्र जामदार ने डॉक्टर्स डे तथा सीए राकेश खंडेलवाल ने सीए डे के महत्व पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र जामदार, डॉ. बी.के. पांसे, डॉ. शिरीष नायक, डॉ. विनोद ताम्रकार, डॉ. लोकेश पटेल, डॉ. दीपक बहरानी, डॉ. अंकित सेठ, डॉ. मयंक जैन, डॉ. पवन स्थापक, डॉ. आशीष गुप्ता, डॉ. अर्पिता स्थापक, डॉ. जन्मेजय जामदार, डॉ. अपूर्वा स्थापक, डॉ. जयंत तन्खीवाले, डॉ. विशाल मेहरा, डॉ. मयूर जैन, डॉ. वेदांत तथा सीए राकेश खंडेलवाल, सीए प्रद्युमन गुप्ता, सीए हर्षित खंडेलवाल एवं सीए मनीष कौशल का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रांतपाल अखिल मिश्र, सारंग भिड़े, अनुराग जैन गढ़वाल, रवि वैश्य, अनंत डिके, हरीश रिझवानी, अजय चौधरी, संतोष पोद्दार, मधुसूदन मोदी, राकेश गिरदोनिया, संतोष जैन, आलोक खरे, राजय गुप्ता, उमंग अग्रवाल, प्रभव महेश्वरी, निशिता खंडेलवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। अंत में क्लब कोषाध्यक्ष डॉ. अंकित सेठ ने आभार व्यक्त किया।

# नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत महाविद्यालय की गतिविधियों से कराया परिचय



**जबलपुर।** नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को महाविद्यालय के इतिहास, स्थापना वर्ष तथा यहां से शिक्षा प्राप्त कर चुकी प्रमुख विभूतियों की जानकारी दी गई। साथ ही ओशो इंटरनेशनल चेयर, एनसीसी, एनएसएस, विभिन्न शासकीय योजनाओं, शैक्षणिक सुविधाओं, खेल गतिविधियों एवं ऑनलाइन पाठ्यक्रमों से भी अवगत कराया गया।

प्राध्यापकों ने अपने-अपने विभागों का परिचय देते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत प्रो. अरुण शुक्ला ने करियर निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को महाविद्यालय का भ्रमण कराकर विभिन्न विभागों एवं कक्षाओं से परिचित कराया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. ए.सी. तिवारी, प्रो. अरुण शुक्ला, डॉ. विभा निगम, डॉ. ज्योति जुनगारे, डॉ. अभय सिंह उइके, डॉ. देवेंद्र कोष्टा, डॉ. रवीश तमन्ना ताजिर, डॉ. जागेश्वर प्रजापति, डॉ. अमिता सिंह, डॉ. बुशरा खान, डॉ. साक्षी मरावी, डॉ. उमा भारती, डॉ. रूपाली उपाध्याय सहित महाविद्यालय का समस्त शिक्षकीय स्टाफ उपस्थित रहा।

# टारगेट युवा शक्ति ने दिया नशा मुक्ति का संदेश



**मझौली।** नगर की समाजसेवी संस्था टारगेट युवा शक्ति वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयुष्मान ग्रीन रिसॉर्ट, मुरगवाँ में नशा मुक्ति एवं युवा जागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी अमित राजपूत ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने के लिए जनजागरण अभियान समय की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में आशीष तिवारी, बृजेश दुबे, गिरीश पालीवाल, अर्पित दुबे, सचिन चौधरी, उमाकांत कोष्टा, शेखर कोष्टा, मयंक कोष्टा, राज श्रीवास्तव, रजनीश साहू, नीरज झारिया, रचित रजक, पुष्पेंद्र राजपूत, सुनील राजपूत सहित संस्था के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।

# माता महाकाली मंदिर में 23 बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार संपन्न





**सिहोरा।** माता महाकाली मंदिर खितौला में ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा आयोजित 14वें वार्षिक सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार समारोह श्रद्धा, भक्ति एवं वैदिक परंपराओं के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम गुरुदेव सुरेन्द्र दास जी महाराज के सानिध्य में आयोजित किया गया, जिसमें 23 ब्राह्मण बटुकों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञोपवीत धारण कर द्विजत्व संस्कार ग्रहण किया। इस अवसर पर सिहोरा सहित जबलपुर, कटनी, गोसलपुर, पनागर एवं बहोरीबंद से आए बटुकों ने सहभागिता की। गुरुदेव सुरेन्द्र दास जी ने उपनयन संस्कार की महत्ता बताते हुए कहा कि यज्ञोपवीत ज्ञान, अनुशासन, संयम, सेवा, सदाचार एवं आध्यात्मिक जीवन का प्रतीक है। संस्कार के दौरान बटुकों ने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करने, सत्य के मार्ग पर चलने, गायत्री मंत्र का जप करने तथा समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। समापन अवसर पर नवदीक्षित बटुकों ने सनातन परंपरा के अनुसार सात घरों में जाकर भिक्षाटन किया। आयोजन को सफल बनाने में समाज के संरक्षक प्रकाश पाण्डेय, अश्वनी कुमार पाठक, अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री प्रवीण कुररिया, नरेंद्र त्रिपाठी, अनिरुद्ध त्रिवेदी, विनीत मिश्रा, रवि दुबे, राजेंद्र दुबे, नवनीत शुक्ला एवं नारायण तिवारी सहित समाज के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बटुकों के परिजन एवं समाजजन उपस्थित रहे।

**आम सूचना**

मै अपने पक्षकार के निर्देशानुसार आम जनता को यह सूचित कर रहा हूँ कि मेरे पक्षकार श्री सौरभ चावला पिता श्री दिलीप चावला द्वारा आवासीय उपयोग की संपत्ति मौजा- चांटी, प.ह. संख्या 11, रा. न. म. -माढ़ोताल, तहसील- अधारताल और जिला जबलपुर में स्थित एक आवासीय संपति श्री नर्मदापुरम कॉलोनी, खसरा संख्या 91/2, कुल रकवा 0.60 हेक्ट. में से प्रियांशी (नाबालिग ) एवं सिद्धि (नाबालिग ) का रकवा 0.2470 हेक्ट. हिस्सा छोड़कर, श्रीमती रमा बाई पटेल पत्नी स्वर्गीय श्री इंद्र कुमार पटेल, आकांक्षा पटेल, आकृति पटेल दोनों के पिता स्वर्गीय श्री इंद्र कुमार पटेल के हिस्से कि संपत्ति का डायवर्सन पश्चात खसरा संख्या 91/2/2 में से प्लॉट संख्या 4 और 5 का हिस्सा, कुल प्लॉट क्षेत्रफल 10000 वर्ग फुट है। उक्त संपत्ति खरीदने के लिय भूस्वामी - श्रीमती रमा बाई पटेल पत्नी स्वर्गीय श्री इंद्र कुमार पटेल, आकांक्षा पटेल, आकृति पटेल दोनों के पिता स्वर्गीय श्री इंद्र कुमार पटेल द्वारा मुख्त्यार आम श्री दीपू रजक पिता श्री सुरेश रजक से खरीदने का अनुबंध पत्र किया है उक्त संपत्ति को श्रीमती रमा बाई पटेल पत्नी स्वर्गीय श्री इंद्र कुमार पटेल, आकांक्षा पटेल, आकृति पटेल, प्रियांशी एवं सिद्धि सभी के पिता स्वर्गीय श्री इंद्र कुमार पटेल को उक्त संपत्ति श्री इंद्र कुमार पटेल के मृत्यु के बाद पारिवारिक बटवारा से प्राप्त हुई है। यह कि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में शीघ्र ही निष्पादित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संपत्ति में श्रीमती रमा बाई पटेल पत्नी स्वर्गीय श्री इंद्र कुमार पटेल, आकांक्षा पटेल, आकृति पटेल, प्रियांशी एवं सिद्धि सभी के पिता स्वर्गीय श्री इंद्र कुमार पटेल के अलावा कोई अतिरिक्त वारसान नहीं है। यह कि श्री सौरभ चावला पिता श्री दिलीप चावला मेरे पक्षकार ICICI Home Finance Company Ltd. Jabalpur से आवास ऋण प्राप्त करना चाहता है, जिसकी सुरक्षा हेतु श्री सौरभ चावला पिता श्री दिलीप चावला द्वारा उक्त संपत्ति बैंक में बंधक की जा रही है। अत: उक्त संपत्ति या संपत्ति के बंधक के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो वह प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार ICICI Home Finance Company Ltd. Jabalpur को अथवा मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, समय उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

जबलपुर, दिनांक :- :29.06.2026
भवदीय-साकेत प्यासी एडवोकेट
319, गली नं. 05, त्रिमूर्ति नगर, दमोहनाका
जबलपुर मो. नं - 9806373695




**श्रीमती निर्मला चौरसिया-** गुप्तेश्वर मंदिर के पास निवासी श्री बीआर चौरसिया की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला चौरसिया (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मदन लाल खरे-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री मदन लाल खरे (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री पुरूषोत्तम चौरसिया-** दया नगर यादव कॉलोनी निवासी श्री पुरूषोत्तम चौरसिया (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गुलाब बाई सोनी-** कोतवाली हनुमानताल वार्ड निवासी श्री राम दयाल सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती गुलाब बाई सोनी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मीरा बाई कुरील-** मोदीबाड़ा सदर निवासी श्री प्रकाश कुरील की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा बाई कुरील (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रूक्मन बाई कोरी-** वल्दी कोरी की दफाई निवासी श्री बलिहारी कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती रूक्मन बाई कोरी (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती माया जायसवाल-** गोरा बाजार केंट श्रीकृष्णा स्कूल के पास निवासी श्री जगदीश प्रसाद जायसवाल की धर्मत्नी श्रीमती माया जायसवाल (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय कुमार साहू-** टेलीग्राफ गेट नं. 1 जगदीश अखाड़ा के पास निवासी श्री विजय कुमार साहू (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हर्षवर्धन सिंह-** अंधेरदेव निवासी श्री हर्षवर्धन सिंह (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम नारायण सोनकर-** भानतलैया विद्यापीठ स्कूल के पास निवासी श्री राम नारायण सोनकर (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शकुन यादव-** रामनगर रामपुर निवासी श्री फूलचंद यादव की धर्मपत्नी श्रीमती शकुन यादव (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्र कुमार बजाज-** वैशाली परिसर नर्मदा रोड निवासी श्री चंद्र कुमार बजाज (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# बधिर पुलिस सहायता केंद्र में दिव्यांगजनों को नशा मुक्ति का दिया संदेश



**जबलपुर।** भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग तथा शांतम प्रज्ञा आश्रम नशा मुक्ति, मनोआरोग्य एवं दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में लार्डगंज थाना स्थित बधिर पुलिस सहायता केंद्र में मूक-बधिर दिव्यांगजनों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ। केंद्र के संचालक एवं साइकोलॉजिस्ट मुकेश कुमार सेन ने शराब, गांजा, गुटखा, बीड़ी, स्मैक सहित अन्य मादक पदार्थों से होने वाले मानसिक एवं शारीरिक दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशा पीड़ितों के उपचार एवं पुनर्वास की जानकारी दी। वहीं साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर रोहिणी ने मानसिक स्वास्थ्य, नशा मुक्ति एवं दिव्यांग कल्याण संबंधी जानकारी सांकेतिक भाषा में समझाई। कार्यक्रम के अंत में सभी दिव्यांगजनों ने नशामुक्त रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रोहानी ठाकुर, चंदन सिंह राजपूत, जितेंद्र गुप्ता, नर्मदानन्द तिवारी, सुबोध तिवारी एवं यदुनाथ तिवारी का सहयोग रहा।

# फेफड़े, फसल और ग्लेशियर... सब पर भारी पड़ रहा है नया अदृश्य प्रदूषण

**नई दिल्ली।** देश में वायु प्रदूषण का खतरा अब सिर्फ सर्दियों के स्मॉग तक सीमित नहीं रहा। सीएसई की नई रिपोर्ट में आया कि ग्राउंड-लेवल ओजोन सालभर लोगों की सेहत, खेती और पर्यावरण पर गंभीर असर डाल रहा है। दिल्ली-एनसीआर समेत कई बड़े शहर इस अदृश्य प्रदूषण की चपेट में हैं।

सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट यानी सीएसई के नई रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि हमारे शहरों की हवा में ग्राउंड-लेवल ओजोन का स्तर तय मानकों को पार कर दिया है। हैरानी वाली बात यह है कि यह जहरीली गैस अब सिर्फ धूप में ही नहीं, बल्कि सूरज ढलने के बाद रात के अंधेरे में भी हवा में घुल रही है। साल 2021 से 2026 के बीच 25 शहरों के डेटा पर किए गए इस रिसर्च में दिल्ली-एनसीआर को देश का सबसे बड़ा ओजोन हॉटस्पॉट पाया गया है। इसके साथ ही चंडीगढ़, जयपुर, अहमदाबाद, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु जैसे शहरों में भी इसका लेवल बहुत ही चिंताजनक पाया गया है।

### आसमान वाली ओजोन वरदान जमीन वाली जहर

अभी तक हम यह मानते आए हैं कि वायुमंडल के ऊपर हिस्से में मौजूद ओजोन परत सूरज की हानिकारक किरणों से हमें बचाती है। लेकिन, जब यही ओजोन गैस जमीन के पास बनती है, तो यह खतरनाक हो जाती है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, यह गैस सीधे किसी फैक्टरी या गाड़ी से नहीं निकलती, बल्कि जब गाड़ियों और फैक्ट्री से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड और दूसरी गैसें तेज धूप और लगातार बढ़ते तापमान के संपर्क में आती हैं, तो उनके बीच एक रासायनिक रिएक्शन होता है। इसी कारण से गर्मी बढ़ने के साथ इसका खतरा और ज्यादा बढ़ जाता है।

## सीएसई रिपोर्ट में हुआ बड़ा खुलासा

### सेहत पर चौतरफा हमला

डॉक्टरों और रिसर्चर्स ने चेतावनी दी है कि ग्राउंड लेवल ओजोन हमारे शरीर को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाने वाले प्रदूषण में से एक है-

- यह गैस फेफड़ों के टिशू यानी ऊतकों को छील देती है और अस्थमा के मरीजों की हालत गंभीर कर देती है।
- काफी समय तक इस गैस के संपर्क में रहने से हार्ट अटैक, स्ट्रोक और फेफड़ों की गंभीर बीमारी का खतरा बढ़ जाता है।
- अमूमन धूप ढलने के बाद ओजोन कम हो जाती है, लेकिन दिल्ली-NCR और मुंबई जैसे शहरों में अब यह रात के समय भी खतरनाक स्तर पर बनी हुई है।



### खेती और पर्यावरण पर भी भारी मार

रिसर्च रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि यह अदृश्य गैस पौधों में होने वाली प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया को प्रभावित कर रोक देती है, जिससे फसलों की ग्रोथ रुक जाता है। अनुमान है कि इस प्रदूषण के कारण भारत में गेहूं की पैदावार में हर साल 14 से 15 फीसदी की कमी आ रही है। सिर्फ इतना ही नहीं, शहरों से उड़कर यह गैस हिमालय तक पहुंच रही है, जिससे वहां के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं।

### क्या है इसका समाधान?

सीएसई की कार्यकारी निदेशक अनुमिता रॉय चौधरी के मुताबिक अब समय आ गया है, जब सरकार को सिर्फ धूल के कणों को रोकने की रणनीति बदलनी होगी। अब गाड़ियों, फैक्ट्रियों और कचरा जलाने से निकलने वाली गैसों को रोकने के लिए एक कड़ा और कंबाइंड एक्शन प्लान बनाना होगा, तभी देश को इस सालभर रहने वाले अदृश्य खतरे से बचाया जा सकेगा।

## रोचक खबरें

### जीता-जागता बार्बी है ये लड़का 40 लाख में बन गया डॉल

**लंदन।** यूके के केंट शहर में रहने वाले 25 साल के मिशेल जोंस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। मिशेल ने सर्जरी के जरिए खुद को 'एलियन बार्बी डॉल'बना लिया है। बचपन से ही बार्बी डॉल्स की दीवानी मिशेल ने अब तक करीब 40 लाख रुपए (30,000 पाउंड) सर्जरी पर खर्च कर दिए हैं। मिशेल पेशे से हेयरड्रेसर हैं। उनका लुक अब बिल्कुल बार्बी डॉल जैसा हो गया है। भारी मेकअप, लंबी झूठी पलकें (4-6 पेयर एक साथ), गुलाबी कपड़े और परफेक्ट चेहरा – यही उनका ट्रेडमार्क है। वे कहते हैं कि सर्जरी से वे अपनी परफेक्शन की कल्पना को हकीकत में बदल रहे हैं। मिशेल ने बताया कि उन्हें सर्जरी का शौक है, क्योंकि वे खुद को कस्टमाइज करना पसंद करते हैं। उन्होंने कहा, 'मेरा अपना आइडिया ऑफ परफेक्शन है। लोग सोचते हैं कि सर्जरी सिर्फ असुरक्षा की वजह से करवाई जाती है, लेकिन मेरे लिए यह खुद को बेहतर बनाने का तरीका है।' मिशेल अब 30 साल से पहले फेसलिफ्ट भी करवाने वाले हैं। उनका कहना है कि सर्जरी ने उनकी जिंदगी बदल दी है और वे कभी रुकना नहीं चाहते। यह कहानी दिखाती है कि आजकल लोग अपनी पहचान और लुक को बदलने के लिए कितनी हद तक जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर परफेक्ट लुक का दबाव कई युवाओं को सर्जरी की तरफ ले जा रहा है। मिशेल कहते हैं कि वे खुश हैं और अपनी परफेक्शन की तलाश में हैं। उनका कहना है कि 'आप हमेशा खुद को बेहतर बना सकते हैं।' यह कहानी उन सभी लोगों के लिए है, जो अपनी पहचान तलाश रहे हैं। मिशेल ने दिखा दिया कि सर्जरी से भी अपनी लुक को बदला जा सकता है।



# ओवन की तरह उबल रहा ब्रिटेन!

## भारत के लोग झेल जाते हैं 45 डिग्री, लेकिन 35 डिग्री में ही क्यों पिघल रहा पूरा यूके?

लंदन। इस समय पूरा पश्चिमी यूरोप और ब्रिटेन भीषण गर्मी और खतरनाक हीटवेव की चपेट में हैं। हालात इतने खराब हैं कि स्कूल बंद करने पड़ रहे हैं और कई लोगों की जान भी जा चुकी है। हैरान करने वाली बात यह है कि ब्रिटेन में तापमान करीब 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास है। अब भारत के लोग सोच रहे होंगे कि हमारे यहां तो गर्मियों में तापमान आराम से 45 डिग्री के पार चला जाता है, फिर अंग्रेज 35 डिग्री में ही क्यों उबल रहे हैं? आखिर क्यों ब्रिटेन की 35 डिग्री की गर्मी भारत की 45 डिग्री की चुभती धूप से भी ज्यादा जानलेवा और दमघोंटू महसूस हो रही है? इसका जवाब किसी जादू में नहीं, बल्कि मौसम के विज्ञान और वहां के घरों की बनावट में छिपा है।

### पहला विलेन हवा में छिपी नमी (ह्यूमिडिटी)

ब्रिटेन चारों तरफ से समुद्र से घिरा हुआ है, जिसके कारण वहां की हवा में नमी यानी ह्यूमिडिटी बहुत ज्यादा होती है। जब भारत में सूखी गर्मी पड़ती है, तो हमारे शरीर से निकलने वाला पसीना हवा में तुरंत सूख जाता है और हमें ठंडक मिलती है। लेकिन, ब्रिटेन में हवा पहले से ही नमी से भरी होती है, जिससे पसीना सूख ही नहीं पाता। जब पसीना नहीं सूखता, तो शरीर का नेचुरल कूलिंग सिस्टम काम करना बंद कर देता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यहां का 'वेट-बल्ब' तापमान 25 डिग्री के पास पहुंच रहा है, जो इंसानी शरीर के दिल और फेफड़ों पर भारी दबाव डालता है।



### मौसम का अचानक करवट बदलना

भारत में गर्मी अचानक नहीं आती. मार्च से लेकर मई-जून तक तापमान धीरे-धीरे बढ़ता है, जिससे हमारे शरीर, सड़कों और स्वास्थ्य प्रणालियों को इस मौसम में ढलने का पूरा समय मिल जाता है। लेकिन, ब्रिटेन में मौसम ने अचानक पलटी मारी है। मई के महीने तक वहां रात में बर्फ जम रही थी और अचानक जून में तापमान 35 डिग्री तक पहुंच गया। इस अचानक आए बदलाव के लिए वहां के लोगों का शरीर तैयार नहीं था।

### दूसरा विलेनः ओवन की तरह बने ब्रिटिश घर

भारत में घरों को इस तरह बनाया जाता है कि उनमें वेंटिलेशन अच्छा हो, दीवारें मोटी हों और धूप सीधे अंदर न आए। लेकिन, ब्रिटेन के घर इसके बिल्कुल उलट हैं। वहां की इमारतें, कंक्रीट के ब्लॉक्स और ईंटें सर्दियों की कड़ाके की ठंड को रोकने के लिए बनाई जाती हैं। ये घर बाहर की गर्मी को अंदर खींच लेते हैं और रात के समय उसे धीरे-धीरे बाहर छोड़ते हैं। एयर कंडीशनर न होने के कारण ये घर रात के समय किसी 'थर्मल बैटरी' या ओवन की तरह तपते रहते हैं, जिससे लोगों को सोने का मौका भी नहीं मिलता।



### लंबे दिन और तपती रातें

जून और जुलाई के महीने में ब्रिटेन में सूरज बहुत देर से डूबता है। दिन लंबे होने के कारण सड़कों, कंक्रीट की इमारतों और डामर को धूप सोखने के लिए कई एक्स्ट्रा घंटे मिल जाते हैं। सूरज डूबने के बाद भी यह गर्मी हवा में घुलती रहती है। जब रात का तापमान 20 डिग्री से ऊपर बना रहता है, तो उसे 'ट्रॉपिकल नाइट' कहा जाता है। ऐसी रातों में इंसानी शरीर दिनभर की थकान और गर्मी से खुद को रिकवर नहीं कर पाता है। यही वजह है कि थर्मामीटर पर भले ही आंकड़ा कम हो, लेकिन ब्रिटेन की यह गर्मी जानलेवा साबित हो रही है।

### इस शख्स के आगे फेल है फाइटर जेट की आवाज! चीखकर बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड



**कैनबरा।** क्या आपने कभी सोचा है कि किसी इंसान की आवाज इतनी तेज हो सकती है कि वह फाइटर जेट की आवाज को भी पीछे छोड़ दे? ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा के रहने वाले जोसेफ मैकग्राएल-बेटेअप ने कुछ ऐसा ही कारनामा कर दिखाया है, जिन्होंने अपनी भयंकर चीख से खुद का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज करा लिया है। आमतौर पर लोग अपनी पहचान अपने काम से बनाते हैं, लेकिन जोसेफ अपनी कड़क और गूंजती हुई आवाज के लिए पूरी दुनिया में सुर्खियां बटोर रहे हैं। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के मुताबिक, जोसेफ ने 122.4 डेसिबल (डीबी) की तीव्रता से चिल्लाकर पिछला सारा रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया। उनकी यह चीख किसी रॉक कॉन्सर्ट के शोर या टेक ऑफ करते हुए फाइटर जेट की आवाज के बराबर है। जोसेफ का यह रिकॉर्ड उनके प्रोफेशन के लिहाज से बिल्कुल सटीक बैठता है। वे कैनबरा और क्वीन्बीयन के आधिकारिक टाउन क्रायर हैं, और 'लॉर्ड जोसेफ' के नाम से मशहूर हैं। उनका काम ही सार्वजनिक कार्यक्रमों, कार शोज और भारी भीड़ के बीच अपनी आवाज बुलंद करना है। उन्होंने कहा, शुरुआती दिनों में मैं प्रतियोगिताओं में बस जगह बना पाता था।

### मोटापे की वजह से आई हेल्थ प्रॉब्लम्स ने ले ली जान

## बेटे को खूब खिलाते थे मां-बाप, वजन हुआ 117 किलो, हार्ट अटैक होते ही ले गई पुलिस

**न्यूयार्क।** अमेरिका के मिशिगन राज्य में एक बेहद दुखद और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। 7 साल के कैस्पर ओ'ब्रायन नाम के बच्चे की मौत हार्ट फेलियर से हो गई। बच्चे का वजन 117 किलो (255 पाउंड) था। पुलिस के अनुसार माता-पिता ने बच्चे को इतना अधिक खिला-खिलाकर मोटा कर दिया कि उसकी जान चली गई। माता-पिता डेमियन ओ'ब्रायन (40) और जेसिका ओ'ब्रायन (41) पर सेकंड डिग्री मर्डर, चाइल्ड एब्यूज और टॉर्चर के आरोप लगे हैं। पुलिस ने बताया कि बच्चे को डॉक्टर के पास कभी नहीं ले जाया गया। घर में गंदगी का माहौल था। बच्चे की 5 साल की बहन भी मोटी और गंदी हालत में मिली। दोनों बच्चों को स्कूल भी नहीं भेजा गया था। क्या हुआ था? पुलिस को 4 नवंबर 2025 को घर से फोन आया कि बच्चे की हालत बिगड़ रही है। कैस्पर को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। डॉक्टर्स ने कारण बताया – 'डाइलेटेड कार्डियोमायोपैथी विद मॉर्बिड ओबेसिटी', यानी मोटापे की वजह से दिल की मांसपेशियां कमजोर हो गईं।

### भारत का वो गांव, जहां आज भी संस्कृत में बात करते हैं लोग

**नई दिल्ली।** भारत में लोग अपने विचारों के आदान-प्रदान के लिए कई भाषा का प्रयोग करते हैं। एक समय था जब यहां संस्कृत में ही बातचीत की जाती थी। लेकिन, समय के साथ संस्कृत को मृत भाषा कहकर कई लोगों ने खारिज कर दिया। लेकिन, कर्नाटक के शिवमोग्गा जिले में एक गांव इस धारणा को पूरी तरह गलत साबित कर रहा है। इस गांव का नाम है मत्तूर। **रोजमर्रा की भाषा है संस्कृत**- इस गांव में संस्कृत का प्रयोग डेली लाइफ में किया जाता है। दुकान पर सामान खरीदते समय दुकानदार और ग्राहक संस्कृत में बात करते हैं। पड़ोसियों से गपशप भी संस्कृत में होती है। बच्चों का खेलना और पढ़ना संस्कृत में होता है। और तो और गांव की पंचायत और सामाजिक कार्यक्रम भी संस्कृत में आयोजित होते हैं। मत्तूर की ख्याति पूरे भारत में फैली हुई है। कई भाषाविद् और संस्कृत प्रेमी यहां आकर अध्ययन करते हैं।

## राशिफल

**मेष:** संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष:** खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन:** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या:** कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला:** लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय

**वृश्चिक:** संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर:** आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ:** क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि


**मीन:** किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।


**पश्चिम मध्य रेल**
**खुली निविदा**
निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट एंड ईएनएचएम), मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), कार्यालय पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक व दिनांक:** JBP-M-Tender-21-2026, दिनांक: 25/06/2026 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** फ्रेट यार्ड सतना में यार्ड मरम्मत के विभिन्न कार्यों की आउटसोर्सिंग। **कार्य का विज्ञापित मूल्य:** ₹ 29129998.72/- **बयाना राशि:** ₹ 582600.00/- **समापन की अवधि:** 24 माह **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय:** 20.07.2026, 15.00 बजे। उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), प.म.रे., जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**आवश्यकता**
आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन रू 500-रू 1000 तक की गारंटीड कमाई करें बिना किसी कमीशन के । जुड़ने के लिए कॉल करें - 8929449955 (रायपुर /02/जुलाई 26)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्रमांक 1 बालाघाट (म. प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 15/व.ले.लि./2026-27 **निविदा आमंत्रण - सूचना** बालाघाट, दिनांक 25.06.2026


निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| सं. क्र. | टेण्डर क्र. | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (राशि लाख में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2026_PWD RB_517554 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रमांक- 1 बालाघाट के अंतर्गत एस.आर.एम.ओ. डब्ल्यू के तहत विभिन्न भवनो में वॉटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 19.00 | 38000.00 | 2000.00 | 31.03.2027 |
| 2 | 2026_PWD RB_517555 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग वारासिवनी के अंतर्गत एस. आर. एम. ओ. डब्ल्यू के तहत विभिन्न भवनो में वॉटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 10.00 | 20000.00 | 2000.00 | 31.03.2027 |
| 3 | 2026_PWD RB_517556 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्रमांक - 2 बालाघाट के अंतर्गत एस. आर. एम. ओ. डब्ल्यू के तहत विभिन्न भवनों में वॉटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 5.00 | 10000.00 | 2000.00 | 31.03.2027 |
| 4 | 2026_PWD RB_517557 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग लांजी के अंतर्गत एस. आर. एम. ओ. डब्ल्यू के तहत विभिन्न भवनो में वॉटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 5.00 | 10000.00 | 2000.00 | 31.03.2027 |
| 5 | 2026_PWD RB_517558 | बालाघाट | लोक निर्माण विभाग उपसंभाग बैहर के अंतर्गत एस. आर. एम. ओ. डब्ल्यू के तहत विभिन्न भवनो में वॉटरप्रूफिंग ट्रीटमेंट का कार्य । | प्रथम आमंत्रण | 5.00 | 10000.00 | 2000.00 | 31.03.2027 |
| | | | | कुल योग | 44.00 | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र आनलाईन क्रय करने एवं आनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 13 /07/2026 ( 17.30) बजे निर्धारित है । निविदा की धरोहर राशि (EMD ) एवं निविदा तथा अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज आनलाईन ही जमा किये जायेंगें । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है।

कार्यपालन यंत्री,
G-15072/26 "स्वच्छता ही सेवा" लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक 1 बालाघाट


## शब्द पहेली - 6274



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -6273 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ला | क | मा | न | | | क | मी | ज | |
| रा | ल | | न | | श | प | थ | | मा | मा |
| म | | | ध | नि | क | | न | | | लि |
| दे | ह | दा | न | | | अ | | ल | ल | क |
| ह | | खि | | बे | शु | मा | र | | ह | |
| | सा | ल | | ल | | न | | सु | र | |
| | हि | | ब | गा | व | त | | र | | हा |
| ज | ल | न | | म | | | अ | भि | मा | नि |
| ग | | | चु | | रा | ज | न | | | का |
| त | र | | ना | ह | क | | ब | | चा | र |
| | ब | हा | व | | | म | न | मो | ह | क |

## सूडोकु नवताल - 6284

कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

MANGAL SENMCHA, BANGALORE

**सूडोकु नवताल - 6283 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |



उमस भरी गर्मी में हैवी वर्कआउट करने से डिहाइड्रेशन की आशंका बढ़ जाती है। ऐसा आपके साथ न हो, इसके लिए आपको वर्कआउट करने से पहले लिक्विड डाइट जरूर लेना चाहिए। इससे आपकी बॉडी में हाइड्रेशन लेवल मेंटेन रहेगा।

# प्री-वर्कआउट ड्रिंक्स बॉडी रहेगी हाइड्रेटेड

सजेशन
ललिता गोयल



शरीर को फिट रहने के लिए कुछ लोग जिम में हैवी वर्कआउट जरूर करते हैं, लेकिन इस दौरान अगर वे खाली पेट रहते हैं, शरीर के लिए सही नहीं होता है। इसके कारण वे कमजोरी महसूस कर सकते हैं और उनका ब्लड प्रेशर भी लो हो सकता है। हाइड्रेशन लेवल कम होने पर वे बेहोश भी हो सकते हैं। इससे बचने के लिए जिम में वर्कआउट करने से पहले कुछ नेचुरल प्री-वर्कआउट ड्रिंक्स पीना फायदेमंद होता है, जो वर्कआउट के दौरान एनर्जी लेवल बढ़ाने में मदद करते हैं। लेकिन अगर आपको कोई स्वास्थ्य समस्या रहती है तो एक्सपर्ट की सलाह पर ही इनका सेवन करें।

**नीबू पानी:** नीबू पानी में विटामिन-सी मौजूद होता है, जो बॉडी में इलेक्ट्रोलाइट लेवल बढ़ाने में मदद करता है। नीबू पानी में थोड़ा-सा शहद और चुटकी भर नमक



मिला लेने से यह एक बेहतरीन प्री-वर्कआउट ड्रिंक बन जाता है, जो शरीर को डिटॉक्स और हाइड्रेट करता है और वर्कआउट के लिए जरूरी एनर्जी भी देता है।

**नारियल पानी:** बॉडी में एनर्जी लेवल नेचुरली बढ़ाने के लिए नारियल पानी सबसे अच्छा माना जाता है, इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स की उच्च मात्रा, सोडियम और मैग्नीशियम होता है, साथ ही इसमें मौजूद नेचुरल शुगर शरीर में एनर्जी के लेवल को मेंटेन रखती है। इलेक्ट्रोलाइट्स का यह नेचुरल सोर्स शरीर में हाइड्रेशन और एनर्जी को बनाए रखता है, जिससे वर्कआउट करने में आसानी होती है।

**गोंद कतीरा ड्रिंक:** इस मौसम में बॉडी को हाइड्रेट रखने के लिए गोंद कतीरा को भी प्री-वर्कआउट ड्रिंक के रूप में लिया जा सकता है। यह पानी ज्यादा सोखता है इसलिए इसके सेवन से बॉडी हाइड्रेट रहती है, कूलिंग इफेक्ट मिलता है। इसमें मौजूद कार्बोहाइड्रेट से बॉडी में एनर्जी मेंटेन रहती है और इसमें मौजूद फाइबर डाइजेशन ठीक रखने में भी मदद करता है। पानी में चिया सीड्स, नीबू और गोंद कतीरा डालकर हेल्दी ड्रिंक बनाया जा सकता है।

**सत्तू शरबत:** प्रोटीन इनटेक बढ़ाने के लिए सत्तू का शरबत एक बेहतरीन प्री-वर्कआउट ड्रिंक ऑप्शन है। इसके सेवन से बॉडी हाइड्रेटेड रहती है और वर्कआउट के बाद कमजोरी महसूस नहीं होती है।

**बेल का शरबत:** उमस भरी गर्मी के लिए बेल का शरबत एक सुपरड्रिंक है। यह शरीर को ठंडक देने के साथ डिहाइड्रेशन से बचाता है। बेल के शरबत में मौजूद नेचुरल शुगर तुरंत एनर्जी देती है और वर्कआउट से पहले इसे पीने से डाइजेशन भी सही रहता है।

**ग्रीन टी:** ग्रीन टी एक बेहद हेल्दी और लो कैलोरी प्री-वर्कआउट ड्रिंक है। ग्रीन टी, कैफीन और एंटीऑक्सीडेंट्स का अच्छा



सोर्स होती है, जो वर्कआउट के दौरान एनर्जी बढ़ाने और फोकस करने में मदद करती है।

**तरबूज का जूस:** तरबूज का जूस प्री-वर्कआउट के लिए एक टेस्टी और हेल्दी ऑप्शन है। तरबूज में 90 प्रतिशत से अधिक पानी होता है और इसका जूस पीने से शरीर तुरंत हाइड्रेट हो जाता है और इसमें मौजूद लाइकोपीन, विटामिन ए और सी शरीर को एनर्जी देते हैं। *

**(जिम इंस्ट्रक्टर राहुल चौहान से बातचीत पर आधारित)**

---

डॉक्टर्स एडवाइस
डॉ. लोकेश महाजन
वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ
मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल, फरीदाबाद

वैसे तो कोई भी दवा बिना डॉक्टर की सलाह के नहीं लेनी चाहिए। लेकिन कफ सिरप को लेकर और सावधानी बरतने की जरूरत होती है। खासतौर पर बच्चों को कफ सिरप का सेवन डॉक्टर के निर्देशानुसार ही कराना चाहिए। कफ सिरप कब हार्मफुल हो सकता है, इसका सेवन करते समय किन बातों का ध्यान जरूर रखना चाहिए, यहां डिटेल में बताया जा रहा है।

# डॉक्टर की सलाह के बिना ना करें कफ सिरप का सेवन

हाल ही में भारत सरकार ने ड्रग्स रूल्स 1945 में संशोधन करते हुए ड्रग्स रूल्स 2026 लागू किया है। जिसके तहत देश भर में अब किसी भी मेडिकल स्टोर पर सिरप आधारित दवाओं (विशेषकर कफ सिरप) की ओवर-द-काउंटर ब्रिकी को निषेध किया गया है। यानी डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना कोई भी सिरप दवाई नहीं मिलेगी। केंद्र सरकार ने यह फैसला मूलतया नकली या कहें मिलावटी कफ सिरप पीने से होने वाली मौतों के आधार पर लिया है। लोगों की जान बचाने और दवाओं के सुरक्षित इस्तेमाल के लिए सरकार द्वारा उठाया गया यह कदम सराहनीय है।

## दूषित सिरप से बच्चों की मौतें

पिछले कुछ वर्षों में भारत और अन्य देशों में ऐसे कई मामले सामने आए, जिनमें कुछ कफ सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल और इथाइलीन ग्लाइकॉल जैसे जहरीले रसायन पाए गए। इनसे बच्चों में किडनी फेल होने और मृत्यु तक की कुछ घटनाएं सामने आईं। ऐसे में हम सभी अगर जरूरी सावधानियां बरतें तो दवाओं से होने वाले नुकसान से काफी हद तक बचे रह सकते हैं।

## गाइडलाइन का क्या है उद्देश्य

लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ही सरकार ने सभी सिरपों पर प्रतिबंध नहीं लगाया है, केवल उनकी बिक्री को डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन से जोड़ दिया है ताकि उनका सुरक्षित उपयोग हो सके। सरकार की हाल में दी गई नई गाइडलाइन के पीछे पांच बड़े उद्देश्य बताए जा रहे हैं।

- दूषित सिरप से होने वाली मौतों की रोकथाम।
- बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित हो।
- सेल्फ-मेडिकेशन या मेडिकल स्टोर जाकर स्वयं दवा लेने की आदत कम करना।
- सिरप के दुरुपयोग को रोकना और नशे की समस्या पर नियंत्रण करना।
- दवाओं की गुणवत्ता तथा उसके सही वितरण व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखना।

## कफ सिरप तब होता है हार्मफुल

विशेषज्ञ मानते हैं कि शरीर की खांसी एक प्राकृतिक रक्षा प्रणाली भी है। इसलिए बार-बार कफ सिरप पीना, खुराक बढ़ा देना या कई कफ सिरप एक साथ लेना नुकसानदायक हो सकता है। सिरप अलग-अलग तरह के कंसंट्रेशन और डोज के साथ आते हैं। इन्हें लंबे समय तक, गलत तरीके से (जैसे-छोटे-बड़े सबको एक समान), ज्यादा मात्रा में या डॉक्टर की सलाह के बिना लिया जाए, तो कई साइड इफेक्ट्स हो सकते हैं। यहां तक कि व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। हाल के वर्षों में जिन सिरपों ने सबसे अधिक चिंता पैदा की, उनमें डाइएथिलीन ग्लाइकॉल, एथिलीन ग्लाइकॉल जैसे विषैले घटक पाए गए हैं। जिनसे किडनी-लिवर फेलियर, ब्लड प्रेशर-हार्ट रेट बढ़ना, मस्तिष्क को नुकसान, दौरे पड़ना, मृत्यु तक हो सकती है। कुछ कफ सिरप में कोडीन नामक दवा होती है। यह खांसी को दबाने में मदद करती है, लेकिन अधिक मात्रा में लेने पर नशे जैसी स्थिति पैदा कर सकती है। अत्यधिक नींद और सुस्ती आ सकती है। सांस



लेने की गति धीमी हो सकती है। व्यक्ति को इसकी लत लग सकती है।

डेक्स्ट्रोमेथॉर्फन नामक रासायनिक घटक भी कई कफ सिरप में पाया जाता है। इसे अधिक मात्रा में लेने पर चक्कर आना, कंफ्यूजन होना, व्यवहार में बदलाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अलावा क्लोरफेनिरामाइन, डाइफेनहाइड्रामाइन एंटीहिस्टामिन जैसी दवाएं एलर्जी और खांसी के उपचार में दी जाती हैं। इनसे अधिक नींद, ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, कंफ्यूजन जैसी स्थिति पैदा कर सकती हैं। स्वाद बढ़ाने के लिए कई सिरपों में काफी मात्रा में चीनी मिलाई जाती है। इससे मधुमेह रोगियों को परेशानी हो सकती है। बच्चों में दांतों की समस्याएं बढ़ सकती हैं।

## किन्हें है ज्यादा खतरा

डॉक्टर की सलाह के बिना कफ सिरप लेने के दुष्प्रभावों का जोखिम मूलतया कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अधिक होता है जैसे छोटे बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, अस्थमा रोगी, किडनी, लिवर या गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति। इसलिए ऐसे लोग पूरी सावधानी बरतें।

## इन बातों का रखें विशेष ध्यान


कफ सिरप का सेवन करने से पहले कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें।

- खांसी के कारण का पता लगाएं। किसी भी सिरप को सुरक्षित या सामान्य मानकर बार-बार न लें। खांसी शरीर का एक संकेत है, बीमारी नहीं। इसलिए केवल खांसी दबाने के बजाय उसके कारण का पता लगाकर उपचार कराना अधिक महत्वपूर्ण है।



- यदि आप पहले से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, अस्थमा, किडनी, लिवर या हृदय रोग की दवाएं ले रहे हैं, तो डॉक्टर को इसकी जानकारी दें। कुछ सिरप अन्य दवाओं के साथ प्रतिक्रिया कर सकते हैं।
- डॉक्टर की सलाह के बिना कोई कफ सिरप न लें। खांसी-जुकाम या गले की खराश होने पर हर बार सिरप लेना जरूरी नहीं होता। खांसी कई बार एलर्जी, अस्थमा, टीबी, निमोनिया, एसिडिटी या किसी अन्य बीमारी का लक्षण भी हो सकती है। इसलिए बगैर जांच कराए बार-बार स्वयं दवा लेने से बचें।
- गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को बिना डॉक्टर की सलाह के कोई भी सिरप नहीं लेना चाहिए।
- बुजुर्गों में किडनी और लिवर की कार्यक्षमता कम हो सकती है। इसलिए दवा का प्रभाव अधिक हो सकता है। उन्हें डॉक्टर द्वारा निर्धारित की गई मात्रा में ही किसी भी तरह के सिरप का सेवन करना चाहिए।
- सिरप ही नहीं कोई भी दवा खरीदते समय उसकी एक्सपायरी डेट, बैच नंबर और निर्माता कंपनी की जानकारी अवश्य जांचें। एक्सपायर सिरप का उपयोग न करें। बोतल की सील टूटी हुई न हो और पैकिंग सही अवस्था में हो। यदि सिरप का रंग, गंध या स्वाद असामान्य लगे। तो उसका उपयोग न करें।
- निर्धारित मात्रा से अधिक किसी दवा का सेवन कभी न करें। कुछ लोग यह सोचकर अधिक मात्रा में सिरप पी लेते हैं कि जल्दी आराम मिलेगा। ऐसा करना खतरनाक हो सकता है और दुष्प्रभावों का जोखिम बढ़ा सकता है।
- बच्चों को विशेष सावधानी से दवा दें। बच्चों के लिए दवा की मात्रा उम्र और वजन के अनुसार तय होती है। कभी भी बड़े लोगों वाली दवा बच्चों को न दें और न ही अनुमान से खुराक तय करें।
- कोई भी सिरप पिलाने के लिए मापने वाले सही चम्मच या कप का ही उपयोग करें। कई लोग घर के सामान्य चम्मच से सिरप पी लेते हैं। इससे दवा की मात्रा कम या अधिक हो सकती है। हमेशा दवा के साथ मिलने वाले मापने वाले कप, ड्रॉपर या माप वाले चम्मच का ही उपयोग करें।
- किसी दूसरे व्यक्ति के लिए लिखी गई दवा स्वयं न लें और इसी तरह अपनी दवा किसी अन्य को रोगी को न दें। एक जैसी खांसी होने पर भी कारण अलग-अलग हो सकते हैं।
- यदि सिरप लेने के बाद अत्यधिक नींद, चक्कर, सांस लेने में कठिनाई, त्वचा पर चकत्ते, सूजन या अन्य असामान्य लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें। *

**प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा**



### खतरनाक है सेल्फ मेडिकेशन

कई लोग खांसी-जुकाम या बुखार होने पर बिना डॉक्टर से सलाह लिए सीधे मेडिकल स्टोर से सिरप खरीद लेते हैं। कई बार बीमारी का सही कारण जाने बिना दवा लेने से समस्या बढ़ सकती है। वास्तव में सेल्फ मेडिकेशन बहुत खतरनाक हो सकता है, इसलिए इससे बचा जाना जरूरी है। कुछ सिरप में ऐसे घटक होते हैं, जो अधिक मात्रा में लेने पर नशे जैसी स्थिति पैदा कर सकते हैं। इसलिए इनके दुरुपयोग और लत की आशंका भी रहती है।

---

हेल्थ अवेयरनेस
शिखर चंद जैन

हमारे शरीर की कोशिकाओं में उपस्थित जीन में हमारे वर्तमान और भावी स्वास्थ्य की पिक्चर कोड के रूप में मौजूद रहती है। आने वाले समय में जीन मैपिंग और एडिटिंग के जरिए अनेक बीमारियों का पूर्वानुमान लगाकर उसको पनपने से भी रोका जा सकेगा।

# जीन तय करते हैं कैसा होगा स्वास्थ्य




एआई इमेज

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने आज उस रहस्यमयी चाबी को खोज लिया है, जो हमारे स्वास्थ्य और आयु के छिपे रहस्यों के राज खोल सकती है। ये चाबी और कुछ नहीं हमारे 'जीन' हैं। हमारी जीन कुंडली में हमारे जीवन का इतिहास, वर्तमान और भविष्य लिखा है। विज्ञान की भाषा में इसे 'जेनेटिक ब्लूप्रिंट' कहा जाता है, जो न केवल हमारी शारीरिक बनावट तय करता है, बल्कि यह भी निर्धारित करता है कि हम कितने साल जिएंगे और किन बीमारियों के प्रति संवेदनशील होंगे।

**क्या है जेनेटिक कुंडली:** चिकित्सा विज्ञान में जीनोम सीक्वेंसिंग के जरिए व्यक्ति की सेहत की सटीक 'कुंडली' तैयार की जा सकती है। हमारे शरीर में बड़ी संख्या में जीन होते हैं। ये जीन डीएनए के बने होते हैं, जो प्रोटीन बनाने के निर्देश देते हैं। ये प्रोटीन ही तय करते हैं कि हमारी मांसपेशियां कितनी मजबूत होंगी, हमारा मेटाबॉलिज्म कैसा होगा और हमारा इम्यून सिस्टम कितना प्रभावी होगा।

**जीन से आयु का निर्धारण:** वैज्ञानिकों का मानना है कि मनुष्य की औसत आयु का लगभग 20 से 30 प्रतिशत हिस्सा उसके आनुवंशिक गुणों पर निर्भर करता है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि जो लोग 100 वर्ष से अधिक जीवित रहते हैं, उनमें अक्सर 'फॉक्सो-3' नामक जीन का एक विशेष प्रकार पाया जाता है। इसे 'दीर्घायु जीन' भी कहा जाता है। यह जीन कोशिकाओं की मरम्मत करने और इंसुलिन के स्तर को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। साथ ही हमारे क्रोमोसोम के सिरों पर 'टेलोमेयर्स' नामक सुरक्षा कवच होते हैं। टेलोमेयर्स का सीधा संबंध इस बात से है कि आपका शरीर कितनी तेजी से 'बूढ़ा' हो रहा है। इसकी प्रक्रिया कुछ इस तरह काम करती है, हमारा शरीर लगातार पुरानी कोशिकाओं को हटाकर नई कोशिकाएं बनाता रहता है। जब भी एक कोशिका दो भागों में बंटती है, तो उसके टेलोमेयर्स थोड़े छोटे हो जाते हैं। जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, टेलोमेयर्स इतने छोटे हो जाते हैं कि कोशिकाएं अब और विभाजित नहीं हो पातीं। यहीं से बुढ़ापा शुरू होता है। अंग कमजोर होने लगते हैं और इम्यून सिस्टम थक जाता है। जिनके टेलोमेयर्स धीरे-धीरे छोटे होते हैं या लंबे समय तक सुरक्षित रहते हैं, वे लोग आमतौर पर ज्यादा समय तक जवान और स्वस्थ रहते हैं।

**मिलते हैं बीमारियों के पूर्व संकेत:** जेनेटिक मैपिंग का सबसे बड़ा लाभ बीमारियों के जोखिम को पहले से पता लगाना होता है।



**क्योर से प्रिवेंशन तक:** आने वाले 10-20 वर्षों में, स्वास्थ्य देखभाल का केंद्र अस्पताल नहीं, बल्कि हमारा अपना डेटा होगा। जीन एडिटिंग तकनीक के जरिए भविष्य में दोषपूर्ण जीन को गर्भ में ही ठीक करना संभव हो सकता है। हम एक ऐसे युग की ओर बढ़ रहे हैं, जहां बीमारी होने का इंतजार नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे होने से पहले ही रोक दिया जाएगा।

**कैंसर की पहचान:** 'बीआरसीए-1 और बीआरसीए-2' जैसे जीन में म्यूटेशन स्तन और डिंबग्रंथि के कैंसर के उच्च जोखिम का संकेत देते हैं।

**हृदय रोग और मधुमेह:** यदि किसी के जीन में कोलेस्ट्रॉल प्रबंधन की क्षमता कम है, तो उसे कम उम्र में ही दिल के दौरे का खतरा हो सकता है, भले ही वह बाहर से फिट दिखे।

**अल्जाइमर और पार्किंसंस:** मस्तिष्क से जुड़ी इन जटिल बीमारियों के संकेतों को भी जेनेटिक टेस्टिंग के जरिए दशकों पहले पहचाना जा सकता है।

**पर्सनलाइज्ड मेडिसिन:** मौजूदा दौर में चिकित्सा पद्धति 'ट्रायल और एरर' पर आधारित है, यानी एक ही दवा सबको दी जाती है लेकिन फार्माकोजेनोमिक्स ने इसे बदल दिया है। जीन यह तय करते हैं कि आपका शरीर किसी दवा को कैसे प्रोसेस करेगा। कुछ लोगों पर एक विशेष दवा बहुत अच्छा असर करती है, जबकि दूसरों पर उसका कोई प्रभाव नहीं होता या साइड इफेक्ट हो जाते हैं। जेनेटिक प्रोफाइलिंग से डॉक्टर अब यह जान सकते हैं कि आपके लिए कौन-सी दवा और कितनी डोज सही रहेगी।

**एपिजेनेटिक्स:** सटीक सुझाव का वैज्ञानिक आधार एपिजेनेटिक्स वह विज्ञान है जो बताता है कि हमारे पर्यावरण और आदतों के कारण जीन कैसे 'ऑन' या 'ऑफ' होते हैं। मान लीजिए आपके जीन में टाइप-2 मधुमेह का जोखिम लिखा है। लेकिन यदि आप सही खान-पान और नियमित व्यायाम अपनाते हैं, तो आप उस 'खराब जीन' को सुप्त रख सकते हैं। अत्यधिक तनाव और खराब पर्यावरण हमारे अच्छे जीन को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

**कैसे होता है जेनेटिक टेस्ट:** जेनेटिक टेस्ट चार चरणों में पूरा होता है। पहले लार या खून का एक छोटा नमूना लिया जाता है। फिर लैब में कोशिकाओं से डीएनए को अलग किया जाता है। इसके बाद मशीनों के जरिए डीएनए के कोड्स को पढ़ा जाता है। अंत में विशेषज्ञ आपके डेटा की तुलना 'नॉर्मल डेटा' से करते हैं और बताते हैं कि आपके जीन में कहां गड़बड़ी या जोखिम है। जेनेटिक रिपोर्ट को कभी भी अंतिम फैसला न मानें। यह केवल 'जोखिम' बताती है। रिपोर्ट आने के बाद हमेशा एक योग्य जेनेटिक काउंसलर या डॉक्टर से सलाह लें। *



### तब देर से आएगा बुढ़ापा

**टेलोमेयर्स जब** देर से यानी धीमी गति से कमजोर-छोटे होते हैं तो बुढ़ापा भी देर से आता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, कुछ आदतें टेलोमेयर्स को तेजी से घिसने (छोटा होने) पर मजबूर करती हैं, जबकि कुछ आदतें उन्हें सुरक्षित रखती हैं। अत्यधिक मानसिक तनाव, सिगरेट और शराब का सेवन, बहुत ज्यादा चीनी और जंक फूड का सेवन, प्रदूषणयुक्त माहौल में रहने और सुस्त जीवनशैली से बचें। अनुशासित जीवनशैली अपनाएं और पौष्टिक भोजन करें।



# नॉकआउट के नए 'किंग' एमबाप्पे, रचा कीर्तिमान

*स्टार फुटबॉलर काइलियन एमबाप्पे ने फ्रांस की स्वीडन के खिलाफ 3-0 से जीत में दो गोल करके विश्व कप के नॉकआउट राउंड में सर्वाधिक गोल करने का नया रिकॉर्ड बनाया, जिससे वह फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर सर्वाधिक गोल करने के लियोनेल मेस्सी के रिकॉर्ड के करीब भी पहुंच गए।*



एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

एमबाप्पे ने 45वें मिनट में एक शानदार क्रॉसओवर शॉट से फ्रांस को बढ़त दिलाई। यह विश्व कप के नॉकआउट राउंड में उनका नौवां गोल था, जो विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने ब्राजील के दिग्गज लियोनिडास और रोनाल्डो (दोनों आठ-आठ गोल) को पीछे छोड़ा।

वह यहीं पर नहीं रुके और उन्होंने मैच के 74वें मिनट में अपना दूसरा गोल करके विश्व कप नॉकआउट राउंड में अपने कुल गोल की संख्या 10 तक पहुंचा दी। इस गोल से एमबाप्पे के मौजूदा टूर्नामेंट में अब छह गोल हो गए हैं और उन्होंने सर्वाधिक गोल करने के लिए मिलने वाले गोल्डन बूट की दौड़ में अर्जेंटीना के फॉरवर्ड मेस्सी की बराबरी कर ली है।

## मेस्सी के रिकॉर्ड से बस 1 गोल पीछे एमबाप्पे

विश्व कप करियर में उनके कुल गोल की संख्या 18 हो गई है, जो मेस्सी के रिकॉर्ड से सिर्फ एक कम है। एमबाप्पे ने विश्व कप में अब तक कुल 18 जबकि मेस्सी ने 29 मैच खेले हैं। फ्रांस अब अपने अगले मैच में पराग्वे का सामना करेगा। एमबाप्पे से जब मैदान से बाहर आते समय पूछा गया कि क्या वह पराग्वे का सामना करने के लिए पहले से ही उत्साहित हैं, तो उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा, 'मैं चेंजिंग रूम और एसी में जाने के लिए बेताब हूं।' एमबाप्पे ने यह टिप्पणी भीषण गर्मी को लेकर की। यह मैच जब शाम को पांच बजे शुरू हुआ तब तापमान 32 डिग्री सेल्सियस था और उमस भी काफी थी।

## विश्व कप का पूरा आनंद लेना चाहता हूं: एमबाप्पे

*एमबाप्पे ने कहा, 'मैंने पहले भी कहा था कि मैं इस विश्व कप का पूरा आनंद लेना चाहता हूं। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैंने पिछले विश्व कप का आनंद नहीं लिया, लेकिन तब मैं युवा था। मेरा ध्यान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर था लेकिन अब मुझे विश्वास है कि मैं अच्छा प्रदर्शन करने के साथ खेल का आनंद भी ले सकता हूं।'*

## फ्रांस ने स्वीडन को 3-0 से हराया

काइलियन एमबाप्पे के दो गोल की मदद से फ्रांस ने स्वीडन को 3-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के अंतिम 16 में जगह बनाई, जहां उसका सामना पराग्वे से होगा। फ्रांस के लिए ब्रैडली बारकोला ने भी 53वें मिनट में एक गोल किया। एमबाप्पे ने 74वें मिनट में टीम की तरफ से तीसरा गोल दागकर उसकी जीत सुनिश्चित कर दी। चार साल पहले विश्व कप में उपविजेता रही और इस बार टूर्नामेंट की प्रबल दावेदार फ्रांस ने अब तक टूर्नामेंट में 13 गोल किए हैं और उसके खिलाफ केवल दो गोल हुए हैं। उसकी तरफ से माइकल ओलिस ने पांच गोल में मदद की है। फ्रांस ने मैच में शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और स्वीडन को किसी भी समय वापसी का खास मौका नहीं दिया। फ्रांस ने इस मैच में 25 बार गोल करने के मौके बनाए जबकि स्वीडन केवल सात बार भी ऐसा कर पाया। पहले हाफ में यह आंकड़ा 15-3 का था।

लगातार तीसरी बार विश्व कप फाइनल में पहुंचने की कवायद में लगा फ्रांस 4 जुलाई को फिलाडेल्फिया में पराग्वे के खिलाफ खेलेगा, जिसे जर्मनी को बाहर का

# मैक्सिको ने 40 साल बाद जीता नॉकआउट मुकाबला

### इक्वाडोर को 2-0 से पीटा, एज्टेका में अजेय रथ जारी



एजेंसी ▶▶| मैक्सिको सिटी

जूलियन क्विनोन्स और राउल जिमेनेज ने पहले हाफ में 9 मिनट के अंतराल में गोल किए, जिससे मैक्सिको ने इक्वाडोर को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई और नॉकआउट चरण में जीत हासिल करने के 40 साल के सूखे को खत्म किया।

क्विनोनेस ने 22वें मिनट में मैक्सिको के लिए पहला गोल किया जबकि जिमेनेज ने 31वें मिनट में उसकी बढ़त दोगुनी कर दी। प्रतिष्ठित एज़्टेका स्टेडियम में मैक्सिको की टीम ने 10 विश्व कप मैचों में अजेय रहने का रिकॉर्ड बनाया है। इस मैदान पर मैक्सिको को केवल दो हार का सामना करना पड़ा है।

## अंतिम 16 में लगातार सात बार हारा मैक्सिको

मैक्सिको की टीम ने 1986 में टूर्नामेंट की मेजबानी करते हुए राउंड ऑफ 16 में बुल्गारिया को हराने के बाद से नॉकआउट चरण का कोई मैच नहीं जीता था। इसके बाद मैक्सिको को 1994, 1998, 2002, 2006, 2010, 2014 और 2018 के विश्व कप में अंतिम 16 में लगातार सात बार हार का सामना करना पड़ा। वह कतर में 2022 में खेले गए विश्व कप में ग्रुप चरण से ही बाहर हो गया था। मैक्सिको रविवार को अपने घरेलू मैदान पर इंग्लैंड और कांगो के बीच बुधवार को होने वाले मैच के विजेता का सामना करेगा।

# हिनकैपी को मुंह ढकना पड़ा भारी, मिला रेड कार्ड

एजेंसी ▶▶| मैक्सिको सिटी



इक्वाडोर के पिएरो हिनकैपी विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के नए नियम के तहत विश्व कप में लाल कार्ड पाने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इस नियम में प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ी के साथ बहस के दौरान मुंह ढकने पर खिलाड़ी को लाल कार्ड दिखाकर बाहर करने का प्रावधान है। मैक्सिको की राउंड ऑफ 32 में इक्वाडोर पर 2-0 से जीत के दौरान हिनकैपी को दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के पांचवें मिनट में बाहर भेज दिया गया था। उन्हें मैक्सिको के फॉरवर्ड सैंटी गिमेनेज के साथ झड़प के दौरान मुंह ढकने के लिए लाल कार्ड दिखाया गया था।

इक्वाडोर टूर्नामेंट से बाहर हो चुका है लेकिन हिनकैपी उसके अगले अंतरराष्ट्रीय मैच में नहीं खेल पाएंगे। फीफा ने यह नया नियम इसलिए बनाया है ताकि खिलाड़ी अपने मुंह को ढककर विरोधी टीम के खिलाड़ियों के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों को छुपा न सकें। पराग्वे के मिगुएल अल्मिरोन इस नए नियम के तहत दंडित होने वाले पहले खिलाड़ी थे। उन्हें पिछले सप्ताह तुर्की के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में मैदान से बाहर भेज दिया गया था।



राउंड आफ 32 के मैच में एक फैन अपनी टीम की जीत के बाद खुशी का इजहार करती हुई।

## खबर संक्षेप



### अंडर-19 : श्रीलंका के खिलाफ 3 वनडे खेलेंगी भारतीय टीम

**कोलंबो।** विमथ दिनसारा भारत के खिलाफ होने वाली अंडर-19 श्रृंखला में श्रीलंका की कप्तानी करेंगे जबकि कवीजा गमागे को उप-कप्तान नियुक्त किया गया है। भारत इस दौरे में श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और 2 मैचों की चार दिवसीय श्रृंखला खेलेगा। एक दिवसीय मैच 4, 6 और 9 जुलाई को हंबनटोटा में खेले जाएंगे। पहला चार दिवसीय मैच 13 जुलाई से गॉल में और दूसरा मैच 20 जुलाई से कोलंबो में खेला जाएगा।

### 25 जुलाई से डूरंड कप हिस्सा लेंगी 24 टीमें



**कोलकाता।** डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट में इस साल 24 टीम हिस्सा लेंगी, जिनमें से सात टीम पदार्पण कर रही हैं। प्रतियोगिता के मुकाबले 25 जुलाई से 23 अगस्त तक पांच शहरों में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत 25 जुलाई को कोलकाता में होगी। इसके अलावा अगले चार हफ्तों में रांची, इम्फाल, शिलांग और गुवाहाटी में भी मैच खेले जाएंगे। फाइनल कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में होगा। इस प्रतियोगिता में एक बार फिर इंडियन सुपर लीग क्लब, आई लीग टीमें, सेना की टीमें, उभरती हुई घरेलू टीमें और विदेशी टीमें एक साथ खेलेंगी। सात नई टीम में श्रीलंकाई सशस्त्र बलों की डिफेंडर्स एफसी और मेघालय प्रीमियर लीग चैंपियन नोंगसेह स्पोर्ट्स, सोशल एंड कल्चरल क्लब (एसएस एवं सीसी) शामिल हैं। कोलकाता एक बार फिर टूर्नामेंट का मुख्य केंद्र होगा। यहां विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन और किशोर भारती क्रीड़ांगन में दो ग्रुप के मैच, उद्घाटन मैच, दो क्वार्टर फाइनल, एक सेमीफाइनल और फाइनल खेला जाएगा।

विंबलडन

# चार साल बाद सेरेना की कोर्ट पर वापसी, दर्शकों का उत्साह चरम पर



एजेंसी ▶▶| लंदन

लगभग 4 साल में अपना पहला एकल मैच खेलने वाली सेरेना विलियम्स को विंबलडन में वापसी पर भले ही हार का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने खेल का पूरा आनंद लिया और इस बीच दर्शकों का उत्साह भी चरम पर था।

इस 44 वर्षीय खिलाड़ी ने जैसे ही सेंटर कोर्ट पर कदम रखा तो उत्साह और बढ़ गया। 23 बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सेरेना ने विंबलडन के पहले दौर में ऑस्ट्रेलिया की 20 वर्षीय माया जॉइंट से 6-3, 6-7 (6), 6-3 से हारने के बावजूद सराहनीय प्रदर्शन किया। उनकी दोनों बेटियां उनका उत्साह बढ़ा रही थीं। मैच समाप्त होने के बाद सेरेना तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मुस्कुराते हुए मैदान से बाहर चली गईं।

## 120 मील प्रति घंटे की गति से सर्विस

सेरेना ने मैच के दौरान दिखाया कि वह अब भी 120 मील प्रति घंटे से अधिक की गति से सर्व कर सकती हैं और अपने ग्राउंडस्ट्रोक से अंक हासिल कर सकती हैं। हालांकि उनके लिए मूवमेंट एक समस्या थी। यही वजह थी 87वीं रैंकिंग की खिलाड़ी जॉइंट ने अमेरिकी खिलाड़ी की पहुंच से बाहर शॉट मारकर अधिक अंक जीतने में सफल रही। सेरेना अब महिला युगल मैच में अपना भाग्य आजमाएगी, जहां उन्होंने अपनी बड़ी बहन वीनस के साथ जोड़ी बनाई है।

# आईसीसी रैंकिंग: ईशान बने नंबर-1 बल्लेबाज, अभिषेक को पछाड़ा

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन ने जारी आईसीसी की पुरुषों की टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में अपने साथी खिलाड़ी अभिषेक शर्मा को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। किशन (876 रैंकिंग अंक) के शीर्ष पर पहुंचने में इसी साल हुए टी20 विश्व कप में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन की अहम भूमिका रही है।

विश्व कप में बाएं हाथ के इस आक्रामक बल्लेबाज ने लगभग 200 के स्ट्राइक रेट से 317 रन बनाए। उन्हें कोलंबो में पाकिस्तान के खिलाफ हुए मुकाबले में मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था। अभिषेक (869) लगभग 12 महीने तक शीर्ष पर रहे। किशन और अभिषेक से पहले भारतीय खिलाड़ियों में विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव ने भी टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान 848 अंक के साथ इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं।



## तिलक छठे स्थान पर काबिज

नवीनतम सूची में भारत के नए उपकप्तान तिलक वर्मा (747) छठे स्थान पर बने हुए हैं जबकि पूर्व कप्तान सूर्यकुमार यादव एक स्थान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। गेंदबाजों में भारत के वरुण चक्रवर्ती और जसप्रीत बुमराह एक-एक स्थान के नुकसान से क्रमश: तीसरे और छठे स्थान पर हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान शीर्ष पर बने हुए हैं।

## गिल को एक स्थान का फायदा

पुरुषों की टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में ट्रैविस हेड शीर्ष पर पहुंच गए हैं जबकि जो रूट तीसरे स्थान पर खिसक गए। भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल एक स्थान के फायदे से छठे पायदान पर हैं जबकि यशस्वी जायसवाल एक स्थान नीचे खिसककर नौवें स्थान पर हैं। शीर्ष 10 से बाहर बल्लेबाजों में ऋषभ पंत 13वें स्थान के साथ सबसे अच्छी रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी हैं। गेंदबाजों में बुमराह भारत के शीर्ष खिलाड़ी हैं।

# श्रीसंत को मिली बड़ी खुशखबरी केसीए ने हटाया 3 साल का बैन

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

केरल क्रिकेट संघ (केसीए) ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर एस श्रीसंत पर पिछले साल लगाए गए तीन साल के प्रतिबंध को हटा लिया। यह प्रतिबंध केसीए के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी करने के कारण लगाया गया था। केसीए के बयान के मुताबिक उसकी आम सभा की विशेष बैठक में प्रतिबंध हटाने का फैसला किया। बयान में कहा गया, 'बैठक में



सर्वसम्मति से प्रतिबंध हटाने का फैसला किया गया। साथ ही केसीए ने श्रीसंत को चेतावनी दी कि अगर वह भविष्य में ऐसी हरकतें दोहराते हैं तो उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।'

# विंबलडन: दूसरे दौर में पहुंचे जिजू बर्ग्ज, हम्बर्ट को दी मात

एजेंसी ▶▶| लंदन

जिजू बर्ग्ज ने 48 घंटे से भी कम समय में दूसरी बार यूगो हम्बर्ट की चुनौती का सामना किया। इस बार यह मुकाबला विंबलडन के ऑल-इंग्लैंड क्लब में पुरुषों के सिंगल्स के पहले राउंड में हुआ, जिसमें उन्होंने ईस्टबोर्न फाइनल में मिली अपनी जीत को दोहराया।

बर्ग्ज ने नंबर 27 सीड खिलाड़ी के खिलाफ शानदार शुरुआत की। जब हम्बर्ट ने वापसी की कोशिश की, तो बर्ग्ज डटे रहे और कोर्ट 17 पर 6-2, 7-5, 4-6, 3-6, 6-3 से जीत हासिल की। बेल्जियम के इस खिलाड़ी ने रविवार को ईस्टबोर्न फाइनल में पहला सेट गंवाने के बाद हम्बर्ट को हराया था। यह जीत इसलिए भी खास है, क्योंकि दुनिया के नंबर 37 खिलाड़ी बर्ग्ज ने ईस्टबोर्न में अपना अभियान तब शुरू किया था, जब वे टूर-लेवल पर लगातार छह मैच हार चुके थे। यह हार का सिलसिला अप्रैल के मध्य से चल रहा था।



उस खिताब को जीतने के बाद, अब वे लगातार छह मैच जीत चुके हैं। वे इस सिलसिले को आगे बढ़ाना चाहेंगे जब वे पुर्तगाल के दुनिया के नंबर 98 क्वालीफायर जेमे फारिया के खिलाफ खेलेंगे।

## एशिया जूनियर चैंपियनशिप: तन्वी पत्री की पुरवांतो पर आसान जीत

# संतोष ने किया उलटफेर, छठे वरीय प्रेमपुंगपोंग को हराया

एजेंसी ▶▶| यात्सुशिरो

ध्यान संतोष ने थाईलैंड के छठी वरीयता प्राप्त पुन्नातात प्रेमपुंगपोंग को हराकर उलटफेर करते हुए बैडमिंटन एशिया जूनियर चैंपियनशिप के पहले दौर में भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की अगुआई की। संतोष ने लड़कों के एकल वर्ग के पहले दौर में प्रेमपुंगपोंग को 21-17, 21-18 से हराया।

## रूपारेलिया ने रांडिलिगामा को दिखाया बाहर का रास्ता

तन्वी पत्री ने लड़कियों के एकल वर्ग के शुरुआती दौर में इंडोनेशिया की क्रिस्टाबेल पुरवांतो के खिलाफ 21-18, 21-6 की आसान जीत दर्ज की जबकि पांचवीं वरीयता प्राप्त रूपारेलिया ने श्रीलंका की पमुदु रांडिलिगामा को 21-13, 16-21, 21-7 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में आदर्शिनी श्री ने मलेशिया की ली के शिन को 21-12, 21-12 से हराया लेकिन अभिनव गर्ग को मलेशिया के लुकास ली के खिलाफ 13-21, 22-24 से हार का सामना करना पड़ा।



तन्वी पत्री

## कनाडा ओपन : अच्युतादित्य अर्जुन की जोड़ी बाहर

**मार्खम।** अच्युतादित्य राव डोड्डावरपु और पोचना अर्जुन की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी सीधे गेम में हारकर कनाडा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में ही बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी को इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 प्रतियोगिता के पहले दौर में कनाडा के केविन ली और टाइ अलेक्जेंडर लिंडेमैन की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से केवल 23 मिनट में 9-21, 7-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की निगाहें पुरुष एकल स्पर्धा में चौथी वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत पर टिकी हैं, जो पहले दौर में मलेशिया के पेरिस ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ली ज़ी जिया का सामना करेंगे। महिला एकल में आकर्षी कश्यप, देविका सिहाग, अनमोल खरब, थारुन मन्नेपल्ली, सनीथ दयानंद और तान्या हेमंत अपनी चुनौती पेश करेंगे।

टेबल टेनिस चैंपियनशिप

# सेमीफाइनल में अभिनंद- दिव्यांशी

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

पीबी अभिनंद और दिव्यांशी भौमिक की भारत की शीर्ष वरीय अंडर-19 मिश्रित जोड़ी ने एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में चीन की जोड़ी को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। क्वार्टर फाइनल में चीन के यिरेन तांग और यियी जियांग पर 11-9, 11-6, 11-7 की शानदार जीत के साथ अभिनंद और दिव्यांशी ने ना केवल अंतिम चार में जगह पक्की की बल्कि इस प्रतिष्ठित महाद्वीपीय चैंपियनशिप में देश के लिए कम से कम कांस्य पदक भी पक्का कर लिया। अभिनंद और दिव्यांशी सेमीफाइनल में थिताफत प्रीचायान और कुलापास्त्र विजितविरियागुल की थाईलैंड की जोड़ी से भिड़ेगी।

पूर्व रेलवे

खुली निविदा सूचना सं.: 28-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, दिनांक 30.06.2026, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल में अण्डाल-सांइथिया, देवघर-दुमका, मोहनपुर जंक्शन-हंसडीहा खंड में लेवल क्रॉसिंग गेटों का इंटरलॉकिंग जिसका टीवीयू 10000 से अधिक है और आसनसोल मंडल में अण्डाल-बाराबानी, अण्डाल/एलसी-बखतारनगर, मधुपुर-गिरिडीह खंड में लेवल क्रॉसिंग गेटों का इंटरलॉकिंग जिसका टीवीयू 10000 से अधिक है"। **निविदा मूल्य:** रु. 14,78,98,341.23, **बयाना राशि:** रु. 29,58,000/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 22.07.2026 को 15.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in/

ASN-158/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter




हाई कोर्ट ने कहा, सीबीडीटी चेयरमैन को वीसी के जरिए हाजिर होने के निर्देश

# कोई भी व्यवस्था न्यायालय से ऊपर नहीं, निरंकुश कार्यप्रणाली स्वीकार्य नहीं

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने न्यायिक जवाबदेही पर कड़ा संदेश देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति या व्यवस्था न्यायालय से ऊपर नहीं हो सकती। जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस अवनीन्द्र कुमार सिंह की डिवीजन बेंच ने यह टिप्पणी उस समय की, जब केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन की ओर से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मांगी गई ।उनके अधिवक्ता की ओर से हलफनामे का स्पष्टीकरण देने की पेशकश की गई। कोर्ट ने कहा कि जिन प्रश्नों का संबंध सीधे चेयरमैन के हलफनामे से है, उनका उत्तर उन्हें स्वयं देना होगा। अदालत ने कहा कि प्रस्तुत तर्कों से ऐसा प्रतीत होता है मानो संबंधित अधिकारी न्यायालय से ऊपर हों, जबकि यह कार्यप्रणाली स्वीकार्य नहीं है।

दरअसल, यह मामला आयकर अधिकारी सुधीर कुमार गुप्ता की याचिका से जुड़ा है, जिसमें भ्रष्टाचार प्रकरण में अभियोजन स्वीकृति को चुनौती दी गई है। अदालत ने पहले सीबीडीटी चेयरमैन से यह स्पष्ट करने को कहा था कि जब पहले अभियोजन स्वीकृति से इनकार किया गया था, तो बाद में बिना नए साक्ष्य के मंजूरी किस आधार पर दी गई।



सुनवाई के दौरान चेयरमैन की ओर से कार्यकाल समाप्त होने का हवाला देकर व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट मांगी गई। हाई कोर्ट ने यह आवेदन खारिज करते हुए कहा कि न्यायालय के प्रश्नों का उत्तर देने से केवल पद छोड़ने के आधार पर बचा नहीं जा सकता।

हाई कोर्ट ने निर्देश दिए कि 15 जुलाई को अगली सुनवाई में वर्तमान चेयरमैन और उनके उत्तराधिकारी, दोनों वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहेंगे। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि न्यायिक आदेशों के पालन का दायित्व सभी प्राधिकारियों पर समान रूप से लागू होता है।

हाईकोर्ट ने प्रशासन से पूछा सवाल, तत्काल डी-सील के आदेश

## स्विमिंग पूल में हादसा पूरा रिसार्ट बंद क्यों

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में स्पष्ट किया है कि किसी रिसार्ट के स्विमिंग पूल में हुई एक दुर्घटना अपने-आप पूरे प्रतिष्ठान को सील करने का वैधानिक आधार नहीं बन जाती। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन का दायित्व है। यदि सीलिंग का आदेश पूरे परिसर पर लागू किया जाता है तो उसके समर्थन में ठोस और विधिसम्मत कारण भी दर्ज होने चाहिए। कारणों के अभाव में अदालत ने निसर्ग रिसार्ट को तत्काल डी-सील करने का निर्देश दिया।

कोर्ट ने सतपुड़ा हास्पिटैलिटी साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, जबलपुर की याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से पूछा कि जब घटना केवल स्विमिंग पूल से संबंधित बताई जा रही है, तब पूरे रिसार्ट को सील करने का औचित्य क्या था।

राज्य शासन की ओर से दलील दी गई कि स्विमिंग पूल में हुई मौत के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति बन गई थी। इसी कारण प्रशासन ने रिसार्ट को सील करने का निर्णय लिया। इस पर अदालत ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासनिक तंत्र की जिम्मेदारी है, इसे किसी निजी प्रतिष्ठान पर नहीं डाला जा सकता।

कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि स्विमिंग पूल में मृत्यु हुई है तो उस घटना की जांच, आपराधिक कार्रवाई अथवा सुरक्षा संबंधी कदम अलग विषय हैं, लेकिन केवल उसी आधार पर पूरे रिसार्ट को बंद कर देना न्यायसंगत नहीं माना जा सकता। आदेश में भी ऐसा कोई कारण दर्ज नहीं है जिससे यह सिद्ध हो कि संपूर्ण परिसर को सील करना आवश्यक था। इन्हीं टिप्पणियों के साथ हाई कोर्ट ने प्रशासन को तत्काल रिसर्ट डी-सील करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर राज्य सरकार को चार सप्ताह के भीतर जवाब पेश करने का समय दिया है। याचिका की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी।

सामाजिक कार्यकर्ता की जनहित याचिका में आरोप - नियमों को ताक पर रखकर बांटे गए लाइसेंस, हाईकोर्ट ने 4 हफ्ते में मांगा हलफनामा

# कलेक्टर्स, एसडीएम के जारी किए ऑफलाइन कॉलोनाइजर लाइसेंस पर सरकार से जवाब तलब

**जबलपुर।** प्रदेश में भू-माफियाओं और बिल्डरों को नियमों के विपरीत जाकर गुपचुप तरीके से ऑफलाइन कॉलोनाइजर लाइसेंस बांटे जाने का गंभीर आरोप लगाया गया है। इस संबंध में दायर एक जनहित याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए मप्र हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। एसीजे विवेक रुसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह चार हफ्तों के भीतर हलफनामा पेश कर स्थिति स्पष्ट करे। कोर्ट ने सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है कि क्या आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं आवास संचालनालय ने नियमों के तहत किसी कलेक्टर, एसडीएम या अन्य अधिकारी को कॉलोनाइजर लाइसेंस जारी करने के लिए अधिकृत किया है? अगर ऐसा कोई अधिकार नहीं दिया गया है, तो नियमों का उल्लंघन करके ये रजिस्ट्रीकरण सर्टिफिकेट ऑफलाइन (मैन्युअल) क्यों जारी किए गए?

भोपाल के कोह-ए-फिजा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता वरिंदर कुमार नसवा ने यह याचिका दायर की है। उन्होंने कोर्ट में स्वयं अपना पक्ष रखा।कोर्ट को बताया कि मध्य प्रदेश नगर पालिका (कॉलोनी विकास) नियम 2021 और 13 जनवरी 2022 को जारी नियमों के तहत केवल आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं आवास संचालनालय भोपाल को ही रजिस्ट्रीकरण प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। नियमों के तहत, संचालनालय द्वारा केवल ऑनलाइन प्रक्रिया से ही कॉलोनाइजर लाइसेंस जारी किए जा सकते हैं।जो पूरे प्रदेश के नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद और नगर परिषदों के लिए मान्य होते हैं। तर्क दिया गया कि 13 जनवरी 2022 के बाद कई जिला कलेक्टर्स, एसडीएम और एसडीएमओ ने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर बिल्डरों को पिछले दरवाजे से ऑफलाइन लाइसेंस जारी किए हैं, जो सीधे तौर पर नियमों का उल्लंघन है।

स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी किए जा रहे ऑफलाइन (मैन्युअल) लाइसेंस केवल स्थानीय निकाय की सीमाओं तक सीमित होते हैं, जिन्हें पूरी तरह से गैर-कानूनी और अवैध घोषित किया जाना चाहिए। याचिका में राज्य सरकार सहित कुल 36 प्रतिवादियों को पक्षकार बनाया है। कोर्ट से गुहार लगाई गई कि नियमों के विपरीत जारी किए गए इन सभी ऑफलाइन लाइसेंसों को तत्काल प्रभाव से शून्य और अवैध घोषित किया जाए। ताकि कॉलोनी विकास के नाम पर होने वाले भ्रष्टाचार और अवैध निर्माणों पर रोक लगाई जा सके।

# एएसआई के निलंबन पर हाईकोर्ट की अंतरिम रोक

### आरोपपत्र में देरी भारी पड़ी

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सिवनी पुलिस लाइन में पदस्थ एएसआई भारती चौबे के निलंबन आदेश के प्रभाव और संचालन पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस विवेक कुमार सिंह की सिंगल बेंच ने यह राहत देते हुए निर्देश दिया कि यदि याचिकाकर्ता 15 दिनों के भीतर वैधानिक अपील प्रस्तुत करती हैं, तो सक्षम अपीलीय प्राधिकारी 45 दिनों के भीतर उसका निर्णय करेगा। तब तक निलंबन प्रभावी नहीं रहेगा। भारती चौबे पर आरोप है कि उन्होंने रक्षित केंद्र सिवनी में पदस्थ रहते हुए अपने पद का दुरुपयोग कर एक पीड़िता को शासकीय आवास बुलाया और विवाह कराने में मध्यस्थता कर सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन किया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अजय शंकर रायजादा ने दलील दी कि नौ फरवरी, 2026 के निलंबन के बाद निर्धारित अवधि में आरोपपत्र जारी नहीं किया गया, जिससे निलंबन की वैधता प्रभावित होती है। इसके समर्थन में सर्वोच्च न्यायालय के अजय कुमार चौधरी निर्णय का भी हवाला दिया गया।

# छात्राओं को सिखाया गुड टच-बैड टच, जल संरक्षण का दिया संदेश

**जबलपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व प्रधान जिला न्यायाधीश कृष्णमूर्ति मिश्र के मार्गदर्शन में बुधवार को शहर में दो महत्वपूर्ण विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। करौंदीग्राम ,रांझी स्थित सांदीपनि शासकीय कन्या विद्यालय में आयोजित शिविर में प्राधिकरण की




सचिव शक्ति वर्मा ने छात्राओं को 'गुड टच और बैड टच' के बीच का अंतर बेहद सरल भाषा में समझाया। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित किया कि किसी भी असहज स्पर्श या अनुचित व्यवहार पर बिना संकोच माता-पिता या शिक्षकों को बताएं। इस दौरान छात्राओं को पॉक्सो एक्ट, बाल अधिकारों और आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 15100 व 1098 की जानकारी दी गई। वहीं, गौरीघाट में आयोजित दूसरे शिविर में सचिव वर्मा ने नागरिकों को जल संवर्धन का महत्व समझाया। उन्होंने अपील की कि नर्मदा नदी में फूल-माला, पॉलीथिन या पूजन सामग्री विसर्जित न कर उन्हें निर्धारित संग्रहण स्थलों पर ही डालें। साथ ही, नौकाविहार के दौरान सुरक्षा के लिए लाइफ जैकेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने की समझाइश दी गई।

किसान कर रहे बुवाई के लिए पर्याप्त बारिश का इंतजार

# मानसून की सुस्त रफ्तार से चिंता बढ़ी

**जबलपुर।** आषाढ़ का महीना शुरु होने के बाद भी मानसून अभी पूरी तरह सक्रिय नहीं हो पाया है। शहर में पिछले कुछ दिनों से रुक-रुककर हल्की से मध्यम बारिश का दौर जारी है, लेकिन वह लगातार और तेज बारिश नहीं हो रही जिसकी किसानों और आम लोगों को उम्मीद थी। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि फिलहाल वातावरण में पर्याप्त नमी तो बनी हुई है, लेकिन मानसूनी तंत्र पूरी तरह मजबूत नहीं होने के कारण व्यापक और मूसलाधार वर्षा के हालात नहीं बन पा रहे हैं।



मौसम विज्ञान कार्यालय, जबलपुर के अनुसार पिछले 24 घंटों में शहर का अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सामान्य से 1 डिग्री कम और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। सुबह की आर्द्रता 84 प्रतिशत और शाम की 86 प्रतिशत रही, जिससे उमस का असर लगातार बना हुआ है। पिछले 24 घंटों में 17.0 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई, जबकि मौसम केंद्र पर सुबह 8:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक 16.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। 1 जून से अब तक वर्षा महज 79.5 मिलीमीटर लगभग 3 इंच बारिश दर्ज की गई है जो औसत से 40 प्रतिशत कम है। गत वर्ष आज के दिन तक 216.6 मिलीमीटर लगभग 9 इंच बारिश हो चुकी थी। इस तरह से पिछले साल के मुकाबले बारिश पिछड़ चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में जिले में हल्के से मध्यम वर्षा की गतिविधियां जारी रहेंगी। कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है, लेकिन फिलहाल पूरे जिले में एक साथ तेज बारिश के संकेत नहीं हैं। हवाओं की गति सामान्य बनी हुई है, जिससे बादलों का लगातार जमाव नहीं हो पा रहा है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से आने वाली नमी तो मिल रही है, लेकिन कोई मजबूत निम्न दबाव क्षेत्र या सक्रिय मानसूनी सिस्टम विकसित नहीं होने के कारण वर्षा की तीव्रता सीमित बनी हुई है। इसी वजह से शहर में कभी धूप तो कभी बादल और बीच-बीच में रिमझिम फुहारों का सिलसिला देखने को मिल रहा है।

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी बारिश नहीं हुई तो खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है। किसान भी लगातार झमाझम बारिश का इंतजार कर रहे हैं ताकि खेतों में पर्याप्त नमी बन सके और बुवाई का कार्य गति पकड़ सके। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान बादल छाए रहने, हल्की से मध्यम वर्षा तथा कुछ स्थानों पर गरज-चमक की संभावना जताई है।




# दिसम्बर तक चलती रहेगी जबलपुर से अयोध्या के मध्य स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा ट्रेन की मांग पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने और यात्रियों को सुगम, संरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे पर देश के सभी महत्वपूर्ण स्थानों के लिए बड़ी संख्या में चल रही स्पेशल ट्रेनों कि अवधि को विस्तारित किया जा रहा है।**



इसी कड़ी में यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे से संचालित गाड़ी संख्या 01705/01706 जबलपुर–अयोध्या धाम जंक्शन–जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को 24-24 फेरे विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित तिथि, ठहराव, समय-सारणी एवं कोच सरंचना के अनुसार ही चलेंगी।

### जबलपुर–अयोध्या धाम जंक्शन

ट्रेन संख्या 01705 जबलपुर–अयोध्या धाम जंक्शन साप्ताहिक (मंगलवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 14 जुलाई 2026 तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 21जुलाई से 29 दिसंबर तक और चलती रहेगी। ट्रेन संख्या 01706 अयोध्या धाम जंक्शन–जबलपुर साप्ताहिक (बुधवार) स्पेशल ट्रेन, जो दिनांक 15 जुलाई 2026 तक अधिसूचित थी, अब दिनांक 22 जुलाई से 30 दिसंबर तक और चलती रहेगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240